CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 08°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 5 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 324 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रुपया लगातार गिर रहा, तो देश कैसे विकास कर रहा है : खड़गे पेज 2



एफईआई एशियन घुड़सवारी चैंपियनशिप: आशीष लिमाए ने गोल्ड जीता खेल टाइम्स



फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात सम्पादकीय



अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश, कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला पेज 12


# भारत पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन से गले मिले पीएम मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया, रेड कार्पेट वेलकम दिया
- पहले ही रूस के कई मंत्री पहुंच चुके थे दिल्ली

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरे पर गुरुवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति की पालम हवाई अड्डे पर अगवानी की। पुतिन के सम्मान में हवाई अड्डे पर संगीत और नृत्य के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति पुतिन पीएम मोदी के साथ एक कार में सवार होकर निकल गए। यूक्रेन युद्ध के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है। पुतिन के भारत पहुंचने से पहले रूस के कई मंत्री दिल्ली पहुंच चुके हैं। इनमें डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव, रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और कृषि मंत्री दिमित्री पेट्रोव शामिल हैं। एयरपोर्ट पर पुतिन का स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। भारत दौरे के दूसरे दिन व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद पुतिन राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे।



## विपक्ष के नेता को विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देती मोदी सरकार : राहुल गांधी

- पहले विदेशी मेहमानों से विपक्षी नेताओं को मिलने दिया जाता था

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार में विपक्ष के नेता को विदेशी गणमान्य मेहमानों से मिलने नहीं दिया जाता है।

श्री गांधी ने गुरुवार को यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि पहले जो भी विदेशी मेहमान आते थे, तो उन्हें विपक्ष के नेता से मिलने दिया जाता था। यह परंपरा मोदी सरकार के आने से पहले तक जारी रही है, लेकिन अब नहीं मिलने दिया जाता। उनका कहना था कि विपक्ष के नेता का एक अलग दृष्टिकोण होता है और उसे विदेशी गणमान्य अतिथि से मिलने की इजाजत होनी चाहिए, लेकिन मोदी सरकार और विदेश मंत्रालय इन मानदंडों का पालन नहीं करते हैं।



### पक्के इरादे का दूसरा नाम है भारतीय नौसेना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस पर सभी नौसैनिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। श्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय नौसेना के सभी जवानों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं। हमारी नौसेना असाधारण हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। वे हमारे तटों की रक्षा करते हैं और हमारे समुद्री हितों को बनाए रखते हैं। हाल के सालों में, हमारी नौसेना ने आत्मनिर्भरता व आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया है। इससे हमारा सुरक्षा सिस्टम और मजबूत हुआ है। मैं इस साल की दिवाली कभी नहीं भूल सकता, जो मैंने आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के जवानों के साथ मनाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी विधेयक को संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** तंबाकू तथा तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को गुरुवार को संसद की मंजूरी मिल गई। विधेयक पर करीब साढ़े तीन घंटे की चर्चा और उस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद राज्यसभा ने बिना किसी संशोधन के इसे लोकसभा को लौटने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसे बुधवार को लोकसभा की मंजूरी मिल गई थी। चर्चा के दौरान विपक्ष ने इसे जहां राजस्व वसूली का प्रयास बताते हुए विधेयक की आलोचना की, वहीं सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसे जन स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि दुनिया में 80 देश सिगरेट की कीमतों को निरंतर बढ़ाते रहते हैं, ताकि इसके उपयोग को हतोत्साहित किया जा सके। भारत भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के सिगरेट महंगाई सूचकांक के मानकों के अनुसार इस पर कर एवं शुल्क की दरों में संशोधन करता है।

### राजस्थान में तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस कोल्डवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान में तेजी से सर्दी बढ़ रही है। गुरुवार सुबह सीकर के फतेहपुर में 3.2डिग्री सेल्सियस और बीकानेर के लूणकरणसर में 3.2डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में अन्य जिलों के मुकाबले ज्यादा सर्दी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया है। इधर, पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के ऊंचाई वाली इलाकों में 5 और 7 दिसम्बर को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बर्फबारी-बारिश की संभावना है। हिमाचल के 17 शहरों में मिनिमम टेम्परेचर 5डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। लाहौल स्पीति के ताबो में -9.8डिग्री सेल्सियस, कल्पा में -1.5डिग्री सेल्सियस, कुकुमसेरी में -3.9डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश में भी सर्दी का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और फिर बर्फ पिघलने से प्रदेश में सर्दी और बढ़ेगी। तापमान में 2डिग्री सेल्सियस- 3डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होगी।

# बीएलओ के काम के दबाव को कम करें: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: राज्य व केंद्र सरकार अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति पर विचार करें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) की उस याचिका पर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि समय पर काम न कर पाने पर बीएलओ के खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई न की जाए। टीवीके के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव आयोग के अफसरों के दबाव की वजह से कई बीएलओ की मौत हो चुकी है। यदि बीएलओ टारगेट पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो ईसी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा रही है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध कराएं। टीवीके वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि हमारे पास 35 से 40 बीएलओ की जानकारी है, जिन्होंने एसआईआर के दौरान बहुत ज्यादा काम के दबाव की वजह से आत्महत्या की है। ये सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षक हैं। इन्हें धारा 32 आरओपीए के तहत नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर वे समय सीमा के भीतर काम पूरा नहीं करेंगे, तो उन्हें 2 साल की जेल होगी। उत्तर प्रदेश में बीएलओ के खिलाफ 50 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्हें (चुनाव आयोग) इस पर गर्व है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देखिए, यह कानूनी प्रक्रिया है, तो इसे करना ही होगा। कोई बीमार हो सकता है। मौत के अन्य स्वास्थ्य कारण भी हो सकते हैं। राज्य सरकारें इन कर्मचारियों को तैनात करती हैं। इसलिए हम राज्यों को बता सकते हैं कि जहां भी कर्मचारियों को समस्या हो रही है, उनकी जगह किसी और को नियुक्त किया जा सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त कर्मचारी, एसआईआर सहित, वैधानिक कर्तव्यों को पूरा के लिए चुनाव आयोग के -शेष पृष्ठ दो पर

**SIR में लगे 29 BLO की अब तक हो चुकी है मौत**



# विपक्षी सांसदों का प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन सोनिया गांधी बोलीं- कैसे सांस लें

शाह टाइम्स ब्यूरो




- बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं, मेरे जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है: सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के संकट को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन कर सरकार से इस पर चर्चा कराने की मांग की।

प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, द्रमुक के टीआर बालू, राष्ट्रवादी कांग्रेस की सुप्रिया सुले सहित कई सांसदों ने हिस्सा लिया। सांसद हाथों में बैनर तथा तख्तियां लेकर आए थे और 'मौसम का मजा लें' का बैनर हाथों में था। पीएम मोदी ने कुछ दिनों पहले कहा था 'मौसम का मजा लीजिए।' सांसद नारे लगाते हुए सरकार से संसद में प्रदूषण की समस्या पर चर्चा करने की मांग कर रहे थे। विपक्षी सांसद दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या पर शीतकालीन सत्र में चर्चा कराने की लगातार मांग कर रहे हैं। सदस्यों ने कई बार सदन में भी इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया और इसको लेकर स्थगन प्रस्ताव भी लगातार लोकसभा अध्यक्ष को दे रहे हैं। बाद में श्रीमती गांधी ने कहा कि बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उनके जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि किस मौसम का आनंद लें। बाहर का हाल देखिए। साल दर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। हर साल सिर्फ बयानबाजी होती है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। सरकार को ठोस कार्रवाई करनी होगी और हम सब उनके साथ खड़े हैं। ये कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है कि हम एक-दूसरे पर उंगली उठाएं। श्रीमती गांधी ने प्रदूषण के संकट को लेकर बुधवार को एक अखबार में लेख भी लिखा था, जिसमें खनन की इजाजत देने की सरकार की नीति की आलोचना की गई थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर कई दिन से सक्रिय हैं।

## सालभर में टोल बूथ खत्म होंगे: गडकरी

- संसद में बोले : बैरियर लेस सिस्टम लागू होगा, 10 जगह पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को बताया कि अगले एक साल में हाईवे पर मौजूदा टोल वसूली सिस्टम खत्म हो जाएगा।

उसकी जगह पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक, बैरियर लेस टोल सिस्टम लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए सिस्टम की शुरुआत फिलहाल 10 जगह की जा चुकी है और इसे एक साल के भीतर पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में करीब 4,500 हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है। पहले टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुककर नकद या कार्ड से भुगतान करना पड़ता था।

### रुपया 90.43 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपये में गुरुवार को और गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में सुबह के कारोबार में यह 90.43 रुपये प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक गिर गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 18.50 पैसे गिरकर 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया गुरुवार को 21.50 पैसे की गिरावट में 90.36 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 90.43 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया। रुपया बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट में बंद हुआ था।

## इंडिगो की 400 उड़ानें रद्द, आज भी जारी रहेगी परेशानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने देरी की समस्या से निजात पाने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति से शुरू की गई अपनी पहल के तहत गुरुवार को करीब 400 उड़ानें रद्द कीं।

दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकेले दिल्ली में गुरुवार को उसकी 100 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी करीब 100 उड़ानें रद्द हुई हैं। मुंबई में भी 70 से अधिक उड़ानों के रद्द होने की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि पूरे देश भर में 400 के करीब उड़ानें रद्द की गई हैं। हालांकि कंपनी की तरफ से कोई संख्या नहीं बताई गई है। उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन को प्रभावित नहीं होने दिया है, और घरेलू मार्गों पर उड़ानें रद्द की हैं। शुक्रवार को भी यही स्थिति जारी रहने की संभावना है। इंडिगो ने बुधवार शाम बताया था कि विभिन्न कारणों से उसकी उड़ानों में आ रहे व्यवधान से निजात पाने के लिए शिड्यूल में नियंत्रित बदलाव किए जा रहे हैं, जो अगले 48 घंटे तक (शुक्रवार शाम तक) जारी रहेंगे। इस कारण बुधवार को भी उसकी करीब 100 उड़ानें रद्द रही थीं।




### सुषमा स्वराज के पति पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया। दिल्ली भाजपा ने एक्स पर पोस्ट में उनके निधन की जानकारी दी है। दिल्ली भाजपा ने बताया कि स्वराज कौशल का 73 साल की उम्र में 4 दिसम्बर को निधन हो गया। स्वराज कौशल देश के इतिहास में सबसे कम उम्र में राज्यपाल बनने वाले शख्स थे। 1990 में उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया था।

## भाजपा को 959, कांग्रेस को 313 करोड़ चंदा मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

- टाटा ग्रुप के ट्रस्ट ने 10 पार्टियों को 914 करोड़ दिए
- भाजपा को मिला चंदे का सबसे बड़ा हिस्सा



**नई दिल्ली।** भाजपा को साल 2024-25 में इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये कांग्रेस से करीब तीन गुना राजनीतिक चंदा मिला। चुनाव आयोग (ईसी) की वेबसाइट पर अपलोड रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा को इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये 959 करोड़ रुपये मिले।

कांग्रेस को मिले कुल चंदे 517 करोड़ में से 313 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये हासिल हुए। बीते साल की रिपोर्ट बताती है कि तृणमूल कांग्रेस को कुल 184.5 करोड़ का चंदा मिला, जिसमें 153 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट से आए। कांग्रेस की वार्षिक डोनेशन रिपोर्ट आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जबकि भाजपा की रिपोर्ट अपलोड नहीं हुई है। इलेक्टोरल ट्रस्ट एक रजिस्टर्ड संस्था हैं, जिसके जरिये राजनीतिक चंदे को पारदर्शी तरीके से सियासी दलों तक पहुंचाया जाता है। देश में कंपनियां राजनीतिक दलों को सीधे दान नहीं देती। इसलिए, वे इलेक्टोरल ट्रस्टों के जरिये राजनीतिक दलों तक चंदा पहुंचाती हैं। इलेक्टोरल ट्रस्टों की रिपोर्ट बताती है कि फरवरी 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड खत्म किए जाने के बाद भी भाजपा की फंडिंग कम नहीं हुई। पार्टी को प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट से 757.6 करोड़, न्यू डेमोक्रेटिक ट्रस्ट से 150 करोड़, हार्मनी ट्रस्ट से 30.1 करोड़, ट्रायम्फ ट्रस्ट से 21 करोड़, जन कल्याण ट्रस्ट से 9.5 लाख और आइंजिगार्टिंग ट्रस्ट से 7.75 लाख रु. मिले। 2018-19 में भी टाटा ग्रुप के पीईटी ने 3 दलों को 454 करोड़ रुपये बांटे थे। इनमें से 356 करोड़ रुपये भाजपा को मिले थे।

## तृणमूल कांग्रेस ने विधायक कबीर को किया निलंबित

- भरतपुर विधायक ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का दिया था प्रस्ताव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया। भरतपुर विधायक कबीर ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का प्रस्ताव रखा था, जिस पर उठे राजनीतिक बवाल के बाद यह कार्रवाई की गई है।

बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने संबंधी उनके प्रस्ताव से पूरे पश्चिम बंगाल में विवाद उत्पन्न हो गया था, जिस पर पार्टी के अंदर और बाहर दोनों तरफ से प्रतिक्रियाएं आ रही थीं। विधायक कबीर को पार्टी से निलंबित करने की घोषणा वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता एवं कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने की।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती की छह दिसम्बर को नोएडा में होने वाली रैली रद्द

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने बड़ा दिल दिखाते हुए शनिवार (6 दिसंबर) को नोएडा में होने वाली अपनी विशाल जनसभा को अचानक रद्द कर दिया। यह रैली बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल (नोएडा) पर होनी थी, जिसमें पश्चिमी यूपी, दिल्ली और उत्तराखंड से लाखों कार्यकर्ता पहुंचने वाले थे। पूर्व सीएम मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद ही पोस्ट कर प्रस्तावित रैली रद्द करने का ऐलान कर दिया। उन्होंने रैली रद्द करने की वजह आमजन को होने वाली दिक्कतों को बताया। उन्होंने अपने लंबे पोस्ट में कहा कि मेरे जाने पर वीआईपी सुरक्षा के नाम पर जो भारी-भरकम सरकारी इंतजाम होते हैं, उससे आम लोगों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को खासी दिक्कत होती है, घंटों इंतजार करना पड़ता है, धक्का-मुक्की भी होती है। मेरी वजह मेरे अपने लोगों को तकलीफ हो, यह मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती। इसलिए इस बार मैं खुद नहीं आऊंगी।

### योगी ने भारतीय नौसेना दिवस पर दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय नौसेना के सभी वीर जवानों एवं उनके परिजनों को 'भारतीय नौसेना दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने एक्स पर पोस्ट किए गए अपने संदेश में कहा है कि देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा में दिन-रात तत्पर, अपने अदम्य साहस, शौर्य और निष्ठा से राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले भारतीय नौसेना के सभी वीर जवानों एवं उनके परि. जनों को 'भारतीय नौसेना दिवस' की हार्दिक बधाई दी।

# टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का मुद्दा गूंजा

**नई दिल्ली, वार्ता**



लोकसभा में गुरुवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के मामले में उच्चतम न्यायालय के हाल के फैसले से देश के करीब 25 लाख शिक्षकों के भविष्य अधर में लटकने का मामला उठाया गया।

शिव सेना के धैर्यशील संभाजीराव माने ने शून्यकाल के दौरान कहा कि देश भर के शिक्षकों के प्रश्न को आज बहुत ही गंभीरता से देखने की जरूरत है। कोर्ट के निर्णय पर देश के 25 लाख शिक्षकों का भविष्य निर्भर है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) लागू होने के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा को लागू किया गया जिसमें पहले भर्ती किए गए शिक्षक इस परीक्षा से बाहर थे, लेकिन अब देश भर

**■ लोकसभा में शिव सेना के संभाजीराव ने उठाया**

के सभी शिक्षक जो 53 साल से नीचे के हैं, उनके लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा देना अनिवार्य किया गया है। अगर कोई पात्रता परीक्षा पास नहीं करेगा, तो उसे नौकरी से हटा दिया जाएगा। केंद्र सरकार से आग्रह है कि यह सभी शिक्षक अपनी स्थानिक परीक्षा पास करके भर्ती हुए हैं, तो केंद्र सरकार उनकी तरफ से पार्टी बनकर सुप्रीम कोर्ट में जाए, ताकि शिक्षकों के साथ कोई अन्याय नहीं हो।

### रुपया लगातार गिर रहा, तो देश कैसे विकास कर रहा है: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सरकार बार-बार कहती है कि देश विकास कर रहा है, लेकिन रुपया लगातार कमजोर हो रहा है जो सटीक रूप से देश के आर्थिक हालात को बयां करता है। खड़गे ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि रुपये की कीमत लगातार गिर रही है और इससे साफ है कि देश की आर्थिक स्थिति क्या है। उनका कहना था कि भले ही सरकार बार-बार कहती हो कि देश विकास कर रहा है, लेकिन रुपये का लगातार कमजोर होना संकेत देता है कि आर्थिक स्थिति क्या है।

### कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने राज्यसभा में उठाया रुपये में गिरावट का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद विवेक के तन्खा ने राज्यसभा में रुपये में ऐतिहासिक गिरावट का मुद्दा उठाते हुए गुरुवार को कहा कि यह आम लोगों, कंपनियों और निर्यातकों तथा आयातकों को एक समान प्रभावित कर रहा है। उन्होंने शून्यकाल में कहा कि पिछले पांच साल में रुपया 20-27 प्रतिशत टूट चुका है। इसका मतलब यह हुआ कि अब लोगों की खरीदने की क्षमता 25 प्रतिशत कम हो चुकी है। इसी साल रुपये में पांच प्रतिशत की गिरावट रही है, जो साल 2022 के बाद सबसे अधिक है और यह एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है।

# यूपी में 60 वर्ष से अधिक आयु वालों को वृद्धावस्था पेंशन मिलने का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाज कल्याण विभाग अब राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी- 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वत: करेगा। इससे पात्र वृद्धजन को बिना आवेदन किए ही पेंशन समय से उनके बैंक खाते में प्राप्त हो सकेगी। इस बाबत अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल. वेंकटेश्वर लू ने सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश जारी

**■ नहीं करना होगा आवेदन, लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वत: होगी**

करते हुए कहा है कि इस नई व्यवस्था को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए, ताकि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक पेंशन से वंचित न रहे। नए सिस्टम के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को पेंशन के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फैमिली आईडी में उपलब्ध आयु और परिवार की जानकारी के आधार पर लाभार्थियों का स्वतः चयन होगा। इसके अलावा जो व्यक्ति अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूर्ण करने वाले हैं, उनके नाम भी सिस्टम में जोड़ लिए जाएंगे। लाभार्थी की सहमति एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर डीबीटी के जरिए समय पर पेंशन भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली का पायलट परीक्षण अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती में शुरू किया जाएगा। इसके सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। सभी जिलों को 30 दिनों के भीतर विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में लगभग 67.50 लाख वरिष्ठ नागरिक इस योजना के लाभार्थी हैं।

# यूपी पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस: अजय राय

**लखनऊ, वार्ता**



कांग्रेस ने यूपी में पंचायत चुनाव 2026 अकेले लड़ने का फैसला किया है। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है इस फैसले से समाजावादी पार्टी के साथ उसकी दोस्ती नहीं टूटेगी। सूत्र ने महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि जिस तरह से वहां महायुति के तीनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं, वह यहां भी हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस आगामी पंचायत चुनाव इसलिए अकेले लड़ने जा रही है, क्योंकि वर्ष 2027 के चुनाव में उसे अपनी जमीन अभी से तैयार करनी है। पार्टी का मानना है कि वह जब वर्ष 2026 का पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी, तभी उसके जनाधार के साथ-साथ संगठन की मजबूती पर भी काम होगा। कांग्रेस की को. शिश है कि 75 जिला पंचायतों समेत सभी नगर पंचायतों में अकेले चुनाव लड़कर वह विधानसभा की भी तैयारी करे। जो

**■ अच्छा प्रदर्शन करने वालों को मिलेगा विस टिकट**

प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, पार्टी उन्हें वर्ष 2027 के चुनाव में टिकट दे सकती है। इस संबंध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी यूपी पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी और इसी पंचायत चुनाव परिणाम के आधार पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को आगामी 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में टिकट प्रदान किया जाएगा। सपा के साथ गठबंधन वाले सवाल पर अजय राय ने स्पष्ट किया किया कि यह राष्ट्रीय नेतृत्व का काम है। हम प्रदेश के 403 विधानसभा सीट पर संगठन सृजन का कार्य कर रहे हैं।

## पंच प्रण पर ध्यान देना देश के हर व्यक्ति का कर्तव्य: योगी

# आत्मनिर्भर व विकसित होगा 47 का भारत

**गोरखपुर, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आत्मनिर्भर व विकसित भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताते हुए कहा कि भारत विक. सित तब हो सकता है, जब हर व्यक्ति पंच प्रण पर ध्यान दे।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान देशवा. सियों के सामने लक्ष्य रखा कि 2047 में देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हमें आत्मनिर्भर, विकसित भारत चाहिए। जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का



**हमें ऐसा भारत चाहिए, जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा हो**

निर्वहन कर रहा हो। वहां जाति, भाषा, क्षेत्र का विवाद और अभाव न हो। कोई नागरिक आपदा का शिकार न हो। एसडीआरएफ के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने सीएम योगी की मौजूदगी में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताया और कहा कि यह हर नागरिक पर समान रूप में लागू होते हैं।

**पहला प्रण:** हर भारतवासी को पूर्वजों, संस्कृति, महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। महाराणा प्रताप, गुरु गो. विंद सिंह महाराज, छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह उसी परंपरा के नायक हैं, जिसे हर भारतवासी विरासत कहता है। **दूसरा प्रण:** सीएम ने कहा कि बीच के कालखंड में हर देशवासी भूल गया कि जब दुनिया अंधकार में थी, तब भारत बड़ी ताकत था। देश जब आजाद हुआ, तब दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का हिस्सा महज डेढ़ फीसदी रह गया था। अब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। **तीसरा प्रण:** सैन्य बलों का सम्मान सैनिक, यूनिफॉर्म धारी फोर्स (सेना, अर्धसेना, पुलिस बल) का सम्मान करना है। **चौथे प्रण** की चर्चा कर सीएम योगी ने कहा कि सिामाजिक विद्वेष की खाई को चौड़ा होने से रोकना होगा। हमारी पहचान राष्ट्रीयता के आधार पर होनी चाहिए। **पांचवें प्रण** के रूप में नागरिकों कर्तव्यों का निर्वहन का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि दूसरों के ऊपर कानून लागू होगा और हमारे ऊपर नहीं होगा। यही प्रवृत्ति ही सारी समस्याओं की जड़ है

### संस्कृति समाप्त होने पर पहचान को खो देता है राष्ट्र

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर कहा कि जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं। राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवा. जी, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं। योगी ने कहा कि संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग-अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी। जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है। पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं।



सेंसेक्स 85265.32
निफ्टी 26033.75



सोना रु. 129867
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 179919
प्रति किलो



# लिवाली से सूचकांकों में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

डॉलर के मुकाबले रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भी बिकवाली हावी रही, हालांकि दिग्गज कंपनियों में तेजी से प्रमुख सूचकांक चार दिन बाद बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 158.51 अंक (0.19 प्रतिशत) चढ़कर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 47.75 अंक यानी 0.18 फीसदी की बढ़त में 26,033.75 अंक पर बंद हुआ। हालांकि ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में गिरावट जारी रही। निफ्टी मिडकैप-100 सूचकांक 0.03 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.24 प्रतिशत लुढ़क गया। रुपया आज



सुबह के कारोबार में 90.43 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक टूट गया, जिससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई। हालांकि बाद में सार्वजनिक तथा निजी बैंकों के माध्यम से रिजर्व बैंक के डॉलर बेचने से रुपये ने वापसी की। आईटी में सबसे अधिक तेजी रही। ऑटो, एफएमसीजी, रियलिटी और फार्मा सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे। मीडिया, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,212 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ जिनमें 1,740 में गिरावट और 1,380 में तेजी रही, जबकि 92 कंपनियों के शेयर गत दिवस के स्तर पर ही बंद रहे। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। टीसीएस का शेयर 1. 54 फीसदी चढ़ा। टेक महिंद्रा में 1. 28 प्रतिशत और इंफोसिस में 1.24 प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल, भारती एयरटेल, सनफार्मा, बीईएल, ट्रेंट, आईटीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में रहे। इटरनल में 0.69 प्रतिशत की गिरावट रही। मारुति सुजुकी का शेयर 0.54 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.33 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.68 प्रतिशत की तेजी में रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.06 फीसदी टूट गया।

# सोना का भाव नीचे गिरा चांदी भी हुई सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 800 रुपये से ज्यादा गिरावट आई, जबकि चांदी की कीमत 3,000 रुपये से ज्यादा गिर गई।

सोना आज 1,30,799 रुपये पर खुला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसमें गिरावट आई और 12.26 बजे यह 595 रुपये यानी 0.46 फीसदी गिरावट के साथ 1,29,867 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आई है। चांदी भी आज 1,82,621 पर खुली, लेकिन दोपहर बाद 12.26 बजे यह 2,433 रुपये यानी 1. 33 फीसदी की गिरावट के साथ 1,79,919 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। मजबूत वैश्विक रुझानों और रुपये में भारी गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश मांग के लिए समर्थन मिलने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 670 रुपये चढ़कर 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

कारोबारियों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से सर्राफा कीमतों में तेजी आई है। हालांकि चांदी ने छह दिन की बढ़त का सिलसिला तोड़ दिया और इसकी कीमत 460 रुपये की गिरावट के साथ 1,80,900 रुपये प्रति किला. ग्राम रह गई।

# चावल-गेहूं, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी में भी तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये बढ़कर 3,860.39 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,848.55 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटा चार रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल 30 रुपये और चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल 16 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 47 रिंगिट फिसलकर 4,106 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 प्रतिशत चढ़कर 51.69 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 39 रुपये और सूरजमुखी तेल 18 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति 15



रुपये और पाम ऑयल 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सरसों तेल की कीमत भी दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वहीं सोया तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7857.23 रुपये, मसूर काली 8167. 57 रुपये, मूंग दाल 10101.75 रुपये, उड़द दाल 10385.59 रुपये, तुअर दाल 10584.88 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.55 रुपये और चावल 3860.39 रुपये प्रति क्विंटल।

# यूपी में बेरोजगारी दर 19 से घटकर 2.4 प्रतिशत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि पिछले आठ वर्षों में दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों की बदौलत राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई पहचान मिली है। प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं और युवाओं को प्रशिक्षण और उद्योगों के लिए प्रोत्साहन मिला है। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। इन सबके साथ सामाजिक स्थिरता और ग्रामीण जीवन में सुधार की स्पष्ट झलक भी देखने को मिल रही है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व के कारण संभव हो रहा है। सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बेरोजगारी दर में आई भारी गिरावट है। जहां एक समय प्रदेश की बेरा. जगारी दर 19 प्रतिशत जैसे भारी- भरकम स्तर तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है, बल्कि नीति आधारित विकास मॉडल की सफलता को दर्शाने का काम कर रही है। सरकार द्वारा बनाई गई रोजगार नीतियों, निवेश आकर्षित करने वाले उपायों और कौशल विकास कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश में महसूस किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बीएलओ के...** अधीन हैं। अगर उन्हें कोई समस्या आ रही है, तो राज्य सरकार उनकी कठिनाई को दूर कर सकती है, जिसके लिए 3 निर्देश जारी किए गए, निर्देशों के अनुसार राज्य अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करे ताकि काम के घंटे कम किए जा सकें। जहां किसी व्यक्ति के पास ड्यूटी से छूट मांगने के लिए कोई खास कारण हो, राज्य सरकार ऐसी अपील पर विचार करेगी और उनकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त करेगी। अगर कर्मचारियों के किसी दिक्कत का समाधान नहीं हो पाता है, तो पीड़ित व्यक्ति कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में 2 दिसम्बर को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और अन्य राज्यों में वोटर्स लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई थी। राज्यों सरकारों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को सलाह दी थी कि वह केरल में स्थानीय निकाय चुनावों की चल रही तैयारियों को देखते हुए एसआईआर फार्म जमा करने की समय सीमा को और बढ़ा दे। बेंच ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों के पास भरे हुए फार्म अपलोड करने के लिए पर्याप्त समय होना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि इसे और आगे बढ़ाया जाए, ताकि जो लोग इससे वंचित रह गए हैं, उन्हें भी मौका मिल सके। चुनाव आयोग ने 30 नवम्बर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसम्बर तक चलेगा। पहले 4 दिसम्बर की समय सीमा थी। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसम्बर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसम्बर को जारी किया जाएगा।

# लखनऊ विवि की बड़ी खोज: पान के पत्ते में मिला अल्जाइमर के उपचार का सुराग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** धार्मिक/ सांस्कृतिक व स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण पान के पत्ते ने अब अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज की नई उम्मीद जगाई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की बायोजेरोन्टोलॉजी और न्यूरो बायोलॉजी प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों की एक टीम ने पान के पत्ते में पाए जाने वाले एक विशेष प्राकृतिक तत्व हाइड्रॉक्सीचाविकोल को दवा के रूप में इस्तेमाल किए जाने की संभावनाओं का पता लगाया है।

अल्जाइमर रोग को दुनियाभर में डिमेंशिया का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। इस बीमारी में धीरे-धीरे याददाश्त और सोचने- समझने की क्षमता कम होती जाती है। अभी तक इस रोग का पूरा इलाज मौजूद नहीं है

**■ अल्जाइमर से सोचने व समझने की शक्ति घटती है**

और जो दवाएं मिलती हैं वे सीमित राहत ही दे पाती हैं। इसी कारण वैज्ञानिक लगातार नई दवाओं की तलाश में जुटे हैं। गुरुवार को शोध का नेतृत्व कर रहे डा. नितीश राय ने बताया कि शोध के दौरान कम्प्यूटर आधारित तकनीकों से यह देखा गया कि हाइड्रॉक्सीचाविकोल शरीर के उन प्रोटीनों पर कैसे असर डालता है, जो अल्जाइमर से जुड़े होते हैं। उन्होंने बताया कि शोध के दौरान ऐसे 88 जीनों की पहचान की गई, जो इस तत्व और बीमारी दोनों से जुड़े पाए गए। इनमें से सीओएमटी, एचएसपी 90एए1 और जीएपीडीएच नाम के तीन प्रोटीन सबसे अहम साबित हुए। ये प्रोटीन दिमाग में संदेश पहुंचाने और मस्तिष्क को. शिकाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध से यह भी पता चला कि यह तत्व इन प्रोटीनों से अच्छी तरह जुड़ता है और बीमारी से जुड़े कई कारणों पर एक साथ असर डाल सकता है। इसमें दवा जैसे गुण पाए गए हैं और यह शरीर में आसानी से अवशोषित हो सकता है। इसलिए भविष्य में इसे मौखिक दवा यानी गोली के रूप में विकसित किया जा सकता है। डा. नितीश राय के मुताबिक यह खोज अभी शुरुआती चरण में है और इसे आगे प्रयोगशाला व मरीजों पर परीक्षणों के बाद ही उपयोग में लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पान के पत्ते में पाया जाने वाला यह तत्व सस्ता, सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध हो सकता है, इसलिए इसे एक बेहतर विकल्प के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

खून की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ड्यूटी के दौरान संविदा सफाई कर्मचारी की मौत पर हंगामा

## अस्पताल पर धरना व अहिल्याबाई चौक पर शव रखकर लगाया जाम, जगह-जगह डाला कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ड्यूटी के दौरान कूडा उठाते समय अचानक बेहोश होने के बाद सफाई कर्मचारी की हुई मौत पर पालिका सफाई कर्मचारियों व वाल्मीकि समाज में भारी आक्रोश फैल गया। अस्पताल के गेट व अहिल्याबाई चौक पर मृतक सफाईकर्मी का शव रखकर परिजन व सफाईकर्मियों ने पालिका अधिकारियों के खिलाफ कडी नाराजगी जताई और उस समय भी लोगों मे भारी आक्रोश फैल गया जब कोई भी अधिकारी समय से मौके पर नहीं पहुंचा। मृतक के परिजन व भीड का कहना था कि सफाईकर्मी की ड्यूटी के दौरान मौत हुई है और मृतक के परिजनों को अर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दी जाए। मौके पर पहुंचे संबंधित विभाग के अधिकारी के समझाने पर कई घंटे बाद मामला शांत हुआ। इससे पहले चारो ओर वाहनों का आवगमन पूरी तरह जाम हो गया था पैदल चलने वाले भी गलियों से निकल अपने गंतव्य की और पहुंचे।





नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी स्थित के निवासी 40 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र रमेश नगर पालिका में संविदा सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्त था। रोजाना की तरह गुरूवार की सवेरे सात बजे अशोक कुमार अपनी ड्यूटी पर पहुंचा था वह पालिका की गाडी के साथ कूडा उठाने का काम करता था। इस समय पालिका की गाडी कोर्ट रोड पर कूडा उठाते हुए जब फायर बिग्रेड पर पहुंची तो कूडा उठाते समय अचानक ही किसी धुंए के निकलने के कारण कर्मचारी अशोक बेहोश हो गया। कुछ देर में ही उसकी हालत गंभीर हो गई। पालिका कर्मचारियों ने तुरंत ही उसको जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया। कुछ ही देर में यह खबर मृतक के परिजनों में पहुंची तो जहां पीडित परिवार में कोहराम मच गया, वहीं वाल्मीकि समाज के लोग व पालिका के कर्मचारी जिला अस्पताल पहुंच गए। कुछ लोगों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग शुरू कर दी। इस दौरान लोगों में इस बात को लेकर गुस्सा था कि कर्मचारी कोई भी बचाव के लिए कोई भी वस्तु उपलब्ध नहीं कराई गई।

धीरे-धीरे भीड की संख्या बढ़ती गई और उन्होने संबंधित विभाग पर गंभीर आरोप लगाने शुरू कर दिए। लोगों का कहना था कि मृतक अपने परिवार का इकलौता पालन पोषण करता था उसकी पन्द्रह वर्षीय बेटी अंजली और कक्षा छह में पढ़ने वाला बारह वर्षीय बेटा हनी है। अस्पताल परिसर स्थित चौकी में भी महिलाओं व लोगों का कई घंटे तक हंगामा चलता रहा। और लोगों ने पहले अस्पताल के गेट पर जाम लगाया तो उसके बाद अहिल्याबाई चौक अशोक का शव रख कर जाम लगा दिया।

कई घंटे तक परिजन व भीड शव के पास चौराहे पर बैठे रहे और सफाईकर्मियों ने अस्पताल के गेट के बाहर से लेकर अहिल्याबाई चौक तक कई स्थानों पर कूडे के बड़े-बड़े ढेर लगा दिए। महिलाएं व बच्चे आर्थिक सहायता व नौकरी की मांग करते रहे इस दौरान अस्पताल चौराहा और शिव मूर्ति पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था।

### बोर्ड से चार लाख के मुआवजे का आश्वासन, चेयरपर्सन ने दी एक लाख रुपये की सहायता राशि

**मुजफ्फरनगर।** अहिल्याबाई चौक पर शव रखकर हंगामा कर रहे वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ परिजनों के बीच कई घंटे बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों के इस आश्वासन पर कि मृतक के परिजनों को बोर्ड बैठक के बाद प्रस्ताव पास होने पर चार लाख रूपये दिए जाएगे और कम्पनी की तरफ से पीएफ भी दिया जाएगा। उधर चेयरमैन ने मौके पर ही एक लाख रूपये भेजे है जिसके बाद लोग शांत हुए और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। इस दौरान शहर कोतवाली बबलू सिंह और सिविल लाइन थाने का फोर्स मौजूद रहा जो समय-समय पर आक्रोशित भीड को समझाने का प्रयास करते रहे।

# विजय हिन्दुस्तानी ने बेड़ियां पहनकर ली जल समाधि

## परिक्रमा मार्ग की दुर्दशा पर आजाद भारत के गुलाम का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले के परिक्रमा मार्ग की सड़कों की बदहाली और जल भराव की समस्या को लेकर विजय हिंदुस्तानी नामक नागरिक ने मंगलवार को जल समाधि लेने की घोषणा कर दी थी। विजय हिंदुस्तानी ने सड़क के खराब हालात को लेकर गहरी चिंता जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी। हालांकि, मंत्री कपिल देव और नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के हस्तक्षेप के बाद उनका धरना समाप्त हुआ और सड़कों की मरम्मत के लिए जल्द काम शुरू करने का आश्वासन दिया गया। विजय हिंदुस्तानी का कहना था कि जब तक सड़कों की स्थिति सुधारी नहीं जाती, तब तक वह जल समाधि लेंगे।

उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया, ष्यहां के लोग वर्षों से जलभराव और गंदगी से जूझ रहे हैं। जब तक प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाता, हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे। मंत्री कपिल देव ने परिक्रमा मार्ग का दौरा किया और विजय हिंदुस्तानी से मुलाकात की। उन्होंने कहा यह समस्या सचमुच गंभीर है और कई महीनों से इसके समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन यह एक बड़ी समस्या है, और इसका समाधान करने में थोड़ा समय लगेगा। हम डीएम के साथ मिलकर इसकी जल्द से जल्द सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री कपिल देव ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए नगर पालिका द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और जल निगम तथा नगरपालिका के अधिकारियों के साथ बैठकें की गई हैं।



### सड़क निर्माण को लेकर मंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सर्कुलर रोड से श्री राम कॉलेज तक जाने वाले मार्ग के लंबे समय से अटके निर्माण कार्य को लेकर को प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सख्त रुख अपनाया। भाजपा वरिष्ठ नेता गौरव स्वरूप के साथ गांधीनगर स्थित अपने आवास पर उन्होंने जल निगम एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को तलब कर निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की देरी अब बर्दाश्त नहीं की जएगी। बैठक से पूर्व मंत्री कपिल देव स्वयं स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। रेलवे फाटक के पास खुदी पड़ी सड़क और जलभराव की स्थिति पर उन्होंने गहरी

नाराजगी जताई। उन्होंने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर सीजीएम रेलवे सहित उच्चाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फाटक से जुड़े सभी अवरोध तत्काल दूर किए जाएं, ताकि सड़क निर्माण में बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान जल निगम और नगर पालिका परिषद के अधिकारियों पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ते हुए मंत्री कपिल देव ने निर्देशित किया कि सबसे पहले जलनिकासी की स्थायी एवं वैज्ञानिक व्यवस्था तैयार की जाए। इसके बाद तेज गति से सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाए, ताकि भविष्य में दिक्कतें न हों। उन्होंने कहा कि यह सड़क मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी दयनीय स्थिति से क्षेत्रवासी परेशान हैं। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जिलाधिकारी को भी दूरभाष पर निर्देशित किया। उन्होने कहा कि इस मामले में लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

# डीएम ने परीक्षा कॉपियों का लिया जायजा

**मुज़फ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से छह दिसम्बर को होने वाली सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए 23 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। प्रथम पाली के लिए पन्द्रह और दूसरी पाली के लिए आठ केन्द्र शामिल है। पहली पाली में लगभग सात हजार और दूसरी पाली के लिए करीब 2700 से अधिक अभ्यर्थी भाग लेगे। इस के लिए प्रशासन और शिक्षा विभाग पूरी तरह भागदौड कर रहा है।

गुरूवार को जिला मुख्यालय पर इस परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिका पहुंची। इसमें गंभीर बात यह है कि उत्तर पुस्तिकाएं एक बड़े कंटेनर में आई और कचहरी परिसर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंची, लेकिन कोषागार में इन कॉपियों के सुरक्षित रखने की व्यवस्था के लिए कंटेनर ले जाने में जगह छोटी होने के कारण समस्यां हुई। इसमें नगर पालिका परिषद की कूडा डालने की गाडी मंगाई गई और उत्तर पुस्तिकाओं को कंटेनर से उतरकर कूडा गाडी में कोषागार तक पहुंचाया गया। इस मामले की वीडियो कुछ ही देर में वायरल हुई और यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा जहा जिलाधिकारी उमेश मिश्रा मौके पर पहुंचे और उत्तर पुस्तिका की सुरक्षा का जायजा लिया।



# एसआईआर अभियान की गति को डीएम ने ली सभासदों की बैठक

■ **चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप से भी मांगा सहयोग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर उमेश मिश्रा ने जिलेभर में चल रहे निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की गति के लिए नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप व सभासदों के साथ बैठक में सहयोग मांगा। उन्होने इस अभियान की समीक्षा भी की।

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यो गति लाने हेतु के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं सभासदों तथा अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार के साथ विकास भवन के सभागार में बैठक हुई आयोजित।

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला अधिकारी ने सभी सभासदों से कहा कि निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है,जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं के गणना प्रपत्र फार्म भरवाए जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र फार्म घर-घर जाकर फॉर्म भरवाए जा रहे हैं।

उन्होने कहा कि आप सभी सभासद जन अपने अपने शहर क्षेत्रों के बीएलओ से समन्वय स्थापित कर गणना प्रपत्र एसआईआर फार्म भरवाए जाने में सहयोग कराएं, जिससे सही तरीके से गणना प्रपत्र फॉर्म भरने का कार्य पूर्ण हो सके, और मतदाता सूची त्रुटि रहित तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि आप प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें, जिससे मतदाता सूची स्वच्छ एवं निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से तैयार हो सके। उन्होने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं को भी जागरूकता के साथ इस अभियान में जोडा जाए। इस दौरान मीनाक्षी स्वरूप, एडीएम गजेंद्र कुमार, सभासद आदि मौजूद रहे।

### सभापति और उसके बेटे पर गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर।** बहु उद्देश्य प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पिनना के सचिव राजबीर राणा ने कोतवाली में तहरीर देकर एक मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होने कहा कि तीन दिसम्बर को वह किसान सेवा सहकारी समिति पिनना पर अपना कार्य कर रहे थे और किसी कारण से सभापति का वह फोन नहीं उठा सके। उन्होने कहा कि समिति लिपिक मोहित कुमार के मोबाइल नम्बर पर कोल आई इसी से खफा होकर सभापति के बेटे ने उन्हे धमकी दी। यह भी आरोप लगाया कि कुछ देर बाद ही सभापति और उनके बेटे ने यहां पहुंचकर उनके साथ मारपीट व गाली गलौच की। यह भी आरोप है कि उनके साथ डण्डों से मारपीट की गई। यह भी आरोप लगाया गया कि हमले में उनके पैरों में चोटे आई है।

### एकता और संवेदनशीलता की मिसाल बनी टीसीकेटी

# पीड़ित परिवार को दी 50 लाख की आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सदर ब्लॉक के गांव शेरपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका किशवर खातून के आकस्मिक निधन के बाद टीचर्स सेल्फ केयर टीम एक बार फिर मानवता और सेवा का अद्भुत उदाहरण बनी है। प्रदेश के चार लाख से अधिक शिक्षकों व कर्मचारियों ने मात्र 15-15 रुपए के सहयोग से शिक्षिका के परिवार के नॉमिनी के बैंक खाते में 50 लाख रुपए की सीधी आर्थिक मदद भेजकर दुख की इस घड़ी में परिवार को सहारा दिया।

नवंबर 2024 में हुए दुखद निधन के बाद उनके पति इरफान अहमद, दो बेटियों और एक बेटे पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। परिवार पूरी तरह उन पर ही निर्भर था। किशवर खातून स्वयं टीचर्स सेल्फ केयर टीम की सक्रिय सदस्य थीं और कई परिवारों की मदद में सदैव आगे रहती थीं। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के प्रदेश संगठन मंत्री एवं कोर टीम सदस्य डॉ. फर्रुख हसन ने बताया कि इस टीम की स्थापना जुलाई 2020 में विवेकानंद द्वारा की गई थी। आज इस परिवार से उत्तर प्रदेश के चार लाख से अधिक शिक्षक और कर्मचारी जुड़े हैं, जो किसी भी दिवंगत साथी के परिवार को सीधे खाते में आर्थिक सहायता भेजते हैं। उन्होंने बताया कि केवल इस महीने प्रदेश के 20 दिवंगत शिक्षक परिवारों को लगभग 10 करोड़ रुपए की सहायता सीधे उनके खातों में पहुंचाई गई है। प्रत्येक सदस्य द्वारा 15 रुपए भेजने से एक परिवार को लगभग 50 लाख रुपए की बड़ी सहायता मिलती है। स्थापना के बाद पांच वर्षों में अब तक 436 शिक्षक परिवारों को 218 करोड़ रुपए से अधिक की मदद दी जा चुकी है, जो देश के इतिहास में किसी संस्था द्वारा अपने सदस्यों से जुटाई गई सबसे बड़ी सहायता मानी जा रही है। पिछले छह महीनों में भी 6 पीड़ित परिवारों को 3 करोड़ रुपए से अधिक की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम की पहल अब दिल्ली और हरियाणा में भी शुरू हो चुकी है, जबकि उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में जल्द शुरू होने जा रही है। दिवंगत शिक्षिका के पति इरफान अहमद ने प्रदेश के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग न केवल आर्थिक सहारा है, बल्कि हमारे टूटे हुए मन को संबल देने वाली बड़ी ताकत है।



मुजफ्फरनगर: दिव्यंगत शिक्षिका के परिजनों को सहायता राशि का पत्र सौंपते टीचर।

### बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड पर तेज गति से आई बस ने बाइक सवार मिल कर्मचारी को घायल कर दिया। अस्पताल में डॉक्टरो ने उसको मृतक घोषित करदिया। पुलिस की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव चंदसिना निवासी 50 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र मदन कुमार भोपा रोड स्थित एक पेपर मिल की वर्कशॉप में काम करता था। ड्यूटी के दौरान आज सवेरे करीब नौ बजे वह बाइक पर अपने गांव की और चला। जैसे ही वह अपने पेपर मिल से कुछ दूरी पहुंचा तो अचानक तेज गति से आई बस ने उसको रौंद डाला। मृतक के दो बेटा व दो बेटी है और इस घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

# महिला थानाध्यक्ष की फुर्ती ने इरम को बचाया

## नहीं तो उज्जवल-अनस की तरह मौत के मुंह में समाती

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कुल 25 दिनों में आत्मदाह के प्रयास के तीन अलग अलग मामले कोतवाली क्षेत्र में होना इस बात को दर्शा रहा है कि कहीं फिर से बुढ़ाना कोतवाली में अपशगुन का कोई साया तो नहीं मंडरा रहा। इनमें दो युवक तो मृत्यू को प्राप्त हो गये जबकि बुढ़ाना महिला थाने की प्रभारी सुमन शर्मा के सफल प्रयास से आत्मदाह का प्रयास करने वाली इरम बच गयी हालांकि उसने किसी के उकसावे में आकर अपने उपर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा भी ली थी लेकिन महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा ने पहुंचकर बड़े ही फुर्तीले अंदाज में पुलिस पर लगने वाले दाग को बचा लिया। आखिर पीड़ित पक्ष के द्वारा ऐसा क्यों किया जा रहा है क्योंकि इन तीनों घटना में तीनों पीडित ही हैं। जिनकी पीड़ा पुलिस विभाग से ही संबंधित है। आखिर इस तरह का मामला क्यों बन रहा है कि लोग आत्महत्या करने को मजबूर दिखाई पड़ रहे हैं। इससे पहले बुढ़ाना कोतवाली की हवालात काफी सालों पूर्व कई वर्षो तक बदनाम रही। कोतवाली की हवालात में तीन मौतें हुई। अनिल बालियान, महीपाल जाटव और पदम जाटव के अलावा एक जंगी नाम का ग्रामीण जो पुलिस की लापरवाही से दबिश के दौरान छत से कूदकर गंभीर रुप से घायल होकर मर गया था। जिसमें तत्कालीन कोतवाल जगदीश सिंह का जबरदस्त विरोध हुआ था। इससे पहले अनिल बालियान कांड में तत्कालीन कोतवाल लाल सिंह वर्मा और पदम व महिपाल कांड में तत्कालीन कोतवाल आदेश शर्मा सहित कई पुलिसकर्मी जेल गये थे। चारों मृतक पुलिस की नजरों में अपराधी थे। अनिल बालियान कोर्ट का रिलीज आर्डर लेकर अपनी जिप्सी छुड़ाने बुढ़ाना कोतवाली में आया था लेकिन पुलिस ने उसको अवैध हिरासत में रखकर जबरदस्त टार्चर किया था क्योंकि वह किसी मामले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र से जेल गया था और उसकी जिप्सी पुलिस द्वारा सीज कर दी गयी थी। पदम महीपाल पर सट्टे की खाइबाडी करने का आरोप लगा था। उनके खाने में किसी ने जहर मिला दिया था। जिसमें हवालात में ही उनकी हालत बिगड गयी थी और मर गये थे। इन सभी घटनाओं को देखते हुए बुढ़ाना कोतवाली में यज्ञ हवन कराया आता था और हवालात दूसरी बनवाई गयी थी। अब फिर से इस तरह की 3 घटनाएं पुलिस का मनोबल कहीं ना कहीं तोड़ रही है। इसके लिए अब चिंतन बहुत ही जरुरी हो गया है क्योंकि कोई भी पुलिस से जायज या नाजायज कार्य करवाने के लिए सीधे आत्मदाह की धमकी दे रहा है और पुलिस पूर्व की कई घटनाओं को लेकर भी खूब चिंतित दिखाई पड़ रही है।

# मदनी का पुतला फूंकने को लेकर पुलिस से भिड़े शिव सैनिक

■ **मदनी के खिलाफ नारेबाजी करते रहे शिव सैनिक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मौलाना महमूद मदनी के बयान से नाराज शिव सैनिकों ने नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंकने का प्रयास किया जिसके चलते पुलिस व शिव सैनिकों के बीच खूब छिना झपटी हुई। प्रदर्शनकारी शिव सैनिक मौलाना महमूद मदनी के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

गुरूवार को अहिल्याबाई चौक पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब यहां शिव सेना कार्यकर्ता शिव सेना के युवा जिलाध्यक्ष शैंकी के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए जमीयत से जुडे मौलाना महमूद मदनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से पुतला छिन लिया जिसे लेकर शिव सैनिक व पुलिस के बीच तीखी झड़पे भी हुई। युवा जिलाध्यक्ष शैंकी शर्मा ने आरोप लगाया कि मौलाना महमूद मदनी जेहाद को प्रोत्साहित करने वाले भाषण देते रहे है जिससे समाज में तनाव फैलता है।

उन्होने कहा कि मदनी का यह बयान कि देशभर में बिहार जैसा हाल होगा किसी भी कीमत पर स्वीकारीय नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में जेहादी विचारधारा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगी। इस दौरान मौके पर पहुंचे सिविल लाइन पुलिस ने शिव सैनिकों ने मौलाना मदनी का पुतला जब्त कर लिया।



# खतौली विधानसभा में एसआईआर अभियान रफ्तार पर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सोशल इंडेक्स रजिस्ट्रेशन एस आई आर अभियान खतौली विधानसभा में अंतिम चरण में पहुंच गया है। प्रशासनिक टीमवर्क और बूथ स्तर तक की प्रभावी निगरानी के चलते 320 में से 90 प्रतिशत बूथों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष बूथों पर भी तेजी से कार्य जारी है। मात्र 12इ13 बूथ ऐसे हैं, जहां 75 प्रतिशत से कम कार्य हुआ है, जिन्हें जल्द ही पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तहसील परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में उप-जिलाधिक. ारी निकिता शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 21 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 100: कार्य पूरा करने वाले 21 बीएलओ को विशेष रूप से सराहा गया। एसडीएम ने कहा कि ह्टीम भावना, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई के कारण खतौली विधानसभा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

बीएलओ, ग्राम प्रधान और राशन डीलर बने सफलता की रीढ़

ैप्ट अभियान में बीएलओ ने घर-घर जाकर लोगों को फॉर्म संबंधी जानकारी दी और आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए। ग्राम प्रधानों और राशन डीलरों ने परिवार-वार डेटा उपलब्ध कराकर कार्य को गति दी। ग्रामीणों ने भी दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराए, जिससे डेटा सत्यापन सरलता से पूरा हो गया।

जोलन मजिस्ट्रेट ने की प्रगति की सराहना

अभियान का निरीक्षण करने पहुंचीं जोलन मजिस्ट्रेट अपराजिता ने खतौली की प्रगति को जिले के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बताया। उन्होंने बीएलओ से संवाद कर शेष कार्य भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसडीएम निकिता शर्मा ने बताया कि शुरुआती चरण में मोबाइल फीडिंग के दौरान तकनीकी दिक्कतें आई थीं, लेकिन समय रहते सुधार कर दिया गया। अब फील्ड में किसी भी बीएलओ को कोई परेशानी नहीं हो रही है।



90: से अधिक एस आई आर कार्य पूरा

खतौली क्षेत्र में करीब 90 प्रतिशत से अधिक एस आई आर फॉर्म भरने का कार्य पूरा हो चुका है। प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जाए।अधिकारियों ने बीएलओ टीम के साहस, मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि खतौली ने सामुदायिक सहयोग और प्रशासनिक प्रयासों की बदौलत अभियान को जिले में एक मिसाल के रूप में स्थापित किया है।

# 5 प्रतिशत वक्फ संपत्तियों का हुआ रजिस्ट्रेशन

**बुढ़ाना।** समाजसेवी तोसीफ राही और राशिद मलिक के अनुसार वक़्फ़ उम्मीद पोर्टल पर आज अंतिम तिथि है और अब तक केवल लगभग 25 प्रतिशत वक़्फ़ संपत्तियों का ही रजिस्ट्रेशन हो पाया है। वे और बुढ़ाना जामा मस्जिद की टीम और कई धार्मिक संगठन पिछले एक महीने से दिन रात इस कार्य में लगे हुए हैं। यदि सरकार द्वारा समय बढ़ाया जाता है तो क्षेत्र के सभी लोगों से अपील है कि वह सभी अपनी मस्जिद, मदरसा और कब्रिस्तान आदि वक़्फ़ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन जामा मस्ज़िद बुढ़ाना में आकर ज़रूर करवा लें। इसमे बुढ़ाना जामा मस्ज़िद की टीम ख़िदमत ए ख़ल्क़ का काम बिल्कुल निशुल्क कर रही है।



बुढ़ाना: पोर्टल पर दर्ज कराने की समीक्षा करते समाजसेवी तौसीफ राही व राशिद मलिक।

# एसडीएम ने सात बीएलओं को किया सम्मानित



**बुढ़ाना।** उप जिला अधिकारी बुढ़ाना अपूर्वा यादव ने बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित अपने सरकारी कार्यालय पर उन सात बीएलओ को आमंत्रित कर सम्मानित किया जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में एसआईआर फार्मों को भरने का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया। इस सम्मान को पाकर सभी बीएलओ खुशी से फूली नहीं समाई और इसके लिए एसडीएम अपूर्वा यादव का धन्यवाद किया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय तहसील परिसर में स्थित अपने कार्यालय में एसडीएम अपूर्वा यादव ने वर्तमान में चल रहे एसआईआर अभियान में शत प्रतिशत काम पूरा करने वाले दो पुरुष बीएलओ और पांच महिला बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीएलओ ने अधिकारियों और साथियों को काम करने के अपने अनुभव भी बताए। निर्वाचन आयोग ने अब गणना पत्रक जमा करने का समय चार से बढ़ाकर ग्यारह दिसंबर कर दिया है। तहसील के अधिकारी अब इस कोशिश में लगे हैं कि समय बढ़ जाने पर अभियान का शत प्रतिशत लक्ष्य जल्दी पूरा कर लिया जाए। एसडीएम अपूर्वा यादव व नायब तहसीलदार अमन सिंह ने ऐसे सभी चयनित बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# होली चाईल्ड स्कूल में कैरियर फेयर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** बृहस्पतिवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर में एजुकेशन एण्ड कैरियर फेयर का आयोजन किया गया।

जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक श्रीचन्द्र शर्मा, प्रो-वाइस चान्सलर डॉ0 जयनन्द शोभित यूनिवर्सिटी, डॉ0 समी सक्सेना मैनेजर एडमिशन सुभारती यूनिवर्सिटी, समाजसेविका ममता अग्रवाल, कैरियर काउन्सलर ज्योति लुथरा, डॉ0 अजय वर्मा, विनित नारायण, विपिन, डॉ0 रणवीर सिंह, डॉ0 राजीव कुमार, विजय पाल, मास्टर विजय सिंह, आर्यन राज कौशिक एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। एजुकेशन एण्ड कैरियर फेयर में 15 विख्यात विश्वविद्यालय एवं काउन्सलर उपस्थित रहें, जिसका उद्देश्य कक्षा-12 में पढने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन एवं कैरियर में आने वाली




चुनौतियों के समाधान के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 350 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर कैरियर काउन्सलर द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त किया। डॉ0 जयानन्द ने बताया कि शिक्षा और कैरियर मेला एक ऐसा आयोजन है जहां छात्र, अभिभावक और शिक्षक विभिन्न शैक्षिक और कैरियर अवसरों का पता लगा सकते है। इस तरह कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य की राह को निर्धारित करते है। विधायक श्रीचन्द शर्मा ने बताया कि इस मेले का आयोजन शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन करने का बहुत ही सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

डॉ0 रणवीर सिंह ने बताया कि छात्रों को विभिन्न शैक्षिक और कैरियर अवसरों का पता लगाने के लिए यह मंच बहुत ही उपयोगी है और साथ ही साथ यह छात्रों, शिक्षकों और उद्योग पेशेवरों के बीच सम्बन्धों को बढावा देता है। डॉ0 राजीव कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ इस तरह के शैक्षणिक मेले विद्यार्थियों के भविष्य के बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करते है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम प्रथम बार इस तरह के कैरियर एजुकेशन फेयर का आयोजन होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर में किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य अनिल शास्त्री, संजय राणा, विनोद कुमार, निर्वेश प्रजापति, मोहित सिंघल, अनंग सिंघल, रचना सिंह, अंकित चौधरी ने कार्यक्रम की बहुत ही सराहना की।

# केश्वानन्द का आशीर्वाद लेने हनुमतधाम पहुंचे सुभाष चौहान

**मुजफ्फरनगर।** सुकतीर्थ स्थित हनुमत धाम के महामंडलेश्वर श्री केशवानंद सरस्वती जी महाराज का वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौहान ने आशीर्वाद लिया। महाराज जी ने वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौहान के द्वारा नशीली दवाइयों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की की गर्व की बात है नशीली दवाइयां का मुद्दा मुजफ्फरनगर से उठा उसके बाद मुख्यमंत्री तक पहुंचा और अब संसद में भी इसकी आवाज उठ गई है एवं महाराज जी ने अपना आशीर्वाद सुभाष चौहान जी को प्रदान किया।



# वर्षा मलिक का डुंगर में हुआ अंतिम संस्कार

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव डुंगर में स्थित श्मशान घाट में आज बृहस्पतिवार की सुबह लगभग दस बजे सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक के भतीजे विशाल मलिक की पत्नि वर्षा मलिक का नाम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया गया। वर्षा मलिक की मौत को लेकर उसकी ससुराल और पूरे गांव डुंगर में भी शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उमेश मलिक के बड़े भाई अजय मलिक की पुत्र वधु वर्षा मलिक का आज बृहस्पतिवार की अल सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वर्षा मलिक का निधन आज सुबह अचानक से हुआ। इसी वर्ष फरवरी के महीने में ही वर्षा मलिक की शादी हुई थी। वह अपने पति के साथ नोएडा में रहते थी। आज सुबह अचानक से हार्ट अटैक आने के चलते वर्षा मलिक का दुखद निधन हो गया। वर्षा मलिक का अंतिम



संस्कार गांव डूंगर में ही किया गया। इस घटना को लेकर, ससुरालियों, परिजनों और पूरे गांव डुंगर में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार मृतका का पति विशाल नोएडा की किसी कंपनी में कार्यरत है। करीब 10 माह पूर्व विशाल की शादी वर्षा के साथ हुई थी। हनीमून के बाद से ही वर्षा मलिक बीमार चल रही थी। उसका नोएडा के किसी चिकित्सालय में उपचार चल रहा था। लंबी बीमारी के चलते वर्षा मलिक का नोएडा में निधन हो गया।

# किसान नेता के कराए जा रहे फैसलों की हो रही सराहना

**चरथावल।** नगर के प्रमुख समाजसेवी अभिषेक बंशल द्वारा आपसी विवादों के फैसले कराने के प्रयास की चारो और सराहना हो रही हे बताते चले की गत दिवस जहाँ नगर के प्रमुख समाजसेवी अभिषेक बंशल द्वारा अपने केम्प कार्यालय पर चरथावल की लड़की और बहेड़ी के लडके के बीच जो शादी के बाद मनमुटाव चला आ रहा था। पिछले काफ़ी दिनों से यह लड़का लड़की दोनों पक्षो मे चले आ रहे विवाद का किसान नेता अभिषेक बंशल द्वारा फैसला करा दिया गया और विवाद के बाद हुए इस फेसले की जहाँ चारो और सराहना हो रही हे वही अनेको फैसले किसान नेता द्वारा कराए जा चुके हे जिससे की दोनों पक्ष विवाद से बच रहे हेस और आपसी मनमुटाव से भी बच रहे हे किसान नेता द्वारा जनता के अनेको कार्य भी अपने स्तर से कराए जा रहे हे असलम, सलीम मलिक, मुरसलीन ड्राइवर, अब्बुल नंबरदार सहित अनेको नगरवासी किसान नेता के फेसलो के प्रयास की सराहना करते नजर आ रहे है।

# बीएलओं का अन्य लोग भी कर रहे हैं सहयोग

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की अध्यक्षता में और जनपद मुजफ्फरनगर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के आदेश के अनुसार पूरे जिले के प्रधान अध्यापक, अनुद. ेशक, शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापक यानि कि सभी मिलकर एसआईआर सर्वे कर फॉर्म फीड करने मे सहयोग कर रहे हैं।


## सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्र **आराध्य** पुण्डीर इण्टर नैशनल पब्लिक स्कूल गंगानगर, मेरठ में कक्षा 8 शैक्षिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत है विद्यालय रिकॉर्ड में मेरा नाम शेखर (SHEKHAR) व मेरी पत्नी का नाम नेहा (NEHA) दर्ज है जोकि गलत है, मेरा सही नाम शेखर सिंह (SHEKHAR SINGH) व मेरी पत्नी का नाम नेहा शर्मा (NEHA SHARMA) है, जोकि सही व सत्य है।

**शेखर सिंह पुत्र स्व0 श्री धूम सिंह,** निवासी: मकान सी-11, गंगा वाटिका, गंगानगर थाना, गंगानगर तहसील, जिला मेरठ।

## सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री **अक्षरा** शान्ति निकेतन विद्यापीठ मवाना रोड मेरठ में कक्षा 11 शैक्षिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत है। विद्यालय रिकॉर्ड में मेरा नाम शेखर (SHEKHAR) व मेरी पत्नी का नाम नेहा (NEHA) दर्ज है जोकि गलत है, मेरा सही नाम शेखर सिंह (SHEKHAR SINGH) व मेरी पत्नी का नाम नेहा शर्मा (NEHA SHARMA) है, जोकि सही व सत्य है।

**शेखर सिंह पुत्र स्व0 श्री धूम सिंह,** निवासी: मकान सी-11, गंगा वाटिका, गंगानगर थाना, गंगानगर तहसील, जिला मेरठ।


# सैनिक विपिन सहरावत किए गए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लॉक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बिटावदा के निवासी सैनिक विपिन सहरावत को विगत दिवस एक स्थान पर हुए भव्य समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल आदोष कुमार डायरेक्टर जनरल आफ आर्टलरी के द्वारा सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में एप्रिसिएशंस मेडल द्वारा सम्मानित किया गया। जिससे गांव में खुशी का माहौल बना है और परिवार के लोग भी बहुत खुश हैं।




## सार्वजनिक सूचना

मैंने अपना नाम Kirti Changerwal से बदलकर Kriti Changerwal रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**कृति चंगेरवाल**
**पुत्री विकास**
**निवासी म.नं. 3518, पीपल वाली गली, भरतिया कॉलोनी, मुजफ्फरनगर**


## आठ को होगा मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजनान्तर्गत ड्रॉ का आयोजन

**मेरठ।** उपनिदेशक राजीव राय ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत माह अप्रैल, 2024 से सितम्बर, 2025 तक छह तिमाही एवं तीन छमाही का ड्रा आयुक्त द्वारा नामित प्रतिनिधि अपर आयुक्त की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से आयुक्त सभागार में 8 दिसम्बर को एक बजे नियत किया गया है। उन्होंने समस्त सचिव, मण्डी समितियां, मेरठ सम्भाग को निर्देशित किया कि अधिकाधिक किसानों के साथ सोमवार को समय अपरान्ह 12.05 बजे तक अनिवार्य रूप से आयुक्त सभागार में उपस्थित होकर आयोजन में नियत समय पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सभी सचिव प्र.सचिव, कूपन निर्गत करने सम्बन्धी रजिस्टर कूपन से सम्बन्धित समस्त अभिलेख, कूपन निर्गमनकर्ता कर्मचारी पटल प्रभारी के साथ उपस्थित रहें।

# सनातन धर्म संसद की तैयारी पूरी :रेशू

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म संसद की सभी तैयारी युद्ध स्तर पर तैयार कर ली गई है। सभी जरूरी कामों के लिए टीमें गठित कर दी गई है। किसी भी आपात काल की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां पूर्ण है।

हनुमत धाम के महंत स्वामी केशवानंद सरस्वती के नेतृत्व में हिन्दू संघर्ष समिति ने हर बिंदु पर सूक्ष्म चर्चा की। उनके बाद प्रेस के समक्ष बताया कि एस. एस.पी संजय कुमार वर्मा से वार्ता कर ली गई है। जो स्वयं ही कार्यक्रम स्थल का निरक्षण करेंगे। जिलाधीश उमेश मिश्रा से भी फोन पर वार्ता हो चुकी हैं। सनातन धर्म संसद के 38 संगठनों के साथ - साथ अनेकों संस्थानों, संगठनों, प्रधानों, महिलाओं का भी समर्थन मिल रहा है। मंच पर महामंडलेश्वर पूज्य संत हिंदू समाज का मार्ग दर्शन करेंगे। राजनैतिक हस्तियों से कार्यक्रम की धूरी के रूप में सेवाएं ली जा रही है।

पुलिस प्रशासन ने यातायात, सुरक्षा, साफ - सफाई, लाईट आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई है। बाहर से आने - जाने वालो के लिए आने जाने, ठहरने, खाने आदि की भी पूर्ण व्यवस्था तैयार है। कार्य कर्ता अपने भोजन की साथ एक या दो का साथ



लाने की नीति पर धर्म संसद में आएंगे। मंच, साउंड, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था, गंगा स्नान, मंदिर दर्शन आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था तैयार है। सभी 38 संगठन अपने - अपने कामों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। हिन्दू संघर्ष समिति का मानना है कि शुकतीर्थ में 7 दिसंबर से एक नया अध्याय शुरू हो जाएगा। जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शीघ्र शुकतीर्थ आयेंगे। प्रधानमंत्री को दिये जाने वाले प्रस्ताव पत्र में शुकतीर्थ आने का निमंत्रण भी होगा। कार्यकर्ता झंडो व टोलियों में चलकर शुकतीर्थ हनुमत धाम पहुंचेंगे। यातायात वनवे करने की व्यवस्था हो सकती हैं। कुछ कार्यकर्ता गुप्तचरों के रूप में हर किसी की कार्यशैली पर नजर रखेंगे। गंगा स्नान करते समय किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए गोताखोर उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी सनातन धर्म संसद में आने का न्योता भेजा गया है। 7 दिसंबर के कार्यो को देखने के लिए संयोजक नरेंद्र पवार साधु, सत्य प्रकाश रेशू अग्रवाल, देवराज पवार, सुभाष चौहान, अमित गुप्ता, अरुण प्रताप सिंह, चन्द्रमा ब्रह्मचारी, मनोज पाटिल, देशराज चौहान, पवन मित्तल, बिजेंदर धीमान, पवन पांच. ाल,सीताराम त्यागी, वैभव यादव सभी से अधिक से अधिक संख्या में आने का आवाहन किया।

# मतदाता पुनरीक्षण-2026: खतौली में मतदाता सूची की बड़ी पड़ताल पूरी

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** विशेष गहन पुनरीक्षण:2026 के तहत खतौली में मतदाता सूची की गहन पड़ताल जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को बूथ संख्या 305 और 306 के मतदान केंद्र जामे-उल-उलूम जूनियर हाई स्कूल पर बीएलओ और राजनीतिक दलों के बीएलए की संयुक्त बैठक हुई जिसमें मृत, शिफ्टेड, अनुपस्थित और डुप्लीकेट प्रविष्टियों की सूची का मिलान किया गया। बीएलए प्रति. निधियों को सूची दिखाकर संतुष्टि प्रमाणित कराते हुए हस्ताक्षर लिए गए, जिससे मतदाता सत्यापन प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी बन सकी। नायब तहसीलदार खतौली राजीव त्यागी ने बताया कि पूरी बैठक का कार्यवृत्त और सत्यापन सूची बीएलओ ऐप पर अपलोड कर दी जाएगी। साथ ही बीएलओ को उपस्थिति, फोटो और वीडियो सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित तथा डुप्लीकेट मतदाताओं की तैयार सूची मतदान केंद्र के बाहर चस्पा कर दी गई है। प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी नाम को लेकर शंका या आपत्ति हो तो तुरंत बीएलओ से संपर्क करें। इस दौरान बीएलओ और प्रशासनिक टीम ने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन पूरा किया। बूथ 305 के 909 और बूथ 306 के 781 मतदाताओं को गणना प्रपत्र सौंपे गए थे, जो 4 दिसंबर तक पूरी तरह प्राप्त कर लिए गए। सत्यापन के दौरान सामने आए आंकडों में मृतक मतदातारू 03 (305) व 09 (306), स्थानांतरित (शिफ्टेड) 08 व 18, अनुपस्थितरू 06 व 13, डुप्लीकेट प्रविष्टिरू 04 व 09, प्रपत्र/हस्ताक्षर से इंकाररू शून्य। इन सभी वर्गों की अलग-अलग सूची भी तैयार की गई है। 16 दिसंबर इ मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशित, 16 दिसंबर से 15 जनवरी, दावा/आपत्तियाँ, 7 फरवरी , दावा/आपत्तियों का निस्तारण, 14 फरवरी अंतिम मतदाता सूची जारी। बैठक का समापन नागरिकों, राजनैतिक दलों के बीएलए और क्षेत्रीय मतदाताओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए किया गया। बैठक में सुपरवाइजर कासिम, बीएलओ अनिल कुमार, प्रियंका गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीन ठकराल, सभासद अजय भुर्जी, बीएलए बृजेश भंडारी, कांग्रेस नेता मुकेश शर्मा, सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष इरफान काजी, बीएलए अभिषेक गोयल, रालोद से सभासद दानिश मुल्तानी, शमशाद मिर्ज़ा, नसीम मुल्तानी, तथा आजाद समाज पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष दानिश सिद्दीकी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


## सार्वजनिक सूचना

मैनें कक्षा 9 पंजीकरण संख्या 15/1022/5537310 सन् 2011 में कक्षा 10 (अनुक्रमांक नं0-0619757) व कक्षा 11 वर्ष 2012 पंजीकरण संख्या 150001435 व कक्षा 12 (0471172) की परीक्षा वर्ष 2013 की संस्थागत परीक्षा इस्लामिया इन्टर कालेज, मुजफ्फरनगर से उत्तीर्ण की थी। कक्षा 9 पंजीकरण संख्या 15/1022/5537310 व सन् 2011 में कक्षा 10 (अनुक्रमांक नं0-0619757) व कक्षा 11 वर्ष 2012 पंजीकरण सख्या 150001435 व कक्षा 12 (0471172) की परीक्षा वर्ष 2013 घर पर ही वास्तव में कहीं गुम हो गए है, जोकि काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले।

**शान मौहम्मद पुत्र मौ अनीस**
**निवासी: 719, रहमत नगर, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर**


## कस्बे की सबसे वृद्ध महिला ने ली अंतिम सांस

**मोरना।** भोकरहेड़ी कस्बे की सबसे वृद्ध महिला ने गुरुवार की शाम दम तोड़ दिया।आयु का शतक पूरा कर चुकी हुकमो देवी के निधन पर कस्बे के गणामान्य व्यक्तियों ने शोक संवेदना व्यक्त की हैं।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नेहरू चौक निवासी हुकमो देवी पत्नी चौधरी सुखवीर सिंह का गुरुवार की शाम निधन हो गया उनके पुत्र मांगेराम फौजी ने बताया की उनकी माता हुकमो देवी आयु एक सौ दो वर्ष थी जो कस्बे की सबसे वृद्ध महिला बताई जाती थी। हुकमो देवी के तीन पुत्र मांगेराम, राजकुमार, लोकेन्द्र भगत व तीन पुत्रीयां राजकुमारी,सुक्खी तथा राजेश हैं। तीन पुत्र मे मात्र मांगेराम के ही एक पुत्र भीषम व दो पुत्रीयां सविता व बबीता हैं। पौत्र भीषम के पुत्र वीशू व पुत्री आकाक्षी हैं।

देर शाम मृतका का अंतिम संस्कार शुकतीर्थ शमशान घाट पर किया गया हुकमो देवी के निधन पर कस्बे के गणमान्य व्यक्ति बाबा ओमबीर सिंह,रामपाल नेता, कैप्टन ज्ञानेंद्र,राजेश चौयरमैन, अंकुर सभासद, उदयवीर सिंह, अश्विनी सहरावत, मा. बीरसिंह, अजय कुमार, सतीश सहरावत, सचिन वामन आदि ने शोक प्रकट किया है।

# खतौली में ब्लैकमेलर की पैरवी को लेकर बवाल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कुख्यात ब्लैकमेलर विनय उर्फ किक्की जैन की गिरफ्तारी के बाद जहां कस्बे में राहत की लहर दौड़ी, वहीं उसकी पैरवी को लेकर बुधवार की रात को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। कुछ प्रतिष्ठित व्यक्ति जब किक्की की पैरवी और उसके बेटे को छुड़वाने के लिए कोतवाली पहुंचे, तो इस बात की भनक लगते ही जैन समाज के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया।

### कोतवाली पर हंगामा

जानकारी के अनुसार, जैसे ही समाज के कुछ बड़े चेहरों के कोतवाली पहुंचने की सूचना मिली, बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग वहां एकत्र हो गए। लोगों ने कोतवाली परिसर में घेराव कर पैरवी करने वालों के खिलाफ जमकर हंगामा किया। समाज के लोगों ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि यदि ऐसे ब्लैकमेलर के समर्थन में कोई खड़ा हुआ तो उसके खिलाफ भी सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

**अगर समाज के बड़े ही गंदगी को बढ़ावा देंगे, तो सफाई कैसे होगी? : नीरज जैन**

घटनास्थल पर मौजूद शिक्षक नीरज जैन ने कहा कि किक्की जैन लंबे समय से खतौली में अवैध वसूली, ब्लैकमेलिंग और झूठे आरोपों में लोगों को फँसाने का काम करता रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जैन समाज के ही मुखिया ऐसे ब्लैकमेलर का साथ देंगे, तो नगर से गंदगी कैसे खत्म होगी और पीड़ितों को इंसाफ कैसे मिलेगा?।जब नीरज जैन से पैरवी करने वाले व्यक्तियों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि ये लोग जैन एजुकेशन एसोसिएशन में शीर्ष पदों पर हैं और समाज में उनकी बड़ी हैसियत है। समाज के लोगों ने स्पष्ट कहा कि अगर उन्होंने किक्की जैन का समर्थन किया तो उनके खिलाफ भी तेज आंदोलन किया जाएगा। आक्रोशित समाज के लोगों ने कहा कि किक्की का साथ देने वालों का जैन समाज बहिष्कार करेगा उन्होंने कहा किक्की जैन का साथ देने वाला भी किक्की है।



बता दें कि खतौली में वर्षों से अवैध वसूली और दबंगई का पर्याय बन चुका किक्की जैन पुलिस के सामने सिरदर्द बना हुआ था। पूरी प्लानिंग के साथ पुलिस ने उसे नेशनल हाईवे स्थित गुलशन ढाबा के सामने फ्लाईओवर के पास से दबोचा था। पुलिस के अनुसार किक्की जैन पर धमकाकर रंगदारी वसूली, झूठी शिकायतों से लोगों को फँसाना, बार–बार भय दिखाकर पैसे ऐंठना जैसी गंभीर शिकायतें थीं। उसके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा गया।

**गैंग पर भी शिकंजा कसने की तैयारी**

पुलिस पूरे नेटवर्क की पहचान कर रही है। गैंग से जुड़े अन्य लोगों को भी जल्द गिरफ्तार करने की तैयारी है। कस्बे के व्यापारियों और आम जनता ने इसे बड़ी राहत बताते हुए कहा कि किक्की जैन खतौली की शांति व्यवस्था और व्यापार जगत के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका था। सभी ने आरोपी को कठोरतम सजा देने और उसके नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने की मांग की। वही पुलिस किक्की जैन की कॉल डिटेल की मदद से उसके गैंग के सदस्यों की जांच पड़ताल और तलाश शुरू कर दी है।

# कार सवार बदमाशों से पुलिस मुठभेड़ में दो घायल

**छपार।** रात्रि में चेकिंग कर रही पुलिस की कार सवार बदमाशों से हुई मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। घायलों सहित तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि दो बदमाश कार सहित फरार हो गए। पुलिस ने उनके पास से 80 किलो तांबा व डेढ सौ किलो लौहे की पत्ती व दो तमंचे दो जिंदा कारतूस व खोखे बरामद किये ओर घायलों को जिला चिकित्सालय भेज दिया। बुधवार की रात्रि में छपार पुलिस बरला बसेडा मार्ग के तेजलहेडा चौराहे पर चेकिंग कर रही थी।उसी वक्त बरला की ओर से एक कार आई। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार बदमाशों ने कार से नीचे उतर भागते हुए तमंचे से पुलिस पर फायर किया जिस पर पुलिस ने भी जवाब में फायर किया। दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। एक बदमाश को पुलिस ने घेर कर पकड लिया जबकि दो बदमाश कार सहित फरार हो गए। पूछताछ में घायल बदमाश नूरशाह उर्फ रिहान ग्राम जेवरी थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ व गुलफाम, चांद मोहम्मद भी गांव जेवरी के ही निवासी हैं। पुलिस ने उनके पास से 10 किलो कोईल तांबा,40 किलो एलटी तार,150 किलोग्राम लौहे की पत्ती एक स्टार्टर व आठ हजार रुपए ओर चोरी के उपकरण बरामद किये ओर दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस व दो खोखे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पांच पंजीकृत ट्रांसफार्मर व आसपास के 15 से 20 बिजली की टयूवैलों से सामान चोरी किये है।घटनाओं के सम्बंध में गहनता से जांच की जा रही है और बदमाशों का अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडी पुलिस ने किया चोरों से बाइक व तांबे का तार बरामद

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने दो शातिर युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपियों के विरूद्ध मंडी व अन्य थानों में गंभीर धाराओं मामले दर्ज है। नई मंडी पुलिस ने बताया कि एक पखडे पूर्व बझेडी रोड स्थित ई–रिक्शा फैक्ट्री के पीछे दीवार कूदकर यहां रखी बैट्रियां चोरी की गई थी इस संबंध में पुलिस ने कासिम पुत्र अख्तर व दीन मौहम्मद पुत्र मुल्ला कासिम को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी किए दो बैट्रे और भारी मात्रा में तांबे के तार व बाइक बरामद की गई है।

### उम्मीद पोर्टल की तिथि बढ़ाने की मांग को एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बुढ़ाना।** अधिवक्ता उत्थान समिति के अध्यक्ष एहतशाम सिद्दीकी एडवोकेट ने अपने दर्जनों साथियों के साथ उम्मीद पोर्टल की लास्ट तारीख आगे बढ़ाने के लिए उपजिलाधिकारी बुढ़ाना के माध्यम से केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि तहसील बुढ़ाना सहित समस्त प्रदेश में लाखों वक्फ संपति उम्मीद पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाई हैं। जिस में उम्मीद पोर्टल का धीमा चलना तथा पूर्ण रूप से साइड का बंद हो जाना है। इसके अलावा वक्फ संपति उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने के लिए इतने साक्ष्य अपेक्षित कर दिए गए हैं जिनको इकट्ठा करना बेहद कठिन है साथ में सौ साल पुरानी वक्फ की संपति वक़्फ़ करने वाले का नाम अपलोड नहीं हो पा रहा है। इस कारण से उम्मीद पोर्टल सारी प्रक्रिया रिजेक्ट कर रहा है। ज्ञापन में एहतेशाम सिद्दीकी एडवोकेट द्वारा कहा गया कि पोर्टल पर वक़्फ़ संपति अपलोड करने का छह माह का समय बेहद कम था। इसलिए इस कार्य के लिए छह माह का समय और दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। अगर समय नहीं दिया गया तो मुस्लिम समुदाय को वक़्फ़ संपति को लेकर काफी नुकसान हो जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जमियत उलेमा ए हिंद के जिला मीडिया प्रभारी आसिफ़ कुरैशी, आसिफ़ शरीफ कुरैशी, पूर्व सभासद नौशाद पहलवान कुरैशी, अरशद जोगी, नूरुद्दीन सिद्दीकी, काशिफ सिद्दीकी एडवोकेट, डॉक्टर बुन्दन, मन्नू कुरैशी, निशात आलम, डॉक्टर अकरम, नसीम अहमद, खुर्शीद मंसूरी और साबिर राणा आदि मौजूद रहे।

### बैंक से किसान का बैग चोरी

**चरथावल।** नगर में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के मैनेजर पर एक किसान ने अभद्रता का आरोप लगाया है। किसान का आरोप है कि बैंक से उसका सामान से भरा बैग चोरी हो गया था, जिसके बाद शिकायत करने पर मैनेजर ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इस मामले में किसान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दलंउनद निवासी किसान राजपाल त्यागी ने अपनी शिकायत में बताया कि 27 नवंबर को वह एटीएम से पैसे निकालने आए थे। पैसे न निकल पाने के कारण वह अपना बैग वहीं छोड़कर मैनेजर के पास चले गए थे। जब वह वापस लौटे, तो उनका बैग चोरी हो चुका था।राजपाल का आरोप है कि जब उन्होंने मैनेजर से चोरी की शिकायत की, तो मैनेजर ने सीसीटीवी दिखाने से साफ इनकार कर दिया और उनके साथ अभद्रता भी की। उन्होंने इस घटना की सूचना डायल 112 पर भी दी थी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।इसके बाद राजपाल ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि किसान की शिकायत पर बैंक में जाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

### फरार असलाह समेत गिरफ्तार

**चरथावल।** पुलिस ने माननीय न्यायालय द्वारा फरार घोषित एक अपराधी को ग्राम सैद नंगला मार्ग से अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े आरोपी को जेल भेज दिया है।चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम हैबतपुर निवासी नीरज को न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या 2 मुजफ्फरनगर द्वारा मु0अ0सं0 31/2000 धारा 323/504 भादवि में फरार घोषित किया गया था। न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नीरज अवैध असलाह के साथ कहीं जाने की फिराक में है।सूचना पर चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में दधेडू चौकी प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह के ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी नीरज का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ चरथावल थाने में विभिन्न धाराओं के तहत कई मामले दर्ज है।

### पुत्र वधु की हत्यारोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भोपा।** क्षेत्र के गांव कसौली मे विवाहिता की हत्या मे शामिल आरोपी फरजाना को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इसके पूर्व पुलिस हत्यारोपी पति को जेल भेज चुकी है।भोपा थाना क्षेत्र गांव कसौली में बीते 30 नवंबर को विवाहिता हिना की हत्या हो गई थी। जिसमे मृतका के भाई अनस निवासी गांव पिमोडा थाना जानसठ द्वारा पति खुशनसीब सहित ससुर इंतजार सास फरजाना जेठ उन्नाव देवर वारिस के खिलाफ दहेज की खातिर बहन हिना की हत्या कर देने का मुकदमा दर्ज कराया गया था पुलिस ने हत्यारोपी पति खुशनसीब को बीते सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था गुरुवार को पुलिस ने हत्यारोपी सास फरजाना को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सिद्धार्थ जायसवाल ने मांगा अधिवक्ताओं से समर्थन

**धामपुर।** कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की सक्रियता तेज हो गई है। इसी क्रम में प्रयागराज से आए उम्मीदवार सिद्धार्थ जायसवाल धामपुर तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने अधिवक्ता संघ के सदस्यों से मुलाकात कर अपने पक्ष में समर्थन और मतदान की अपील की। सिद्धार्थ जायसवाल ने अधिवक्ताओं के बीच अपने विचार रखते हुए कहा कि कौंसिल का चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं की समस्याओं और संगठन को मजबूत करने का भी माध्यम है।

# सीओ ने डॉग स्क्वॉयड टीम के साथ किया पैदल मार्च

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मुख्य मार्गों पर आज बृहस्पतिवार के देर शाम बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सख्रढ़ बनाने के उद्देश्य से डक्का स्क्वायड और पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने बुढ़ाना कस्बे में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और कानून–व्यवस्था बनाए रखना था। फ्लैग मार्च की शुरुआत बुढ़ाना कोतवाली परिसर से शुरु हुई। इसके बाद पुलिस बल ने कांधला रोड के साथ साथ मुख्य बाज़ारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, मोहल्लों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर स्थिति का गहन निरीक्षण किया। गश्त के दौरान सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने पुलिस अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा हर हाल में बनाए रखी जाएगी। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुरक्षा संबंधी सुझावों को भी सुना। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने पैदल गश्त कर कस्बे की कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया और बताया कि ऐसे फ्लैग मार्च आगे भी समय समय पर जारी रहेंगे।



बुढाना: डॉग स्कवॉयड टीम के साथ भ्रमण करने निकले सीओ व कोतवाल।

# एसपी क्राइम ने साइबर सेल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एसपी क्राईम इन्दु सिद्धार्थ के द्वारा बुढ़ाना कोतवाली में स्थित मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर सेल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक क्राइम श्रीमति इन्दु सिद्धार्थ के द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं, शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया तथा शिकायत रजिस्टर में दर्ज प्रकरणों की प्रविष्टियों का अवलोकन किया गया और साथ ही उनके द्वारा साइबर सेल में प्राप्त शिकायतों, उनकी जांच प्रगति तथा शिकायत रजिस्टर के सुचारू रख रखाव की भी विस्तृत समीक्षा की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को महिला एवं बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अत्यन्त संवेदनशीलता एवं प्रोफेशनल तरीके से कार्य करने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए और साथ ही शिकायत रजिस्टर के नियमित अद्यतन, पारदर्शिता एवं पीड़ितों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री, एसएस आई ललित कुमार शर्मा सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारियों की भी मौजूदगी रही।



# शाहपुर में मिशन शक्ति केन्द्र की व्यवस्था भी परखी

**शाहपुर।** पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ द्वारा थाना शाहपुर स्थित मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर सेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं, शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया तथा शिकायत रजिस्टर में दर्ज प्रकरणों की प्रविष्टियों का अवलोकन किया। साथ ही पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा साइबर सेल में प्राप्त शिकायतों, उनकी जाँच प्रगति तथा शिकायत रजिस्टर के सुचारू रख–रखाव की भी विस्तृत समीक्षा की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को महिला एवं बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अत्यन्त संवेदनशीलता एवं प्रोफेशनल तरीके से कार्य करने के आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही शिकायत रजिस्टर के नियमित अद्यतन, पारदर्शिता एवं पीड़ितों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान शाहपुर थाना प्रभारी मोहित चौधरी सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।



# हिन्दू राष्ट्र के लिए प्रस्ताव भेजेगी धर्म संसद : सत्यप्रकाश रेशु

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित हनुमान धाम मे आगामी रविवार को धर्म संसद का आयोजन किया जायेगा जिसमें राजपुरोहित सहित 17 महामंडलेश्वर व प्रसिद्ध साधु संत भाग लेगें आयोजक हिन्दू संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने गुरुवार को आश्रम मे व्यवस्था की तैयारियों का अवलोकन किया। साथ ही भोपा पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध मे जानकारी की गयी।

हनुमानधाम मे प्रेसवार्ता के दौरान संत सेवक सत्य प्रकाश रेशु ने बताया की आगामी सात दिसम्बर को आयोजित धर्म संसद मे मुख्य रूप से 9 प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री को भेजे जाएंगे जिनमे भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने,सनातन बोर्ड का गठन किये जाने, सामाजिक एकता एवं समरसता को बढ़ावा देने जाति विभेद को समाप्त करने, जनसंख्या नियंत्रण एवं समान नागरिक संहिता कानून, राष्ट्र निर्माण मे संत समाज की भूमिका, मुस्लिम आक्रांताओं द्वारा मिटाए गये मंदिरों आदि को पुनरूवापस करने को कानून बनाने,सनातन धर्म के योद्धाओं की सुरक्षा, मुज़फ्फरनगर का नाम लक्ष्मी नगर करने आदि प्रमुख हैं।सनातन के प्रति सरकार को और अधिक जागरूक करने को आयोजित धर्म संसद द्वारा प्रस्ताव राज पुरोहित स्वामी डॉ. सीता रमण रामा शास्त्री के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा जायेगा।कार्यक्रम के संयोजक नरेन्द्र पंवार ने बताया की देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हुआ था। मुसलमानो के लिए अलग देश पाकिस्तान बना। अब भारत हिन्दुओ का स्थान है। इसलिए देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाये।सनातन से जुड़े मुद्दों पर साधु संतो द्वारा चर्चा की जायेगी। धर्म संसद मे मुख्य रूप से राजपुरोहित के अलावा बड़ी संख्या मे साधु संत भाग लेंगे।38 हिन्दू संगठनों द्वारा कार्यक्रम को समर्थन दिया गया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया है।हनुमान धाम के विज्ञानंद महाराज ने बताया की सनातन का मूल उपदेश सनातन धर्म के मान बिन्दु, मूल विषय को जन जन तक पहुंचाकर सनातन को और अधिक मज़बूत करने का उद्देश्य कार्यक्रम का है। कार्यक्रम को दिव्य व भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं।साथ की हनुमानधाम अधिष्ठा महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द महाराज ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।



इस अवसर पर मुख्य रूप से देवराज पंवार, सुभाष चौहान, अमित गुप्ता,अरुण प्रताप, चन्द्रमा बृहमचारी, मनोज पाटिल, देशराज चौहान,पवन मित्तल, पवन पांचाल, बिजेंद्र धीमान, सीताराम त्यागी, वैभव यादव आदि उपस्थित रहे।

# लापरवाही से गाड़ी खड़ी करने वाले चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अवैध रूप से हाइवे पर गाड़ी खड़ी करने के कारण मौत के मुंह में समाए युवक के साले ने गाड़ी चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जितेन्द्र शर्मा पुत्र तेजपाल निवासी गांव घटवेहती विनावर बदायूं ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मेरे बहनोई विनोद कुमार पुत्र रामवीर उर्फ रामजी निवासी अर्सिस बर्खिन थाना कुंवरगांव जिला बदायूं बीती 22 नवम्बर की रात को लगभग साढ़े नौ बजे एक गाड़ी को चलाकर आंवला जिला बरेली से हरियाणा राज्य के करनाल जिले के लिए चले थे।

रास्ते में सुबह 05 बजे बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिटावदा में मेरठ वाया करनाल हाईवे पर एक गाड़ी जो बिना इंडीकेटर व बिना वेरिगेटिंग हाइवे के अन्दर वाली लाईन में नो पार्किंग जोन में लापरवाही से खड़ी थी। जिसे चालक विनोद कोहरा होने के कारण देख नहीं पाया और गाड़ी अनियन्त्रित होकर जो बिना वेरिगेटिग लापरवाही से हाईवे की अंदर लाइन में खड़ी थी उसमें जाकर पीछे से टकरा गई। जिसमें गाड़ी चालक विनोद पुत्र रामवीर उर्फ रामजी को गम्भीर रुप से चोटें लगी और मंगली पुत्र राम अवतार परिचालक को मामूली खरोंचें आई। चालक विनोद को सीएचसी बुढ़ाना से मेरठ रेफर किया गया। जहां पर डाक्टरों ने अगले दिन विनोद कुमार को मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता जितेंद्र ने पुलिस से गाडी चालक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए चालक के विरुद्ध कार्यवाही शुरु कर दी है।

# सड़क निर्माण को पालिका ने छोड़ा टैंडर

## परिक्रमा मार्ग के निर्माण पर पांच करोड़ रुपये खर्च कर रही पालिका, तीन चरणों में कार्य कराया जाएगा पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के सामने परिक्रमा मार्ग का निर्माण जल निगम की लेट लतीफी के कारण अटका हुआ है। यहां पर पूर्व में एमडीए द्वारा कराये गये नाला निर्माण कार्य के गलत होने के कारण स्थिति बदहाल हुई है। यहां पर सबसे बड़ी आवश्यकता जल निकासी की बदहाल व्यवस्था को सुचारू करना है। इसके लिए जल निगम नगरीय इकाई को दायित्व मिला है। यहां पर जल निगम को जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए कार्य करना है। इसमें हो रही देरी के कारण ही नगरपालिका परिषद् का निर्माण विभाग सड़क निर्माण कार्य को शुरू नहीं करा पा रहा है, जबकि इस सड़क की बदहाली दूर करने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप पांच करोड़ रुपये लगाने को तैयार हैं। पालिका करीब चार करोड़ रुपये की लागत से होने वाले सड़क निर्माण का टैण्डर भी छोड़ चुकी है। इंतजार जल निगम की हरी झंडी का है।

बता दें कि इस सड़क की दुर्दशा को दूर करने के लिए नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने विशेष प्राथमिकता पर कार्य 13 अक्टूबर को सम्पन्न हुई बोर्ड बैठक में पास कराये। इसमें करीब पांच करोड़ रुपये का बजट खर्च कर मीनाक्षी स्वरूप इस सड़क का निर्माण कार्य कराने के साथ ही नाले की मरम्मत कार्य कराने का काम भी कराने जा रही है। चयेरपर्सन की विशेष प्राथकिता पर निर्माण विभाग ने तेजी से कार्य किया और सड़क निर्माण का टैण्डर भी स्वीकृत कराया जा चुका है। नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि शहरी विकास में परिक्रमा मार्ग की बदहाली को दूर करना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। इसके लिए हम अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं और पालिका बोर्ड में इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए पांच करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत करा लिया गया है, पहले जल निगम को जल निकासी की सुविधा बहाली के लिए काम पूरा करना है, इसके बाद ही सड़क का निर्माण शुरू होगा।

नगर पालिका परिषद् के सहायक अभियंता निर्माण नैपाल सिंह ने बताया कि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की विशेष प्राथमिकता और जनहित के दृष्टिगत परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य का टैण्डर हो चुका है। पालिका इस सड़क को दो हिस्सों में बनाने जा रही है। इसमें भगीरथ चौक की पुलिया से रेलवे क्रासिंग तक दाई ओर के निर्माण पर 01 करोड़ 99 लाख 68 हजार 500 रुपये और एटूजेड चौराहा पुलिया से श्रीराम कॉलेज के सामने होकर रेलवे क्रासिंग तक के निर्माण पर 01 करोड़ 99 लाख 89 हजार 400 रुपये खर्च होंगे।



इन दोनों साइड की सड़क निर्माण के लिए टैण्डर मजूर हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त इसी मार्ग पर भगीरथ चौक स्थित नाले की पुलिया से श्रीराम कॉलेज के सामने से रेलवे क्रासिंग तक बने नाले की दीवारों को ऊंचा करने, अवशेष भाग में नाले का निर्माण और डिवाइडर निर्माण कार्य भी नगर पालिका अलग से कराने जा रही है। इसके लिए पालिका के निर्माण विभाग ने 01 करोड़ 28 लाख 14 हजार 400 रुपये का व्ययानुमान पास कराया था। एई नैपाल सिंह ने बताया कि पालिका जल निगम के प्रोजेक्ट के लेट होने के कारण सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं करा पा रही है। इसमें जल निगम को इस मार्ग पर जल निकासी की सुविधा विकसित और सुदृढ़ करनी है। इसके लिए कुछ हिस्से में ओपन नाला और वसुन्धरा रेजीडेंसी से भगीरथ चौक तक हयूम पाइप डालकर बंद नाला बनाने का कार्य होना है। इस कार्य की डीपीआर जल निगम नगरीय इकाई के एक्सईएन अबू जैद के द्वारा सहारनपुर एसई कार्यालय में स्वीकृति के लिए भेजी है, जो अभी प्राप्त नहीं हुई। एई का कहना है कि जल निगम अपना कार्य पूर्ण करे तो ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो पायेगा।

# सपा नेता साजिद हसन, डॉ. इसरार अल्वी ने लापता, शिफ्ट वोटों पर की निगरानी



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी द्वारा लगातार एस आई आर अभियान में मतदाताओं की जागरूकता हेतु कैंप के अंतर्गत सपा नेता साजिद हसन व डॉ इसरार अल्वी ने बूथों पर लापता व शिफ्ट बताए जा रहे मतदाताओं की मतदान स्थल पी.आर.पब्लिक स्कूल सुभाषनगर पर अपनी टीम के साथ पहुंचकर सभी लापता वोटो की बीएलओ के साथ समस्त जानकारी लेते हुए क्षेत्रीय लोगों को भी बुलाकर लापता वोटो की पहचान व तलाश के लिए लगाया गया। सपा नेता साजिद हसन ने बताया कि जो मतदाता अपना गणना फार्म लेने नहीं पहुंचे वह उनकी बीएलओ से सूची बनवाकर मतदान स्थल के अलावा अपने प्रयास से मोहल्ले के प्रमुख स्थानों पर भी चस्पा कराकर गणना फार्म पहुंचाने के पूर्ण प्रयास कर रहे है समाजवादी पार्टी का यही प्रयास है कि किसी भी पात्र मतदाता की वोट की रक्षा की जाए इसके लिए पूरी मेहनत व प्रयास जारी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इनाम उर्फ धुरी की 6 करोड़ की अवैध संपत्ति हुई कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गैंगस्टरों पर नकेल कसने के लिए शामली पुलिस व प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। मुकीम काला गैंग के सक्रिय सदस्य इनाम उर्फ धुरी पुत्र अफजाल उर्फ अफजल, निवासी मोहल्ला आल. कलां कैराना की करीब 6 करोड़ रूपए की अवैध संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14द्ध1ऋ के तहत कुर्क कर दिया गया।



बृहस्पतिवार की सुबह अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला, उपजिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार, प्रभारी निरीक्षक कैराना समयपाल अत्री व प्रभारी निरीक्षक कांधला सतीश कुमार के नेतृत्व में गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क गई। टीम ने आरोपी द्वारा अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई चल-अचल संपत्तियों पर कुर्की की कार्यवाही पूरी की और संपत्तियों पर सरकारी नोटिस व पहचान चिन्ह स्थापित कर दिए।

लगभग चार दर्जन गंभीर मुक. दमों में वांछित, हिस्ट्रीशीटर इनाम इस समय जेल में निरुद्ध है और इनाम उर्फ धुरी पर हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी, मारपीट, बलवा, गैंगस्टर एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में 41मुकदमे दर्ज हैं। वह थाना कैराना का हिस्ट्रीशीटर है और इस समय जानलेवा हमला व गैंगस्टर अधि. नियम के तहत जिला कारागार मुजफ्फरनगर में बंद है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि अपराध से अर्जित धनराशि से उसने कई संपत्तियां क्रय कर रखी थीं।

### डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने जारी किए कुर्की आदेश

थाना कांधला पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी शामली द्वारा कुर्की आदेश पारित किए गए, जिसके बाद संयुक्त टीम ने मौके पर कुर्की की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस व प्रशासनिक टीमें भारी संख्या में मौजूद रहीं।

एसपी शामली एनपी सिंह ने कहा कि जनपद के अन्य माफिया एवं गैंगस्टरों की अवैध संपत्तियों का विवरण जुटाया जा रहा है। भविष्य में भी अपराध से अर्जित संपत्ति पर इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। हिस्ट्रीशीटर बदमाश इनाम उर्फ धूरी पर वर्ष 2006 से 2025 तक हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी, छेड़छाड़, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, पोक्सो एक्ट सहित 41 मुकदमे दर्ज हैं।

### कुर्क की गई संपत्तियां

मोहल्ला आर्यपुरी स्थित 158।91 वर्गमीटर का आवासीय भवन,मोहल्ला आलकलां वार्ड-11 में 128 वर्गमीटर निर्मित भवन,मोहल्ला गुलशन नगर में 240. 28 वर्गमीटर भूमि, अभियुक्त की पत्नी के नाम HDFC बैंक कैराना खाते में जमा रु. 9,15,731 कुर्क की गई संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत लगभग 6 करोड़ रूपए बताई गई है। अभियुक्त पर वर्ष 2006 से 2025 तक हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी, छेड़छाड़, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, पोक्सो एक्ट सहित 41 मुकदमे दर्ज हैं।

## एक नजर

### 6 साल बाद प्रभुजी का उनके भाई से मधुर मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव गौरीपुर जिला बागपत से सूचनादाता आनंद कुमार की सूचना के आधार पर एक पुरुष प्रभुजी को लावारिस स्थिति में अपना घर आश्रम शामली की रेस्क्यू टीम द्वारा आश्रम में भर्ती किया गया था प्रभुजी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी प्रभुजी ने अपना नाम उमेश चौधरी बताया एवं अपने विषय में अन्य कोई जानकारी नहीं दी। प्रभुजी का इलाज मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण रॉय जी के परामर्श से किया गया। इलाज एवं आश्रम के सौहार्दपूर्ण वातारण से प्रभुजी की मानसिक स्थिति में सुधार होने लगा प्रभुजी आश्रम के नितकार्य में भी हाथ बटाने लगे। 8 दिन पहले प्रभुजी से बातचीत करते समय प्रभुजी ने अपने घर जाने की इच्छा जताई एवं अपना पता गांव रोह, जिला नवादा बिहार बताया। प्रभुजी द्वारा बताए गए पते पर नेट पर सर्च करने पर वहां के ग्राम प्रधान का नंबर हमें मिला ग्राम प्रधान जी से बात करने पर प्रभु जी की सारी जानकारी उनको दी गई एवं प्रधान जी से विनती की गई थी उनको प्रभु जी के विषय में जो भी जानकारी प्राप्त हो कृपया हमें बताएं और ग्राम प्रधान जी ने अगले ही दिन प्रभु जी के भाई से हमारा संपर्क कराया। प्रभु जी का भाई रामविलास चौधरी जी ने बताया कि वह बहुत जल्दी अपने भाई उमेश चौधरी को लेने अपने घर आश्रम शामली आएंगे। कल दिनांक 03।12।2025 को प्रभु जी के भाई राम विलास जी जो कि विकलांग है एवं प्रभु जी के भांजे और अपने जीजा के साथ प्रभु जी को लेने अपना घर आश्रम शामली आए। रामविलास जी ने बताया कि प्रभु जी 6 साल पहले घर से बिना बताए निकल गए थे और बहुत खोजने पर भी नहीं मिले। आश्रम द्वारा आए फोन कॉल से उनको उमेश प्रभु जी की जानकारी प्राप्त हुई रामविलास जी ने कार्यालय कार्यवाही पूर्ण की एवं अपने भाई उमेश चौधरी जी को अपने साथ अपने गांव रोह जिला नवादा बिहार ले गए।

### गन्ने की पत्तियों पर पाला, कड़ाके की ठंड के संकेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** शीतलहर ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार सुबह क्षेत्र में गन्ने की सूखी पत्तियों पर पाला जमा देखा गया, जो इस मौसम की पहली ठंड का संकेत है। दिसंबर के आरंभ में सुबह और शाम की कड़ाके की ठंड ने सर्दी का एहसास बढ़ा दिया है। हालांकि दिन में धूप निकलने पर ठंड कम महसूस हो रही थी, लेकिन बुधवार को मौसम ने करवट ली। सुबह के समय शीतलहर का प्रभाव अधिक रहा और खेतों में पड़ी गन्ने की सूखी पत्तियों पर बर्फ की तरह सफेद पाला चादर-सा जमा हुआ था।दिन भर धूप और छांव का खेल चलता रहा। सूरज की रोशनी में भी तीव्रता कम थी, जिसके चलते दिन के समय भी लोगों को ठंड महसूस हुई। दोपहर बाद शाम चार बजे से ठंड और बढ़ गई, जिससे सर्दी का असर स्पष्ट होने लगा। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़े पहनकर नजर आ रहे हैं। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों ने स्वेटर, जैकेट और मफलर आदि पहनकर स्वयं को सर्दी से बचाया हुआ है।

### बिजली चोरी में फरार न्यायालय में किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विद्युत चोरी के एक मामले में आरोपी और कई महीनों से फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान धर्मवीर पुत्र बनवारी, निवासी खेड़ी जूनारदार के रूप में हुई है। उनके विरुद्ध विद्युत चोरी का आरोप दर्ज था। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी काफी समय से पुलिस की पकड़ से बच रहा था, जिसके कारण न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा सक्रिय पूछताछ और गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में आरोपी धर्मवीर को झिंझाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे संबंधित न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। इस गिरफ्तारी से पुलिस द्वारा विद्युत चोरी जैसे गंभीर आर्थिक अपराधों के विरुद्ध चलाई जा रही कार्रवाई में सफलता मिली है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

### स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे को सरल एवं सुलभ बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। इसी क्रम में स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग, जनपद शामली आम नागरिकों को अवगत कराता है कि अब परिवार के भीतर संपत्ति के बंटवारे को विधिक रूप से पंजीकृत कराना पहले से अधिक आसान हो गया है। मुख्य बिंदु -उत्तर प्रदेश सरकार ने पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे (पार्टीशन-डीड) के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बना दिया है।-अब केवल रु. 5,000 स्टाम्प शुल्क तथा रु. 5,000 पंजीकरण शुल्क कुल रु. 10,000 में पारिवारिक संपत्ति का विधिक बंटवारा दर्ज कराया जा सकता है। यह सुविधा केवल कृषि, आवासीय तथा वाणिज्यिक संपत्तियों पर लागू होगी। यह नियम फर्म, सोसायटी, ट्रस्ट या कंपनी से संबंधित मामलों पर लागू नहीं होगा। पैतृक अचल संपत्ति के बंटवारे में पक्षकार अधिकतम तीन पीढ़ियां के एक रेखीय वंशज हों। पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेजों में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र, खतोनी, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टरध्फैमिली-आईडी आदि सम्मिलित किए जा सकते हैं। जनसामान्य इस प्रक्रिया को समझने हेतु किसी भी कार्य दिवस में उप- निबंधक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# परवेज हत्याकांड में दो नमजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव बराला के जंगल में ईख के खेत से एक युवक का गोली लगा शव मिलने के मामले में हत्या की आशंका गहरा गई है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर दो नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुक. दमा दर्ज कर लिया है। बुधवार सुबह शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

बुधवार की सुबह जब किसान पवन शर्मा भूरा- बराला मर्ग पर स्थित ईंट भठे के पास अपने ईख के खेत में खाद डालने गया। खेत में युवक का रक्तरंजित शव पड़ा देखकर वह चीख उठा। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।सूचना पर कोतवाल समय पाल अत्री पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थोड़ी देर बाद अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला भी फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंच गए थे। टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए थे। शव के पास से 315 बोर का तमंचा जिसमें कारतूस फंस हुआ था, आधार कार्ड,आरसी सहित अन्य सामान बरामद हुए थे।मृतक की पहचान परवेज पुत्र हाशिम निवासी

### पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी, दबिश अभियान किया तेज

राणामाजरा, जिला पानीपत हरियाणा के रूप में हुई। परवेज पिछले कई दिनों से लापता था। मृतक के छोटे भाई अरमान ने तहरीर में आरोप लगाया था कि करीब पांच दिन पहले आसिफ और शोयब दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ परवेज को घर से बुलाकर ले गए थे, जिसके बाद वह वापस नहीं लौट।आरोप है कि आसिफ, शोयब व दो अज्ञात ने मिलकर परवेज को गांव बराला के जंगल में ले जाकर हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने बताया कि यह मामला अब हत्या का है और पुलिस सभी एंगल पर काम कर रही है। पुलिस मृतक के मोबाइल, उसकी गतिविधियों व पुराने मामलों की भी जांच कर रही है।

# शादी करके ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

**शामली।** शादी करके ठगी करने वाले अंतर्राज्ईय गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। थाना बाबरी पुलिस द्वारा महिला लुटेरी दुल्हन और उसे दो साथियों को दबोचा, कब्जे से आभूषण, फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड व घटना में प्रयुक्त चोरी की होंडा सिटी कार बरामद।



ज्ञात हो कि वादी के साथ शादी करने के 4 दिन बाद धोखाधड़ी कर आभूषण व नकदी ले जाने के सम्बन्ध में वादी सुरेन्द्र कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार ग्राम रावलधी चरखी दादरी, सदर भिवानी हरियाणा, द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा टीमे गठित कर अभियुक्तगण की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष बाबरी को निर्देशित किया गया था ।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन व्यक्ति की चेकिंग अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुजफ्फरनगर-शामली हाईवे पर स्थित बाबरी बस स्टाप से 1. अरविन्द पुत्र बिशम्भर निवासी दतौली थाना गन्नोर जिला सोनीपत हरियाणा, 2. रविन्द्र पुत्र सुखपाल निवासी ग्राम सुनियान खेडी थाना भौराकलां जनपद मुजफ्फरनगर व 3. पूजा उर्फ पुनीता गुप्ता पुत्री ईश्वर प्रसाद गुप्ता निवासी मदारीपुर कुठोन्द जनपद जालोन, को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग अपनी एवं दुल्हन की पहचान छिपाने को लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर शादीयां करा देते हैं और शादी में गिफ्ट में जो भी आभूषण, रूपये मिलते है उसे हम बराबर -2 हिस्सो मे बांट लेते है और ए जो गहने बरामद हुए है वह ग्राम चूनसा मे की गई फर्जी तरीके से शादी के ही है । पकडे गए अभियुक्तगणो से बरामदा गाडी के बारे मे पूछा गया तो बताया कि ए गाडी हमने डेढ़ महीने पहले एक स्थान मन्डी धनौरा जनपद अमरोहा से चोरी की थी इस गाडी को हम फर्जी तरीके से शादियां कराने मे इस्तेमाल करते है। अभियुक्ता पूजा ने इससे पहले 3 शादी 1- जनपद बागपत के कस्बा बडौत में जिसमें अभियुक्तों द्वारा 1 लाख रूपये लेना संज्ञान में आया है, 2- जनपद बिजनौर के नजीबाबाद में जिसमें अभियुक्तों द्वारा 1.5 लाख रूपये कीमत की सोने की चेन ली गई है। 3-जनपद शामली के खेडी बैरागी मंदिर में हुई है। अभियुक्ता पूजा उपरोक्त की मुख्य शादी करीब 13 वर्ष पूर्व हुई थी जिससें अभियुक्ता को दो बच्चे होना संज्ञान में आया है। अभियुक्त अरविन्द उपरोक्त एक अन्य व्यक्ति अंकित निवासी मुजफ्फरनगर के माध्यम से अभियुक्ता पूजा के विभिन्न फर्जी नामों एवं पता अंकित कराकर आधार कार्ड पूजा को उपलब्ध कराता था तथा तीसरा अभियुक्त रविन्द्र उपरोक्त भी इनके साथ रहकर धोखाधडीध्षडयंत्र में शामिल रहता था। अभियुक्तगण द्वारा उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश व हरियाणा आदि राज्यों के विभिन्न जनपदों में शादी के नाम पर धोखाधडी की करीब 8-10 घटनाए कारित करना संज्ञान में आया है जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

# बीपीएन जूनियर हाई स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के बी पी एन जूनियर हाई स्कूल, छोटी नहर पटरी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया।प्रतियोगिता 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं खो-खो, कबड्डी, 100 मीटर, 200 मीटर, 500 मीटर व 1000 मीटर दौड़ सहित कई खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। छोटे बच्चों के लिए भी विशेष मनोरंजक खेल रखे गए हैं।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। विद्यालय प्रतिवर्ष इसी उद्देश्य से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता आ रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद कैप्टन मदनपाल समिति की अध्यक्षा अलका चौहान एवं डॉ. जनेश्वर चौहान ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में कुशांक चौहान ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, टीमवर्क और फिटनेस का आधार हैं। उन्होंने छात्रों को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मैदान में सीखे गए गुण जीवनभर सफलता के मार्ग को सरल बनाते हैं। कुशांक चौहान ने बच्चों को नियमित अभ्यास करने और अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखने का संदेश देते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र भविष्य में खेल जगत में जिले का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय स्टाफ ने विजेता छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस दौरान प्रबंधक श्वेता चौहान, कुसुम चौहान, प्रधानाचार्य शमा परवीन सहित विद्यालय के सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# सांसद इकरा हसन के निवास पर पहुंचे वाल्मीकि समाज के पदाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के अध्यक्ष अरविंद झंझोट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल लोकसभा क्षेत्र कैराना की सांसद इकरा हसन के आवास पर जनसमस्याओं को लेकर पहुंचा। सांसद के दिल्ली प्रवास पर होने के कारण संगठन के लोगों ने उनका ज्ञापन सांसद के सचिव नीरज मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आउटसोर्स व संविदा सफाई कर्मचारियों का वेतन शासनादेश के अनुसार 20 हजार रूपए किए जाने, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, सातवें वेतन आयोग का लाभ देने, मृतक आश्रितों के स्थान पर उनके परिजनों को नियुक्ति देने की मांग रखी गई। इसके साथ ही शामली की वाल्मीकि कॉलोनी में स्थित बारात घर को कब्जा मुक्त कराने तथा खेड़ी करमू में भगवान वाल्मीकि मंदिर परिसर में बारात घर निर्माण व सोलर स्ट्रीट लाइटें लगवाने की मांग भी की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष अरविंद झंझोट के साथ विनोद कुमार, रविंद्र कुमार, किरण कुमार वाल्मीकि मौजूद रहे।

# ठेकेदार व सभासदों की संयुक्त बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को नगर पालिका सभागार में चेयरमैन अरविन्द संगल ने शहर में विकास कार्यो को लेकर ठेकेदार और सभासदों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में उन्होने निर्माणाधीन सडकों की गुणवत्ता पर जोर दिया। साथ ही जिन सडकों को बनाया जा रहा है उनकी देखरेख आगामी एक वर्ष तक ठेकेदार को करने के निर्देश दिए।

गुरूवार को नगर पालिका सभागार में चेयरमैन अरविन्द संगल ने शहर में चल रहे विकास कार्यो को लेकर ठेकेदार और सभासदों की संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि शामली शहर का विकास कराना सभी की जिम्मेदारी है। ठेकेदारों द्वारा जो निर्माण कार्य किया जा रहा है उसमें गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। सडकों के निर्माण में मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग किया जाए।

यदि कोई भी ठेकेदार मानक के अनुसार कार्य नही करता है तो नगर पालिका उसका भुगतान रोकने से भी पीछे नही हटेगी। उन्होने कहा कि सभासद अपने अपने क्षेत्र में निर्माण कार्यो पर ध्यान रखे और आगामी एक वर्ष तक ठेकेदारों द्वारा किए गए निर्माण कार्यो की देखरेख की जाए। इस बीच यदि सडक टूटती है या खराब होती है तो ठेकेदार ठीक करेगे। उन्होने नगर पालिका कर्मचारियों को भी निर्देशित किया कि आने वाले फरयादियों से मधुर व्यावहार रखे। सभी की जनसुवाई करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सभासद रोबिन गर्ग, तोहिद रहमानी, कालू कुरैशी, सलमान अहमद, संदीप कुमार, गुलजारी मंस. ूरी आदि मौजूद रहे।

# बड़े नालों की सफाई व सड़क किनारे जल छिड़काव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) एवं जिला गंगा समिति के तत्वाधान में नगर पंचायत थानाभवन ने बृहस्पतिवार को बड़े नालों की विशेष सफाई अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा के निर्देशानुसार बूढ़ा बाबू पार्क के निकट स्थित मुख्य नाले की गंदगी व कचरे को मशीनों व सफाई कर्मियों की मदद से बाहर निकाला गया, ताकि जलप्रवाह सुचारू रहे और दुर्गंध सहित अन्य समस्याओं से लोगों को राहत मिले।



सफाई अभियान के दौरान नाले में जमी मिट्टी, कचरा और अवरा. ेधक सामग्री को हटाया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री पर धूल नियंत्रण हेतु जल छिड़काव भी कराया गया, जिससे वायु प्रदूषण में कमी आए और स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा ने बताया कि नगर में प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की भी अपील की।अभियान में वरिष्ठ लिपिक संजय कुमार, मनीष कुमार, वसीक अहमद सहित नगर पंचायत टीम मौजूद रही।

### ओलंपियाड परीक्षा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में गुरूवार को लायंस ओलिंपियाड फाउंडेशन दिल्ली द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा का शुभारंभ हर्षोल्लास व उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। यह परीक्षा विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, तार्किक क्षमता एवं विषयगत दक्षता को बढ़ावा देने तथा उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। ओलिंपियाड परीक्षा में कक्षा दो से कक्षा सात तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। परीक्षा में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान एवं मानसिक क्षमता से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिन्हें विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ हल किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा परीक्षा के सफल संच. ालन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि ओलिंपियाड परीक्षाएं विद्यार्थियों की अकादमिक क्षमता को नई दिशा प्रदान करती हैं। इस अवसर पर मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह, मौजूद रहे।

### चोरी का खुलासा न होने से नाराज पीड़ित ने सीओ को सौंपी तहरीर

**कैराना।** मोहल्ला दरबार खुर्द रेतावाला निवासी रिहान पुत्र मुनव्वर सैफी की कोतवाली के सामने बार्बर की दुकान है। रिहान ने बताया कि वह रोज की तरह रात करीब 8:30 बजे दुकान बंद कर अपने गोदाम चला गया था। रात लगभग पौने बारह बजे जब वह दुकान पर वापस लौटा तो दुकान का सामान बिखरा मिला और गल्ले में रखे दो लाख रूपए गायब थे। रिहान ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पीड़ित ने घटना के संबंध में कोतवाली पर तहरीर दी थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर अब पीड़ित ने सीओ कैराना को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र खुलासे की मांग की है। पुलिस मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

# बी-कॉम की छात्रा का पेपर न दिलाए जाने पर हंगामा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को शहर के वीवी डिग्री कालेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा का पेपर न दिलाए जाने का आरोप लगाते हुए छात्र संघ व भाकियु युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया। उन्होने एक शिक्षक पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कालेज गेट पर तालाबंदी कर दी और जमकर नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने हंगामा कर रहे छात्रों को समझा बुझाकर शांत किया।

गुरूवार को क्षेत्र के गांव लालूखेडी निवासी छात्रा प्रिया रानी का शहर के वीवी डिग्री कालेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष का बाही खाता एवं लेखा शास्त्र का सवेरे 9 बजे पेपर था। बताया जाता है कि छात्रा निर्धारित समय से करीब 9:45 बजे कालेज पहुंची, जिस पर कालेज प्रशासन से छात्रा को देरी से आने के कारण पेपर नही देने दिया। जिसके बाद छात्रा ने भाकियू युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रभात मलिक, विदेश मलिक व एबीवीपी के पदाधिकारियों राहुल कुमार से संपर्क किया। सूचना पाकर छात्र नेता कालेज पहुंच गए और उन्होने प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार से वार्ता कर कालेज प्रशासन छात्रा के एक्जाम रूप में जाने के बावजूद बाहर निकालने का आरोप लगाया। इस दौरान युवक द्वारा वीडियों बनाने पर प्राचार्य द्वारा ऐतराज जताया गया तो छात्र नेता भडक गए। उन्होने एक अन्य शिक्षक पर छात्र नेताओं से अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया।

हंगामा की सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और छात्र नेताओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र नेता नही माने। शिक्षक द्वारा काफी मांगने की मांग करने लगे। बाद में छात्र नेताओं ने कालेज के तीनों गेट पर तालाबंदी करते हुए रास्ता बंद दिया। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों की तीखी नोंकझोंक भी हुई। बाद में पुलिस की मौजूदगी में शिक्षकों, प्राचार्य व छात्र नेताओं के बीच वार्ता कराई गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि छात्रा का बेक पेपर करा दिया जाएगा। साथ ही शिक्षक की अभद्रता पर गलती स्वीकार की, जिसके बाद मामला शांत हो गया। छात्र नेताओं द्वारा कालेज में किए गए नारेबाजी और हंगामे के चलते परीक्षा देने आने वाले छात्र-छात्राऐं भी परेशान रहे। इस अवसर पर जिला संयोजक एबीवीपी विष्णु शर्मा, प्रदेश सह मीडिया सोशल मीडिया संयोजक वैभव ऐरन, राहुल शास्त्री, मानिक, वंश प्रजापति, वंश बावरा, अर्जुन, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

## बूथ का स्थान परिवर्तन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सभासद अनवरुल हक उर्फ शारिक हाशमी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी/ एसडीएम के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा है कि मौहल्ला कटकुई भाग संख्या 173 व 174 का बूथ लंबे समय से एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर में बना हुआ है जो कि मौहल्ला कटकुई से काफी दूरी पर स्थित है।



# भाजपा-रालोद नेताओं ने संयुक्त रूप से किया जिम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के कैराना मार्ग पर पीएनबी बैंक के ऊपर हिमालय वंडर्स जिम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व सांसद व भाजपा जिला अध्यक्ष व रालोद जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। गुरुवार को कस्बे के कैराना मार्ग पर स्थित पीएनबी के ऊपर हिमालय वंडर्स जिम का शुभारंभ पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल व रालोद जिला अध्यक्ष वाजिद अली ने संयुक्त रूप से सीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिम करने से इंसान स्वस्थ रहता है। देश के युवा बॉडी बिल्डिंग में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह जिम खोले जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी बॉडी बिल्डिंग में अपना भविष्य आजमा रहे हैं, प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। रालोद जिला अध्यक्ष वाजिद अली ने कहा कि सिर्फ एक जिम का उद्घाटन नहीं कर रहे, बल्कि युवा शक्ति के नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। युवा ही देश की रीढ़ हैं, अगर युवा फिट हैं तो समाज फिट है, अगर युवा जागरूक है, तो देश प्रगतिशील है।युवाओं को सही साधन मिल जाए,तो वह चमत्कार कर सकते हैं। यह जिम उसी चमत्कार की नींव है। यह स्थान अब सिर्फ मशीनों का घर नहीं रहेगा, बल्कि जोश, जूनून और जमकर मेहनत का केंद्र बनेगा। इस दौरान चेयरमैन नजमुल इस्लाम, रालोद नेता विक्रांत जावला, योगेश भभीसा, जुनैद मुखिया, हरिमोहन चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ रश्मिकांत जैन, जितेन्द्र चौहान टिंकू, थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, रोहित गुप्ता,पूर्व चेयरमैन हाजी इस्लाम, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार, नेकपाल चौहान, नवीन मलिक, नरेंद्र चौहान, शाहबाज खान सहित आदि मौजूद रहे।

## कोचिंग जा रही युवती का पीछा करना पड़ा भारी, दो पक्षों में हुई मारपीट

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर कोचिंग सेंटर पर जा रही युवती का पीछा करना दो युवकों को भारी पड़ गया। युवती के परिजनों ने दोनों युवकों को पकड़ कर जमकर धुनाई की। एक युवक मौके से फरार हो गया। इसी बीच युवक के परिजन भी मौके पर आ गए। दोनों पक्ष जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों पक्षों के लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। बीच बाजार हुई मारपीट को लेकर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवती दोनों नहरों के बीच स्थित कोचिंग सेंटर पर कोचिंग करने के लिए आती है। युवती का आरोप है कि पिछले कई दिनों से दो युवक युवती का पीछा करते हुए अश्लील हरकत कर रहे थे। युवती ने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। गुरुवार को जैसे ही युवती कोचिंग सेंटर के लिए निकली दोनों युवकों ने युवती का पीछा करना शुरू करने के साथ ही अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी। युवती के पीछे चल रहे युवती के परिजनों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। इसी बीच एक युवक मौके से फरार हो गया। सूचना पर युवक के परिजन भी मौके पर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने तीन को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# युवती को होटल में खींचने पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को शहर के कंडैला चौकी क्षेत्र में उस समय हंगामा खडा हो गया, जब एक युवती को होटल में खींच लिया गया। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और अवैध रूप से संचालित होटलों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने उक्त होटलों में अनैतिक कार्यो को धंधा पुलिस की संलिप्ता के साथ करने का आरोप लगाया।

बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक अपनी बहन के साथ बाइक पर औद्योगिक क्षेत्र से जा रहा था। आरोप है कि जब वह एक होटल के बाहर पहुंचा तो कुछ युवकों ने युवती पर अभद्र कमेंट किए। आरोप है कि कुछ होटल में मौजूद युवकों ने युवती को होटल में खींच लिया। जिसका भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की। जिसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड मौके पर एकत्रित हो गई और जमकर हंगामा किया। पीड़ित ने बताया कि वह बस स्टैंड पर था। इस दौरान उसके साथ अभद्रता की गई। ग्रामीणों ने पुलिस की सांठगांठ के चलते अवैध होटल चलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह आला अधिका. रियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड गए। सूचना पर एएसपी सुमित शुक्ला भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर शांत किया। एएसपी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम को लगा दिया गया है। वहीं, जो भी होटल जिले में बिना पंजीकरण के चल रहे है उन्हें बंद कराने के लिए निर्देश दिए गए। साथ ही होटल के रजिस्टर, सीसीटीवी की भी जांच के आदेश दिए गए है।

## पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी भी मौके पर पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ग्रामीणों के हंगामे की सूचना पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में कुछ होटलों में अनेतिक कार्य चल रहे है। जिनसे गांव का माहौल खराब होता है। गांव से आने जाने वाले युवतियों व महिलाओं को शक की निगाहों से देखा जाता है। उन्होंने एसपी से होटलों की जांच कराकर कार्रवाई की बात कही। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने बताया कि एसपी ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# भारत स्काउट व गाइड का शिविर प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जनपद शामली के जिला मुख्यालय स्काउट-गाइड राजकीय इंटर कॉलेज लिलौन में प्रगतिशील प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रवेश एवं प्रथम सोपान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हो गया। शिविर का शुभारंभ डीआईओएस लक्ष्मी ऐश्वर्या जैसवाल ने ध्वजारोहण कर किया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यायुक्त व सीडीओ विनय कुमार तिवारी के निर्देशन में किया गया। उद्घाटन अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य अमित चौरसिया, प्रधानाचार्य विनोद वर्मा, पूजा मलिक तथा जिला सचिव डॉ। हीरा सिंह उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर का संचालन संयुक्त रूप से जिला संगठन आयुक्त, गाइड गीता रानी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त, गाइड गायत्री देवी द्वारा किया गया। शि. विर में स्काउट-गाइड के इतिहास, प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही स्काउट-गाइड ताली बजाने की विधि एवं मार्च पास्ट का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता के गुणों से परिचित कराया जा रहा है। शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं में राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



## एसआईआर फार्म भरवाने में किया सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री विवेक प्रेमी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं की टोली ने शामली नगर को शत-प्रतिशत एसआईआर लक्ष्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से घर-घर, दरवाजे-दरवाजे जाकर नागरिकों से एसआईआर फार्म भरवाने एवं जमा कराने में सक्रिय सहयोग किया। अभियान के दौरान भाजपा जिला मंत्री विवेक प्रेमी ने कहा कि एसआईआर फार्म केवल एक कागज नहीं, बल्कि प्रतएक नागरिक की सही पहचान, उसकी सुविधाओं एवं उसके अधिकारों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि इसे सही तरीके से भरकर जमा करना हम सभी की जरूरत और कर्तव्य दोनों है। साथ ही एसआईआर भविष्य में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की मजबूत नींव भी साबित होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी को फार्म भरने में किसी प्रकार की परेशानी हो तो वह भाजपा की टीम से बिना संकोच सहयोग ले सकते हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता सन्नी शर्मा, वंशु वर्मा, वासु शर्मा, अजय कुमार, हर्ष गिरी, वंश नामदेव, डॉ। शमशेर, सूफी शमशाद, सोनू खान, जावेद खान, उस्मान खान, वेदांत वत्स, वंश वर्मा, शंकर वर्मा, जीशान कुरैशी, विपिन वाल्मीकि, मनीष शेरयार, सूरज पाल, एडवोकेट मनदीप मौजूद रहे।

## स्कूल में बंद कुत्ता ग्रामीणों ने निकाला

**नहटौर।** ग्राम जलालपुर आसरा स्थित सरकारी स्कूल से रात के समय लगातार कुत्ते के रोने की आवाजें आ रही थीं। आवाजें सुनकर कुछ ग्रामीण स्कूल पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक कक्षा का दरवाजा बंद है और कुत्ता अंदर फंसा हुआ है। ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर कुत्ते को बाहर निकाला। कुत्ता कई घंटों तक स्कूल के कक्ष में बंद रहा और बाहर निकलने की कोशिश करता रहा। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने मामला संज्ञान में आया है, जांच कराई जाएंगी। स्कूल इंचार्ज शिक्षक ब्रजपाल सिंह का कहना है कि कुत्ता जर्जर कक्ष में टूटी हुई खिड़की के रास्ते से अंदर पहुंच गया था। इस कक्ष में जर्जर होने के कारण शिक्षण कार्य नहीं होता है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# सिल्वर बेल्सः वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया अपना हुनर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल में गुरूवार को 24वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल सीपी बडोला ने मशाल प्रज्वलित कर एवं गुब्बारों को आकाश में उड़ाकर किया। उद्घाटन अवसर पर इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के नव निर्वाचित छात्र नेताओं को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। हेड बॉय स्वर्णमॉय चक्रवर्ती एवं हेड गर्ल अनुष्का अग्रवाल को चुना गया, जबकि डिप्टी हेड बॉय वेदांश गुप्ता एवं डिप्टी हेड गर्ल वंशिका गर्ग बनीं। हाउस कैप्टन के रूप में सुभाष सदन से अभय तायल व वैष्णवी संगल, टैगोर सदन से सात्विक त्यागी व अदिति सिंह, अशोका सदन से आर्यन शर्मा व मिष्ठी बंसल तथा रमन सदन से अभिनव चौधरी व उर्वी तोमर को नियुक्त किया गया। स्पोर्ट्स कैप्टन परम व स्नेहा बेनीवाल, डिसिप्लिन इंचार्ज आदित्य वर्मा व वंशिका चौधरी, कल्चरल एक्टिविटी इंचार्ज आयान व बुसरा सैफी तथा एकेडमिक इंचार्ज अभिनव निर्वाल व लक्षिका मित्तल बनाए गए। वहीं साइंस रिप्रेजेंटेटिव अर्पण, कॉमर्स रिप्रेजेंटेटिव एकांश जिंदल एवं ह्यूमैनिटी रिप्रेजेंटेटिव अनन्या माठीयान को बनाया गया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा इंटर हाउस मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। गर्ल्स मार्च पास्ट में सुभाष सदन ने प्रथम, अशो. का सदन ने द्वितीय तथा टैगोर एवं रमन सदन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉयज मार्च पास्ट में टैगोर सदन प्रथम, अशोका सदन द्वितीय, रमन सदन तृतीय एवं सुभाष सदन चतुर्थ स्थान पर रहा। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत संगीत सुर लहरी पर ड्रिल और प्राइमरी छात्रों द्वारा योग व आसनों के प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों के लिए शूटिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, खो-खो, स्विमिंग, फुटबॉल, बास्केटबॉल, कला, संगीत, नृत्य व अनुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं के पहले दिन सीनियर गर्ल्स लंबी कूद में टैगोर सदन की कोमल, जूनियर गर्ल्स में सुभाष सदन की शगुन, सीनियर बॉयज में अशोका सदन के रिहान और जूनियर बॉयज में अशोका सदन के वारस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाटपुट सीनियर गर्ल्स में अशोका सदन की राधिका, जूनियर गर्ल्स में टैगोर सदन की मानवी, सीनियर बॉयज में अशो. का सदन के गिरीश तथा जूनियर बॉयज में अशोका सदन के सार्थक चौधरी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ। एके गोयल, विकास कपूर, डॉ। गरिमा अग्रवाल, हेमू सिंह, राखी राणा, विनोद निषाद, दीपा जेटली, अजय पुंडीर, सतीश शर्मा, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।


**सूचना**

मैं KHURSHEED AHMAD S/O MAQSOOD AHMAD पता H.N. 423 KHAIL KALAN KAIRANA PO/PS KAIRANA, DISTT SHAMLI, UTTAR PRADESH-247774 INDIA मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम KHURSHID AHMAD अंकित है, जबकि मेरा सही नाम KHURSHEED AHMAD है। मुझे KHURSHEED AHMAD के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाता है।


## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**चांदपुर।** ग्राम अकबरपुर तिगरी निवासी जीशान अहमद (50 वर्ष) पुत्र इमामुद्दीन सवेरे बिजनौर से दवाई लेने जाने के लिये चांदपुर पहुंचा था। जहां वे चलती ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने के कारण ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गयी। ग्रामीण की मौत की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत ही 108 एम्बुलेंस के द्वारा सीएचसी स्याऊ पहुंचवाया। चौकी प्रभारी प्रणव कुमार का कहना है कि नजीबाबद गजरौला के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसल जाने के कारण यह घटना घटी। मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम न कराने की बात कहते हुए अगली कोई भी कानूनी कार्यवाही करने से इंकार दिया।

### सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्म दिवस सभासद व आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर, जिला उपाध्यक्ष विपिन गुथलिया, नगर प्रभारी ज्ञान सिंह, नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने केक काटकर अपने प्रिय नेता चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया। इसके उपरांत नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर मरीजों को फल भी वितरित किए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि नगर कमेटी को बूथ स्तर तक मजबूत करें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में हमारा एक-एक वोट पार्टी प्रत्याशी को पड़े। इस मौके पर सलीम मलिक, हाशिम इस्लाम, मरगूब मुल्तानी, मौहम्मद सद्दीक, नरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, जुबैर इकबाल, यासर सईद फैजी, आमिर अली आदि उपस्थित रहे।

### गढ़वाल रायफल व शाहजहांपुर रहे विजयी

**नगीना।** याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे दिन पहला मैच गढ़वाल रायफल व रुद्रपुर के बीच खेला गया। जिसमें गढ़वाल रायफल ने रुद्रपुर को हराकर 4-0 के स्कोर से मैच को जीत लिया। दूसरा मैच देहरादून व शाहजहांपुर के बीच खेला गया। जिसमें शाहजहांपुर ने देहरादून को हरा कर मैच को 3-0 के स्कोर से जीत लिया। बुधवार को खेले गए दोनों मैचों के दौरान चारों टीमों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इन मैचों के रैफरी गोहर निसार, सुभाष कपूर उर्फ पप्पी, लाइनमैन निसार अहमद व शमशाद रहे। इस अवसर पर राकेश कर्णवाल, कुंवर अमरजीत, अब्दुल समद, मंजीत विश्नोई, पूर्व सभासद गफ्फार मुल्तानी, राकेश मिश्रा एड., नौशाद अप्पा, अजीम सीनियर, निसार अहमद, शमशाद, शाकिर उस्मानी, हाशिम इस्लाम अल्वी, अशोक कुमार, जहांगीर, आबिद, शेख जमशेद, चांद भाई, काका अंसारी, जहांगीर खलीफा, अखलाक उर्फ काकू, शाकिर उस्मानी, अब्दुल्ला, शिबली निसार, ताहिर मुल्तानी, आसिम मुल्तानी आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने किया अभियान का निरीक्षण

**नगीना।** भाजपा पूर्व विधायक सतीश गौतम ने नगीना विधानसभा के बूथ संख्या 241 हरबंशपुर धारम उर्फ अलहैदादपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से प्रवासी के नाते आज बूथ के बूथ अध्यक्ष बीएलओ एवं गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर लोगों को जागरुक कर कार्यक्रम के बारे में बताया उन्होंने कहा आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः भाजपा सरकार बनने जा रही है। इसलिए हमें अपने-अपने बूथ पर सही से कार्यक्रम का क्रियान्वयन करना होगा एवं बीएलओ का सहयोग कर सभी लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवा कर जमा कराना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बताया कि अब तक बूथ पर बीएलओ के अनुसार 1180 फार्म वितरित हो चुके हैं, जिसमें से 955 फॉर्म जमा किए जा चुके हैं तथा 62 नाम काटे गए हैं। शीघ्र बूथ पर एवं नगीना विधानसभा में अभियान कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सतीश गौतम, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा जितेंद्र राठी, बूथ अध्यक्ष नथू सिंह, बीएलओ कौशल देवी, राम गोपाल, छोटू राम, अमन सिंह सरला देवी, रमेश कुमार एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### हिमालया वैलनेंस का औद्योगिक भ्रमण

**बिजनौर।** वीर कुवंर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने हिमालया वैलनेंस, देहरादून कंपनी का औद्योगिक भ्रमण किया। हैड डॉ. सैय्यद फारूख ने विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में अवगत कराया कि यह कंपनी 1930 से विभिन्न प्रकार की हर्बल फॉरमुलेज़न तैयार करती है। डा. जफर अहमद व डा. अनिल ने कम्पनी के भीतर जो भी दवाईयां निर्मित करने की लैब होती है, उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकरी विद्यार्थियों को दी। म्यूजियम व हर्बल गार्डन को भी कंपनी के कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के साथ रहकर उनके बारे में भी विस्तारपूर्वक देते हुए अवगत कराया की कंपनी का वातावरण कितना उचित व स्वच्छ है। आद्योगिक भम्रण में फार्मेसी डिपार्टमेंट के प्रवक्ता नरदेव सिंह, ज्योति सिंह, मौ. नावेद एवं मौ. जुबैर उपस्थित रहे। प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह ने हिमालया वैलनेंस, देहरादून कंपनी का औद्योगिक भ्रमण के उपरान्त वापस लौटे छात्रों एवं प्रवक्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कालेजस प्रत्येक वर्ष विभिन्न उच्चस्तरीय औद्योगिक भ्रमण कराता है, जिससे छात्र/छात्राओं को नई तकनीकी की पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके।

### सीओ को सौंपा ज्ञापन

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार ने विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह को एक ज्ञापन अपनी टीम के साथ सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में खनन सामग्री अवैध तरीके से स्थानांतरित होने को लेकर कहा कि भागूवाला चौक पोस्ट से प्रत्येक दिन सैकड़ों ओवरलोड डम्पर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करते हैं। इन पर सम्बन्धित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। तहसील क्षेत्र में परमिशन के आधार पर मिट्टी का खनन दिन में किया जाना चाहिए। इसके साथ नगर के विभिन्न होटलों में चोरी छिपे पिलाई जा रही शराब बंद कराई जाये। इन सब मुद्दों पर तत्काल कार्यवाही की जाए अन्यथा आने वाली 9 दिसंबर से भारतीय किसान यूनियन महात्मा आंदोलन शुरू करेगी। ज्ञापन देने में युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार, जितेंद्र हुड्डा, कुलदीप मोर, कपिल कुमार, कृष्ण कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

### जन जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विधान सभा क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर फार्म को और गति प्रदान करने के उद्देश्य से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चांदपुर के निर्देशानुसार गजेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में रैली का आयोजन कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्याऊ के छात्र जन जागरूकता नारे लगाते हुए गतिमान एसआईआर की प्रक्रिया से जुड़े निर्देश तथा महत्व को रेखांकित करती हुई पट्टिकायें तथा बैनर्स व हैंडबिल आदि भी सात में लिए थे।

# पुलिस की कार्यशैली पर खड़े किए सवाल

## अदालत ने गिरफ्तारी को संदिग्ध मानते हुए बंधपत्र के आधार पर किया रिहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अदालत ने चोरी में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए गिरफ्तारी को संदिग्ध मानते हुए दो लोगों को व्यक्तिगत बंधपत्र के आधार पर रिहा किया। जबकि एक की पूर्व में जमानत मंजूर हो चुकी है। अदालत ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले में निष्पक्ष जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई किये जाने के आदेश दिए है।

गत एक दिसंबर को तीन दिन पूर्व विभिन्न स्थानों पर हुई चोरी के मामले में तीन लोगों को पुलिस ने थाना नागल क्षेत्र के उमाही निवासी सरफराज, शाहरुख और रफीक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इन पर 30 जुलाई को क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से चोरी करने का आरोप था।

पुलिस ने इनके पास से एक बाइक, एक इन्वर्टर और तीन बैटरे समेत काफी सामान बरामद किए जाने का दावा किया था। मामले में शाहरुख की ओर से अदालत में आपत्ति प्रस्तुत कर उसकी गिरफ्तारी को झूठा और फर्जी बताया गया था। उसकी पत्नी ने एसएसपी को घटना की जानकारी दी थी। एक वीडियो रिकार्डिंग भी अदालत में पेश कराई गई थी, जिसमें पुलिस द्वारा दिखाई गई गिरफ्तारी की तिथि और समय भिन्न था।

गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए एसीजेएम परविंदर सिंह ने पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाया और कहा कि मामले के विवेचक उपनिरीक्षक राजकमल द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया गया है। प्रस्तुत की गई विवेचना से स्पष्ट हो

**अदालत ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले में निष्पक्ष जांच कर अग्रिम कार्रवाई किए जाने के दिए आदेश**

जाता है कि उक्त गिरफ्तारी संदिग्ध है। मामले में एसीजेएम परविंदर सिंह ने शाहरुख व सरफराज को 25 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र और समान धनराशि के दो प्रतिभू दाखिल करने पर रिहा किया।

जबकि तीसरे अभियुक्त रफीक की जमानत पूर्व में प्रदत्त है। अदालत ने मुकदमों की निष्पक्ष जांच और अग्रिम निष्पक्ष कार्रवाई और प्रकरण की विवेचना किसी अन्य सक्षम अधिकारी से कराने के लिए एसएसपी को आदेश दिए है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में रोगियों का किया परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।।** यूनानी चिकित्सा पद्धति पर आधारित निशुल्क चिकित्सा शि. विर का आयोजन हुआ। इसमें मुम्बई के मशहूर हकीम इरशाद अहमद ने गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कर उन्हें दवाई दी।

रेलवे रोड स्थित सिटी सेंटर मार्किट में यूनानी चिकित्सा पद्धति पर आधारित निशुल्क चिकित्सा शिविर का उदघाटन वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व चेयरमैन मोहम्मद मजहर ने किया। शिविर में मुम्बई महाराष्ट्र से आए हकीम इरशाद अहमद ने कहा कि यूनानी पद्धति दुनिया की सबसे पुरानी पद्धति है। इसमें हर प्रकार के रोग का इलाज संभव है और यह एलोपैथी के मुकाबले बेहद सस्ती भी है। कहा कि शुगर, हृदय रोग, थायराइड, माइग्रेन आदि बीमारी वर्तमान समय में बेहद आम हो चुकी हैं और इससे ग्रस्त लोगों को जीवन



भर दवाओं का सेवन करना पड़ता है। लेकिन उनका दावा हैं कि यूनानी पद्धति से यह बीमारियां कुछ समय में ही जड़ से समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने सभी लोगों से हानिरहित यूनानी पद्धति को अपनाने का आह्वान किया। शिविर में हकीम इरशाद और उनके पुत्र हकीम इजहारुल हसन ने दर्जनों रोगियों की नब्ज देखकर उनका उपचार किया। मुफ्ती वलीउल्लाह, मौलाना नसीम अहमद, हाफिज अली हसन, कारी यूसुफ, मौलाना हुजैफा, मौलाना अशरफ, नदीम अहमद आदि शामिल रहे।

# मेपल्स एकेडमी में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में लगे रक्तदान शिविर में स्कूल स्टाफ सहित 52 लोगों ने रक्तदान किया।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी प्रागण में एचडीएफसी बैंक के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें स्कूल स्टाफ समेत 52 लोगों ने रक्तदान किया। प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने कहा कि आपका रक्त किसी का जीवन बचा सकता है। कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए हमें रक्तदान करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों के लिए सुरक्षित रक्तदान उपलब्ध कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरुकता बढ़ाना रहा। उन्होंने स्वस्थ लोगों से वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करते रहने का आह्वान किया।

# छात्राओं ने कविता व गजलें प्रस्तुत कर दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिया डिग्री कालेज में खुला मंच सत्र का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने कविता व गजलें आदि प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इस्लामिया डिग्री कालेज के मेनेजमैंट विभाग द्वारा आयोजित खुला मंच सत्र में हिंदी भाषा में प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों में प्रियांशी कोहली ने प्रथम, आतिफा ने द्वितीय तथा सामिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि अंग्रेजी भाषा में लुबना प्रथम, अयाना रोज खान द्वितीय और जैनब तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्य डा. वकील अहमद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान होता है। साथ ही यह कौशल विक.



सित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इसलिए कॉलेज में समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुशरा शफीक, डा. मोहम्मद दानिश, खालिदा जोया, रुबीना आदि विद्यार्थी शामिल रहे।

# लापता मासूम का अभी तक नहीं लगा कोई सुराग

**देवबन्द।** घेर में खेलने के दौरान गायब हुए चार वर्षीय मासूम आहद का पंद्रह दिन के बाद भी पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी। बन्हेड़ा खास गांव में 20 नवंबर की शाम आहद दो अन्य बच्चों के साथ घर के समीप निर्माणधीन घेर में खेल रहा था। काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचा। परिजन उसे देखने गए लेकिन वह घेर में भी नहीं मिला। तलाश शुरु की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई तो दो बच्चे ही जाते हुए दिखाई दे रहे थे। मामले में आहद का चाचा शराफत ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई हुई है। शराफत ने बताया कि शुक्रवार को इस मामले को लेकर पुलिस से मिला जाएगा।

# भगवान श्री कृष्ण एवं भगवान श्रीराम के जन्म का किया वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री गीता प्रचार सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथाव्यास ने भगवान श्री कृष्ण एवं भगवान श्रीराम के जन्म का वर्णन किया।

श्री गीता भवन में कथा सुनाते हुए मनोज महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं।



रावण व कंस जैसे अत्याचारियों का अंत करने के लिए कभी राम कभी श्याम बनकर प्रभु मानव लीला करते हैं। तपस्या करने से भगवान खुश होते हैं। महाराज ने कृष्ण जन्म की सुंदर कथा सुनाई। बताया कि गोपालन करने वाले मनुष्य भगवान कृष्ण को बहुत अच्छे लगते हैं। इस दौरान हाथी घोडा पालकी जय कन्हैयालाल की के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कथा के यजमान अनिल गोयल रहे जबकि प्रसाद वितरण आदेश शर्मा ने किया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# विवाहिता ने मारपीटकर घर से निकालने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विवाहिता ने पति व ससुरा. लियों पर मारपीट कर घर से निक. ालने का आरोप लगाते हुए पति पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

रेलवे रोड स्थित एक कॉलोनी निवासी विवाहिता परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि वर्ष 2016 में उसकी शादी कॉलोनी निवासी व्यक्ति से हुई थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुरालिए उसे बदसूरत कहकर उसका शारीरिक और मान. सिक उत्पीड़न करने लगे। इतना ही नहीं पति बुरी नजर रखने के चलते

**पति पर लगाए कई गंभीर आरोप, पुलिस मामले की जांच में जुटी**

उससे जबरन बहनों को घर पर बुलाने की मांग करता था।

दो दिन पूर्व पति नशे में घर आया और बहनों को न बुलाने के चलते गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की, जिसमें वह घायल हो गई। परिजनों को फोन कर ससुराल बुलाया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस का कहना है तहरीर मिल गई है, जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू तोमर 13 को उत्तराखंड सीएम कार्यालय पर करेगी पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने गुरुवार को गांव सदरपुर में मेरठ जिला महासचिव अमित कुमार के आवास पर कि पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर का फूल मलाओ और ढोल नंगाड़ो के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर ने पंचायत मे मौजूद किसानो से आह्वान किया कि 13 दिसंबर को किसानो कि समस्याओं को लेकर संगठन मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी के कार्यालय को घेरने का काम करेगा। चौधरी संजीव तोमर ने बताया कि गन्ने का भाव 500 रूपये कुंतल किया जाये तथा बकाया भुगतान जल्द से जल्द कराया जाये।

इकबालपुर शुगर मिल से किसानो का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाये। पहाड़ी किसानो के लिए कृषि यंत्र फ्री दी जाये और खेत से मंडी तक का ट्रांसपोर्ट खर्च सरकार को देना चाहिए। पहाड़ में इंटरनेट सुविधा पर विशेष ध्यान दे। पहाड़ी किसान छोटा जमीरदार होता है तो उसे लोन में कम से कम 60 परसेंट की सब्सिडी दी जाये, और सड़क पूर्ण रुप से गड्ढा मुक्त किया जाये।

किसानो के वाहनो से टोल टैक्स न लिया जाये या रोड टैक्स दोनो में से एक चीज लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाकियू तोमर इस तर्ज पर 24 सूत्रीय एक ज्ञापन सरकार को सौपेंगे, और उनका समाधान कराने का काम करेंगे। सम्बोधन के बाद तोसीफ खान को युवा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सलाहकार इन्दरजीत सां. गवान, राष्ट्रीय सलाहकार प्रतिनिधि एसपी सिंह, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष छम्मन खान, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, प्रदेश संगठन मंत्री पप्मी, कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी, युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रज्जी खान, शिवाशु काकरान, ईकपाल राठी, विवेक लांबा, अरुण, ओमबीर सिह, एतेन्दर सिह, पवनीश सिंह, पम्पन, सचिन, आबिद, मुनसफ अली, शबी अहमद, आबीद, इरफान, मुकेश, शिराज, ताहीर, भूरा, हनी बालियान, सोनू आदि मौजूद रहे।



# हाईवे पर पड़ा मिला दो दिन से लापता युवक का शव

## सेना में भर्ती के लिए मामा के यहां आया था मुजफ्फरनगर का विपिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव दबथुवा में गुरूवार शाम हाईवे पर सड़क किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त गांव दबथुवा से दो दिन से गायब एक युवक के रूप में की, पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी करते हुए जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज की छानबीन कराई।

मुजफ्फरनगर जिले के गांव काकड़ा थाना शाहपुर निवासी विपिन पुत्र सुरेन्द्र बालियान अपने साथी कविन्द्र पुत्र इन्द्रपाल निवासी कमला. पुर थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर सरधना थाना क्षेत्र के गांव दबथुवा में अपने मामा दीपक पुत्र सतवीर के यहां सोमवार शाम आया था। जानकारी



के अनुसार विपिन व कविन्द्र को पल्लवपुरम में आर्मी भर्ती में फिजिकल टेस्ट बुधवार का देना था।

मंगलवार सुबह करीब 7 बजे दोनों दोस्त दौड़ लगाने के लिए मेरठ करनाल हाईवे पर निकले थे। लेकिन दौड़ के दौरान पेट्रोल पंप के कविन्द्र रूक गया था, लेकिन विपिन आगे निकल गया था,जो वापस लौटकर नही आया था। परिजनों ने इस मामले में सरधना थाने में मंगलवार शाम गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुरूवार शाम हाईवे पर गांव पोहल्ली महाव. ीर कॉलेज के सामने आर्मी स्टेशन की दीवार से मिली झाड़ियों में विपिन का शव पड़ा हुआ मिला, जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी मिलते ही सीओ आशुतोष कुमार थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मामलें की जानकारी जुटाई। सीओ का कहना था कि हत्या या हादसे के बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही क्लियर किया जायेगा। युवक के शव के चेहरे पर चोंट के निशान थे, युवक का शव मिलने के बाद परि. जनों का रो- रोकर बुरा हाल था।

# परतापुर पुलिस ने हत्या का खुलासा कर आरोपी को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते 27 नवंबर को पप्पू पुत्र मांगेराम मलियाना ने अपने भाई की हत्या के एक मामले की थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उनका आरोप था कि उनके भाई की हत्या कर शव को मोहकमपुर सेक्टर एरिया में फेंक दिया गया है। परतापुर पुलिस और स्वाट टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी हनी उर्फ विनीत निवासी शिवपुरम थाना टीपी नगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी मृतक से कहासुनी हो गई थी इसी कारण उसने उसकी हत्या कर शव को मो. हमपुर सेक्टर में फेंक दिया था यह जानकारी गुरुवार को एसपी सिटी में पत्रकारों को पुलिस लाइन में दी।

# एसआईआर सर्वेक्षणः एसडीएम सरधना ने की दलों के साथ बैठक



**सरधना।** चुनाव आयोग द्वारा चलाएं जा रहें मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण सर्वेक्षण के प्रकरण में गुरूवार को एसडीएम सरधना ने सभी दलों के साथ मिलकर बैठक का आयोजन किया। जिसमें सामने आ रही शिकायतों को दूर करने के लिए मंथन किया गया। इस दौरान सत्ता व विपक्षी दलों के बीच गर्मा-गर्मी के माहौल बना रहा, बैठक के दौरान पुलिस फोर्स की तैनाती बनी रही। गुरूवार दोपहर तहसील परिसर के सभागर में आयोजित बैठक में एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर ने सपा विधायक अतुल प्रधान, लोकदल से आतिर रिजवी, भाजपा से संगीत सोम सेना के सचिन खटीक, विनोद ठाकुर, व कांग्रेस से सैयद रिहानुदीन समेत अन्य विपक्षी दलों के नेता व कार्यकर्ताओं के साथ बीएलओ व सुपरवाइजरों सर्वेक्षण के दौरान हो रही समस्याओं के बारें में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मतदाताओं के साथ होने वाली समस्याओं का समाधान व सर्वेक्षण जल्द से जल्द पूरा करने के लिए बीएलओं को निर्देश दिए गये। इस दौरान आगा अली शाह, शाहवेज अंसारी, ललित गुर्जर, अशरफ राणा, कासिम अंसारी, चांद आदि रहे।

## ड्रॉ का आयोजन

**मेरठ।** उपनिदेशक राजीव राय ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत माह अप्रैल, 2024 से सितम्बर, 2025 तक छह तिमाही एवं तीन छमाही का ड्रा आयुक्त द्वारा नामित प्रति. निधि अपर आयुक्त की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से आयुक्त सभागार में 8 दिसम्बर को एक बजे नियत किया गया है।

# साइबर ठगों ने तीन खातों से उड़ाए 61 हजार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहसूमा।** साईबर ठगों ने तीन खातों से 61 हजार रुपए उड़ा दिये। पीड़ित ने थाने पर अज्ञात ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित हरबीर पुत्र हरनारायण सिंह ने बताया कि उनके व्हाट्सएप कॉल पर एक लिंक आया। जिसको उन्होंने खोल दिया। जैसे ही लिंक खोला तो उनके आरबीएल क्रेडिट कार्ड बैक ऑफ बडौदा एक्सिस बैंक से लगभग 61 हजार रुपए काट लिये। बैंक से पैसे कटते ही उनको मैसेज जाने शुरू हो गए। तभी उन्होंने बैंक में जाकर इसकी शिकायत की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पीड़ित ने थाने पर जाकर साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पर एक प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# जनहित के हर एक मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी निभा रही अपनी भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय जेल रोड पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी द्वारा समाजवादी पार्टी जनपद मेरठ कि जिला कार्यकारिणी में मौ. अशरफ अली को विधानसभा अध्यक्ष सरधना पद पर मनोनीत किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने कहा कि पूरे जनपद में पार्टी को मजबूत बनाना है अखिलेश यादव के निर्देश के



अनुसार पार्टी लोगों की हर समस्या और जनहित के हर मुद्दे को लेकर मैदान में है साथ ही इस समय सबसे बड़ा टारगेट एसआईआर प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है और उन्हें जनहित का काम करते हुए एसआईआर की प्रक्रिया में लोगों की मदद करनी है।

कर्मवीर सिंह गुमी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग लगातार इस कार्य में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भाजपा के लोगों को यह पता चल जाएगा की जनता 2027 में क्या चाहती है। 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता अब अखिलेश यादव को गद्दी पर देखना चाहती है कर्मवीर ने कहा कि जो भी कार्यकर्ता या जो भी पदाधिकारी पार्टी के लिए मजबूती और ईमानदारी से काम करेगा उसे पूरा सम्मान देंगे और पार्टी के मुखिया भी उसकी सराहना करेंगे। इस दौरान सरधना की सियासत में अपनी पहचान रखने वाले चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी, अजय अधाना, फैजान अंसारी, नकुल गुर्जर, फैजल खान, ई. संदीप यादव, अजय गहलोत, परमेश मुकद्दम सिंह, सुंदर वाल्मीकि, ललित गुर्जर आदि लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम ABUZAR से बदल कर MOHD ABUZAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

MOHD ABUZAR
S/O MOHD ALAM
VILL-SOHANCHIDA
POST PAHADPUR
NAGAL SAHARANPUR



# टॉस-ओस की मैच में अहम भूमिका रही

## गीली गेंद से गेंदबाजी करने में गेंदबाजों को जो दिक्कतें होती है उससे लगता है कि टॉस बहुत बड़ी भूमिका निभाता है

**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में 358 रन के बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर पाने के कुछ ही देर बाद भारत के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने कहा कि ओस से प्रभावित इन मैचों में टॉस 'बहुत बड़ी भूमिका निभाती है', जिससे बहुत ज्यादा फर्क पड़ता है।

यह लगातार 20वां वनडे था, जहां भारत ने टॉस हारा हो। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी चुनी और चार गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। प्रेजेंटेशन सेरमनी में ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए राहुल ने कहा कि बहुत ज्यादा ओस है, जिससे दूसरी पारी में गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है। पिछले मैच में हमने इन सबके बावजूद बहुत अच्छा किया था। गीली गेंद से गेंदबाजी करने में गेंदबाजों को जो दिक्कतें होती हैं, उससे मुझे लगता है कि टॉस बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। इसलिए लगातार दो टॉस हारने का मुझे खुद अफसोस हो रहा है। इसका वाकई बहुत बड़ा असर पड़ रहा है। राहुल ने कहा कि पीछे मुड़कर देखें तो हमेशा कुछ बातें होती हैं, जो हम बेहतर कर सकते थे। बल्लेबाजी में मुझे पता है कि 350 रन अच्छे लगते हैं, लेकिन पिछले मैच के बाद भी ड्रेसिंग रूम में यही चर्चा थी कि हम 20-25 रन और कैसे जोड़ सकते हैं, ताकि गीली गेंद से गेंदबाजी करते समय गेंदबाजों को थोड़ा सहारा मिल सके। उन्होंने कहा कि गेंदबाज दिल से पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में हमें सुधार की जरूरत है। फील्डिग में भी हमने कुछ आसान चौके दे दिए। अगर हम खेल के तीनों पहलुओं में कसावट ला सकें और थोड़ा और ते बन सकें, तो शायद वो 20-25 रन हमारे पक्ष में आ जाएं और हम शायद जीत-हार के दूसरी तरफ हों। भारत ने विराट कोहली और )तुराज गायकवाड़ के शतकों की बदौलत बड़ा स्कोर बनाया। यह 11वीं बार था, जब कोहली ने लगातार दो वनडे मैचों में शतक लगाया हो, जबकि गायकवाड़ का यह इस प्रारूप में पहला शतक था। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 156 गेंदों में 195 रन की साझेदारी की।

राहुल ने कहा कि विराट जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे, उसे देखना बहुत सुंदर था। जाहिर है, हमने उन्हें यह सब करते हुए अब 53 बार देखा है। वह अपना काम करते रहते हैं और हम सब इसे देखने के आदी हैं। ऋतु (गायकवाड़) जिस तरह से खेले, वह भी देखने में बहुत सुखद था। उन्होंने स्पिनरों पर आक्रमण किया और गैप में शॉट लगाए। जब उन्होंने पचासा पार किया, उसके बाद जिस लय में उन्होंने बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि वही हमें वह अतिरिक्त 20 रन दिला गए। इस मजबूत आधार के बावजूद भारत अंत में तेजी से रन नहीं बना सका। अंतिम 15 ओवर में आठ विकेट हाथ में रहते हुए भी केवल 103 रन बने, जबकि आखिरी दस ओवर में सिर्फ 74 रन बने। राहुल ने टीम शीट में टॉस के समय नंबर 6 पर नाम दर्ज होने के बाद नंबर 5 पर उतरकर 43 गेंदों पर नाबाद 66 रन की आक्रामक पारी खेली। वाशिंगटन सुंदर ने आठ गेंदों में एक रन बनाया, जबकि रवींद्र जाडेजा ने 27 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए, जिसमें केवल दो चौके शामिल थे। राहुल ने कहा कि जाहिर है 5-6-7 नंबर पर बल्लेबाजी को बेहतर किया जा सकता है। अगर निचला क्रम थोड़ा और योगदान दे सके और दो-तीन चौके और लगा सके, तो शायद वही 20 रन होते, जिनसे हम खुश होते। आज पहली बार मुझे नंबर 6 पर रखा गया और मैं नंबर 5 पर आया।

# ब्रेविस के पास हर गेंद पर छक्के मारने के ऑप्शन हैं: स्टेन




**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, डेवाल्ड ब्रेविस की छक्के मारने की कला का विश्लेषण किया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा वनडे चार विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। ब्रेविस ने 34 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 54 रन की मोमेंटम बदलने वाली पारी खेली। जियोस्टार एक्सपर्ट डेल स्टेन ने डेवाल्ड ब्रेविस की छक्के मारने की काबिलियत का अंदाजा लगाया कि ब्रेविस और उनकी छक्के मारने की काबिलियत के बारे में कुछ समय से बहुत बातें हो रही हैं, उनके अंडर-19 के दिनों से भी। मैं उनके बारे में सुनता रहता था और उन्हें पूरे मैदान में गेंद मारते हुए देखता था। अब हम इसे सबसे ऊंचे लेवल पर देखने लगे हैं। उनमें वह काबिलियत है, और बैट्समैन अब गेंद छोड़ना नहीं चाहते। उनमें रोप को पार करने का कॉन्फिडेंस है, स्लॉग से नहीं बल्कि अच्छे क्रिकेट शॉट्स से। स्टेन ने कहा कि वे इसी तरह ट्रेनिग करते हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एफईआई एशियन घुड़सवारी में आशीष ने जीता सोना

**पटाया, वार्ता।** भारत ने थाईलैंड के पटाया में एफईआई एशियन घुड़सवारी चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक पांच मेडल जीतकर अपना अभियान खत्म किया। भारतीय राइडर्स ने इवेंटिग और ड्रेसेज प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी। आशीष लिमाए ने इवेंटिग में इंडिविजुअल गोल्ड मेडल जीतकर टीम का नेतृत्व किया। उन्होंने शशांक सिंह व शशांक कनमुरी के साथ मिलकर इसी डिसिप्लिन में भारत को टीम सिल्वर दिलाने में भी मदद की। आशीष ने साई मीडिया से कहा कि यह हमारे लिए बहुत इमोशनल जीत थी क्योंकि पिछले एशियन गेम्स हमारे लिए अच्छे नहीं रहे थे। इसलिए, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ी वापसी जैसा एहसास था और एक बड़ी राहत थी।

### भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम जर्मनी से 3-1 से हारी

सैंटियागो (चिली), वार्ता। महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025 के अपने दूसरे पूल सी मुकाबले में भारत को जर्मनी के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टादियो नैशनल में बुधवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला टीम की ओर से एकमात्र गोल हिना बानो ने (58वें) मिनट में किया। जबकि जर्मनी के लिए लीना फ्रेरिक्स ने (पांचवें) मिनट, एनिका शॉनहॉफ ने (52वें) मिनट और मार्टिना रीसेनेगर ने (59वें) मिनट में गोल किए। जर्मनी ने मैदान में ऊपर से दबाव बनाते हुए, शुरुआती मौकों पर भारत को बैकफुट पर धकेला और पांचवें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। लीना फ्रेरिक्स ने (पांचवें) मिनट में बिना कोई गलती गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। शुरुआती झटके के बावजूद, भारत धीरे-धीरे अपनी लय में आ गया और अपने मौके बनाने लगा।

# टॉम लेथम-रचिन रविद्र के शतक न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा

- **टॉम लेथम ने 145 और रचिन रवींद्र ने 176 रनों की शानदार पारी खेली**



**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान टॉम लेथम (145) और रचिन रविद्र (176) की शतकीय पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में स्टंप्स के समय चार विकेट पर 417 रन बना लिए है और उसने कुल 481 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

सुबह यहां न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में कल के बिना कोई विकेट खोए 32 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड को पहला झटका ओजय शील्ड्स ने 27वें ओवर में डेवोन कॉन्वे (37) को आउटकर दिया। इसके बाद 33वें ओवर में केमार रोच ने केन विलियमसन (नौ) का शिकार कर लिया। उस समय टीम का स्कोर 100 रन था, ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आए रचिन रविद्र ने टॉम लेथम के साथ तीसरे विकेट के लिए 279 रनों की विशाल साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज कें गेंदबाजों की खूब खबर ली और अपने-अपने शतक पूरे किए। 88वें ओवर में केमार रोच ने टॉम लेथम को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। टॉम लेथम ने 250 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 145 रनों की जुझारू पारी खेली। इसके बाद दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले ओजय शील्ड्स ने दूसरे शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविद्र को बोल्डकर वेस्टइंडीज को चौथी सफलता दिलाई। रचिन रविद्र ने 185 गेंदों में 27 चौके और एक छक्का लगाते हुए (176) रन बनाए। स्टंप्स के समय न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में चार विकेट पर पर 417 रन बना लिए थे। विल यंग (नाबाद 21) और माइकल ब्रेसवेल (नाबाद छह) क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच और ओजय शील्ड्स ने दो-दो विकेट लिए।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 231 रन बनाए थे इसके बाद वेस्टइंडीज पहली पारी में 167 रन पर ढ़ेर हो गई थी।

# नंबर-4 पर बल्लेबाजी से आश्वस्त था: ऋतुराज



**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में अपना पहला शतक बनाने वाले ऋतुराज गायकवाड़ ने बताया कि 50 ओवर के क्रिकेट में कभी नंबर 4 पर बल्लेबाजी नहीं करने के बावजूद वह काघी आश्वस्त थे कि वह उस स्थान पर ढल जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के घ्लािफ सीरीज से पहले लिस्ट ए की 86 पारियों में ऋतुराज ने नंबर 3 से नीचे बल्लेबाजी नहीं की थी। रांची में 14 गेंदों में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट होने के बाद रायपुर के दूसरे वनडे में बुधवार को गायकवाड़ ने 83 गेंदों में 105 रनों की शतकीय पारी खेली और बताया कि यह उनकी अभी तक की हर फॉर्मेट की सर्वश्रेष्ठ पारी है। गायकवाड़ ने मैच के बाद कहा कि टीम प्रबंधन ने मुझे बताया था कि मैं नंबर 4 पर ही बल्लेबाजी करने वाला हूं। एक ओपनर होने के बावघ्ूद प्रबंधन का इस तरह से मेरे ऊपर भरोसा दिखाना बघ्े ही सौभाग्य की बात है। गायकवाड़ ने कहा कि वनडे फॉर्मेट में अगर मैं ओपनिग के लिए भी आता हूं तो मेरी कोशिश रहती है कि मैं 45वें ओवर तक टिका रहूं। इसलिए मुझे पता है कि 11 से 40 ओवर के बीच कैसे खेलना है, स्ट्राइक कैसे रोटेट करनी है और बाउंड्री के क्या विकल्प हैं। इसलिए मुझे विश्वास था कि मुझे अपनी पारी कैसे आगे ले जानी है। मुझे सिर्घ् शुरू की 10-15 गेंदें देखनी थी कि मैं कैसे खेलता हूं और उसके बाद की प्रक्रिया उसी तरह से रही। मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरी को. शिश थी कि अगर मैं टिकता हूं तो एक लंबी पारी खेल सकूं। गायकवाड़ ने कोहली के साथ 195 रनों की साझेदारी निभाई, जिन्होंने लगातार दो मैचों में अपना दूसरा शतक लगाया। इस साझेदारी के बारे में पूछने के बाद गायकवाड़ ने बताया कि यह एक सपने की तरह था। गायकवाड़ ने कहा कि मैं पिछले एक हघ्ते से उन्हें देख रहा हूं। जितने भी अभ्यास सत्र हुए हैं, उसमें वह शानदार बल्लेबाघी कर रहे हैं। जिस तरह से वह मैच में भी अपनी पारी को बनाते हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है। इस मैच में भी मुझे काफी मजा आया। मैं अपने फोन में रहना चाहता था और वह किसी तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, इसके बारे में नहीं सोच रहा था। हमारे बीच बातचीत काफी स्पष्ट थी। हमने 5-5, 10-10 रन का टारगेट बनाया था और कैसे गैप निकालकर बाउंड्री निकालनी है, कैसे स्ट्राइक रोटेट करनी है, ए सब विचार-विमर्श किया था। मेरे हिसाब से हमारी विकेट के बीच दौघ् काघी अच्छी थी। आप इस तरह के लम्हों को लेकर सपना देखते हैं और इस तरह की साझेदारी निभाकर मुझे काफी अच्छा लगा। इस सीरीज से पहले गायकवाड़ ने 2023 में भारत के लिए वनडे खेला था। उसके बाद रोहित शर्मा और शुभमन गिल के लगातार ओपनिग करने के कारण गायकवाड़ पीछे रह गए। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल को भी उनके ऊपर प्राथमिकता दी गई।

# शिटोमन ने 110 मी. हर्डल्स का रिकॉर्ड तोड़ा

- **जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 23 साल के इस खिलाड़ी ने मीट रिकॉर्ड तोड़कर अपनी सफलताओं को साबित किया**

**जयपुर, वार्ता।** जब सीबी शिटोमन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में पुरुषों के 110मी हर्डल्स फाइनल के लिए लाइन में खड़े हुए, तो स्टैंड में बैठे कुछ ही लोगों ने अंदाजा लगाया होगा कि वह एथलेटिक्स में कितनी देर से आए हैं या उनका सफर कितना मुश्किल रहा है। 2021 तक, उन्होंने कभी सिथेटिक ट्रैक पर कदम नहीं रखा था। उनकी जदिगी पढ़ाई, लोकल स्कूल फुटबॉल मैचों और केरल के इडुक्की जलि के एराट्टायर गांव के पास इलायची के बागानों में छुट्टियों के दौरान कभी-कभी मजदूरी करने के इर्द-गिर्द घूमती थी। लेकिन एक फुटबॉल गेम के दौरान एक मौके ने सब कुछ बदल दिया। केरल स्पोर्ट्स काउंसिल एकेडमी के कोच बैजू जोसेफ ने उनके मजबूत शरीर और जबरदस्त फिजिकल पोटेंशियल को देखा। यह यकीन होने पर कि यह युवा एथलेटिक्स के लिए ही बना है, बैजू ने उन्हें 400मी और हाई जंप आजमाने के लिए राजी किया। इन प्रयोगों से आखिरकार वह उस इवेंट तक पहुंचे जहां वह सच में फिट बैठते थे, 110मी हर्डल्स। सिर्फ दो सालों में, इस युवा ने जबरदस्त तरक्की की। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में, 23 साल के इस खिलाड़ी ने मीट रिकॉर्ड तोड़कर अपनी तेजी से बढ़ती सफलता को साबित किया, उन्होंने 14:32 सेकंड में दौड़ पूरी करके महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के लिए गोल्ड जीता। उनकी दौड़ एक रोमांचक फिनिश के साथ खत्म हुई, जिसमें शिवाजी यूनिवर्सिटी के विकास आनंदा (14-516) और विवि ऑफ कालीकट के राहिल (14-518) के बीच सिर्फ कुछ हजारवें सेकंड का फासला था।

# रायपुर में टॉस ने बहुत बड़ा फर्क पैदा किया: गावस्कर



**रायपुर, वार्ता।** विराट कोहली और रुतुराज गायकवाड़ की सेंचुरी दक्षिण अफ्रीका की जबरदस्त और मिलकर की गई कोशिश के आगे फीकी पड़ गई, और मेहमान टीम ने रायपुर में दूसरे वनडे में चार विकेट से जीत हासिल करके सीरीज बराबर कर ली। जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने एडेन मार्करम के टेम्परामेंट, गीली गेंद से भारत की चुनौतियों और कोहली की सेंचुरी की क्लास का विश्लेषण किया।

गावस्कर ने एडेन मार्करम की पारी के बारे में कहा कि मैं उस पारी को बहुत, बहुत ज्यादा रेट करता हूं। जब भी आप 350 से ज्यादा के टारगेट का पीछा कर रहे होते हैं, तो हमेशा प्रेशर रहता है। आप टीम को अच्छी शुरुआत देना चाहते हैं, शांत नहीं, और आस्किग रेट को कंट्रोल में रखना चाहते हैं। जब उन्होंने शुरुआत की तो रेट सात से थोड़ा ज्यादा था, और आप नहीं चाहते कि यह नौ से ज्यादा बढ़े, खासकर पावरप्ले के पहले 10 ओवर में जब सर्कल के बाहर सिर्फ दो फील्डर होते हैं। क्विंटन डी कॉक, जिनका भारत के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड है, के फिर से फेल होने पर, जम्मिेदारी मार्करम पर आ गई। भारत, आईपीएल और दूसरी जगहों पर खेलने के अपने अनुभव के साथ, वह हालात को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने यह जिम्मेदारी खुद पर ली। पिछले मैच में उन्होंने कप्तानी की क्योंकि बावुमा फिट नहीं थे। रायपुर में, उन्होंने कप्तान के साथ मिलकर स्टेबल करने का काम किया। उस समय दक्षिण अफ्रीका को ठीक इसी की जरूरत थी। गावस्कर ने टॉस ने मैच पर असर के बारे में कहा कि यह बहुत जरूरी था। जरा देखिए आउटफील्ड कितनी गीली थी। शायद पहले आधे दर्जन ओवर को छोड़कर, बॉल हमेशा गीली होने वाली थी। इसका असर सिर्फ बॉलर पर ही नहीं बल्कि फील्डर पर भी पड़ता है, आप सही ग्रिप नहीं बना पाते। बॉल साबुन की टिकिया जैसी लगती है। जब आप रन आउट करने के लिए जोरदार रिटर्न करने की कोशिश करते हैं, तब भी वह आपके हाथ से फिसल जाती है। इसीलिए अगर आप इंडियन कंडीशन में टॉस जीतते हैं, तो आप हमेशा पहले बॉलिग करना चाहते हैं, ताकि डिफेंड करते समय आपको गीली बॉल से न निपटना पड़े। तो हां, टॉस ने बहुत बड़ा फर्क डाला। विराट कोहली की पारी पर गावस्कर ने कहा कि सच कहूं तो, किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि वह शतक नहीं बना पाएगा। पहली गेंद से ही ऐसा लगा जैसे वह रांची से ही खेल रहा हो। उसने हुक से छक्का लगाकर शुरुआत की, एक ऐसा शॉट जो वह अक्सर हवा में नहीं खेलता, जिससे उसके पिछले शतक का कॉन्फिडेंस दिखा।

उसके बाद, जब तक कुछ अनहोनी न हो जाए, शतक हमेशा पक्का लगता था। रुतुराज के साथ पार्टनरशिप बहुत बढ़िया थी। रुतुराज की पहली गेंद यानसन की एक जोरदार बाउंसर थी, जो जायसवाल को आउट करने के ठीक बाद आई थी। वह इसे चौके के लिए डालने में कामयाब रहा, और आप तुरंत कोहली को उसे दिलासा देने के लिए पिच पर जाते हुए देख सकते थे। और कोहली ने जो भी कहा, उसने उसे साफ तौर पर हिम्मत दी। अगली गेंद उसने फ्रंट फुट पर बहुत कॉन्फिडेंस के साथ खेली। कभी-कभी, यह सिर्फ आपके अपने रनों के बारे में नहीं होता।

# जर्मनी करेगा महिला यूरो 2029 की मेजबानी

**बर्लिन, वार्ता।** यूरोपीय फुटबॉल संघ ने घोषणा की है कि जर्मनी यूईएफए महिला यूरो 2029 की मेजबानी करेगा। डेनमार्क तथा स्वीडन की संयुक्त बोली से पहले जर्मनी ने मेजबानी के अधिकार जीते। यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिनने कहा कि मैं पूरी प्रोसेस के दौरान उनकी बिना थके मेहनत और कमिटमेंट के लिए तीनों बोली लगाने वाले देशों का दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। हर बिड ने नेशनल एसोसिएशन, सरकारों और लोकल एक्सपर्ट्स के बीच विजन और बेहतरीन टीमवर्क दिखाया, जो सभी पिछली गर्मियों में स्विट्जरलैंड द्वारा सेट किए गए बेंचमार्क से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि जर्मनी को बधाई। हम 2029 की गर्मियों में एक यादगार टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 16 टीमों का यह टूर्नामेंट जर्मनी के आठ स्टेडियम में खेला जाएगा।




# संधू ने तीन शॉट की बढ़त बनाई

- **चार अंडर -66 का कार्ड खेलकर कुल 16-अंडर 194 स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त बना ली**

**जयपुर, वार्ता।** पीजीटीआई रैंकिग लीडर युवराज संधू ने जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के इवेंट, विक्टोरियस चॉइस प्रेजेंट्स जयपुर ओपन 2025 पावर्ड बाय शुभाशीष होम्स के तीसरे राउंड में गुरूवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए चार-अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 16-अंडर 194 के स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त बना ली।

युवराज संधू (65-63-66), जो तीसरे राउंड की शुरुआत में दूसरे स्थान पर थे और लीड से एक शॉट पीछे थे, ने अपने 66 के स्कोर के दौरान एक ईगल, चार बर्डी और दो बोगी लगाए और पेनल्टीमेट राउंड में बढ़त बना ली। चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज, जो चार साल बाद जयपुर में खेल रहे हैं, अब इस सीजन में अपने छठे पीजीटीआई खिताब की तलाश में हैं। अगर युवराज 2025 में अपनी छठी जीत हासिल करते हैं, तो वह 2022 में मनु गंडास द्वारा बनाए गए एक सीजन में सबसे ज्यादा खिताब जीतने के पीजीटीआई रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। कुशाल सिंह (64-63-70), जो हाफवे लीडर थे और एक शॉट से आगे थे, का दिन मिला-जुला रहा, उन्होंने 70 का स्कोर किया जिसमें चार बर्डी और दो डबल-बोगी शामिल थे, जिससे वह 13-अंडर 197 के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए। बांग्लादेश के बादल हुसैन (65-67-66) ने शानदार 66 का स्कोर बनाकर चार स्थान ऊपर चढ़कर 12-अंडर 198 के साथ दिन का अंत तीसरे स्थान पर किया। युवराज संधू ने दिन की शुरुआत पहले होल पर बोगी से की, लेकिन फिर तीसरे और 12वें होल पर बर्डी लगाकर अच्छी प्रोग्रेस की, जिसमें बाद वाले पर टैप-इन और आठवें होल पर ईगल के लिए चिप-इन भी शामिल था। 15वें होल पर एक मिस अप एंड डाउन की वजह से संधू की दिन की दूसरी बोगी हुई, लेकिन उन्होंने आखिरी दो पार-5, 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की। संधू, जिन्होंने 2018 में एमेच्योर रहते हुए रामबाग गोल्फ क्लब में अपना पहला पीजीटीआई इवेंट खेला था, ने आगे कहा कि अपनी मौजूदा हिटिंग फॉर्म के साथ मुझे लगता है कि मैं इस कोर्स पर अपना बेस्ट 10-अंडर का स्कोर हासिल कर सकता हूं, यह स्कोर मैंने 2021 में हासिल किया था जब मैंने आखिरी बार यहां खेला था। मैंने अपने बॉल-कंट्रोल में सुधार किया है और यह मेरे स्कोर में दिख रहा है। यह सब मेरे कोच गुरबाज मान के साथ की गई मेहनत की वजह से है। जयपुर के प्रोफेशनल हेमंत (तीन-अंडर 207) और प्रखर असावा (इवन-पार 212) क्रमशः 28वें और 42वें स्थान पर रहे।

# केएम आसिफ का पंजा केरल की चैंपियन मुंबई पर जीत

- **कप्तान संजू ने 46 और विष्णु विनोद ने नाबाद 43 रनों की पारी खेली, आसिफ ने पांच विकेट चटकाए**

**लखनऊ, वार्ता।** कप्तान संजू सैमसन (46), विष्णु विनोद (नाबाद 43) और शराफुद्दीन (नाबाद 35/ एक विकेट) के बाद केएम आसिफ (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर केरल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मुकाबले में गुरुवार को चैम्पियन मुंबई को 15 रनों से शिकस्त दी। मुंबई की इस सीजन में यह पहली हार है।

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में आयुष म्हात्रे (तीन) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सरफराज और अजिक्य रहाणे की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। अजिक्य रहाणे ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 32 रन बनाए। सरफराज खान, जिन्होंने पिछले गेम में अपना पहला टी-20 शतक बनाया था, ने 40 गेंदों पर 52 रन बनाकर अपना फॉर्म को बनाए रखा। सूर्यकुमार यादव 25 गेंदों में 32 रन, शिवम दुबे (11) और साईराज पाटिल 13 रन बनाकर आउट हुए। एक समय 17-1 ओवर में साईराज पाटिल का पांचवें बल्लेबाज के रूप में विकेट गिरा उस समय मुम्बई का स्कोर 148 रन था। के एम आसिफ ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और मुम्बई ने महज 15 रन जोड़कर अपने शेष पांच विकेट गंवा दिए। केरल के लिए के एम आसिफ ने 24 रन देकर पांच विकेट लिए। विग्नेश पुथुर को दो विकेट मिले। शराफुद्दीन, एम डी निधीष और अब्दुल बासित ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन के वर्ष 2026-27 के सहारनपुर चुनाव संपन्न

# डा. डीके गुप्ता अध्यक्ष व डा. राहुल बने सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन सहारनपुर ब्रांच के वर्ष 2027 के चुनाव में डा. डीके गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया जबकि डा. सुभाष सहगल को 2027 के लिए प्रेजीडेंट इलैक्ट किया गया। इसके अलावा डा. राहुल सिंह को सचिव बनाया गया।







आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण शर्मा और यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन के निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर मोहन पांडे की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष की घोषणा के बाद नई टीम का गठन किया गया। जिसमें डॉक्टर राहुल सिंह को सचिव डॉक्टर अमित पांडे को कोषाध्यक्ष एवम डॉ प्रशांत खन्ना व डॉ वंदना आर्य उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर डॉक्टर,डॉ नरेश नौसरान, डॉ रिक्की चौधरी, डॉ सी एम कमाल, डॉ नीरज आर्या,डॉ आर एन बंसल, डॉ रवि ठक्कर, डॉ अनुपम मलिक, डॉ पूनम मखीजा, डॉ कलीम अहमद, डॉ विजय अग्रवाल, डॉ रेणु शर्मा, डॉ विजय अग्रवाल डॉ जयपाल सिंह,डॉ सुदर्शन नागपाल,डॉ गुनिता जैन, डॉ रोबी गुप्ता, डॉ राजेश शर्मा, डॉ राज खन्ना, डॉ संजीव मिगलानी, डॉ राजेश गुप्ता, डॉ विवेक बनर्जी, डॉ मनु कपिल, डॉ पुनीत खुराना, डॉ रेणु सिंघल, डॉ गायत्री सहगल आदि चिकित्सक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## दो वारंटी जेल भेजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक विकास चारण के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान एक वारंटी आरोपी आबिद पुत्र अब्दुल बारी निवासी इंद्रा चौक थाना मंडी को इंद्रा चौक से गिरफ्तार कर लिया। दबोचा गया धारा-363, 366 भादवि में न्यायालय से वांछित चल रहा था। इसी थाना पुलिस ने उपनि. रीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में गश्त के दौरान एक वारंटी आरोपी शब्बीर पुत्र सोन्धा निवासी मौहल्ला रहीम नगर खाताखेड़ी थाना मंडी को थाना मंडी क्षेत्र से दबोच लिया। दबोचा गया आरोपी धारा-13 जी एक्ट में कोर्ट से वांछित चल रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपयों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही न्यायालय में पेश किया है।

# दिव्यांगों को मुख्यधारा से जोड़ेः चौ.किरत

## गंगोह विधायक ने अपने आवास पर बांटे मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ अंबेहटा।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर बुधवार को गंगोह विधानसभा क्षेत्र के विधायक चौधरी किरत सिंह ने अपने आवास पर मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कई दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल सौंपी और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इसे एक सार्थक पहल बताया।



विधायक चौधरी किरत सिंह ने कहा कि, दिव्यांगजनों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना हमारी सरकार और संगठन का संकल्प है। हमारा प्रयास है कि हर दिव्यांगजन तक सभी आवश्यक सुविधाएं, सम्मान और अवसर समय पर पहुंचें, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह, पूर्व प्रधान चौधरी रकम सिंह,अनुज रणधेड़ी, मां जगमाल सिंह, राजीव चौधरी,अंकित चढ़ाव, अरविंद (प्रधान मुरादें खेड़ी), प्रधान शिवकुमार, प्रदीप शर्मा, सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

ट्राइसाइकिल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। लाभार्थियों ने विधायक चौधरी किरत सिंह और सरकार का आभार व्यक्त किया।

# पार्षद टिंकू ने भरवाए एसआईआर फार्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव ने एसआईआर पीडीए प्रहरी कैम्प का आयोजन किया।



शारदा नगर में लगाये गये कैम्प में विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी इंजीनियर विजेश कुमार और वरिष्ठता नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने पहुंचकर लोगों के फॉर्म भर और 2003 की लिस्ट में उनका वोट ढूंढने का कार्य किया। इंजीनियर विजेश कुमार ने कहा पार्टी के निर्देश का लगातार पालन किया जाएगा और जितना ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद कर उनके वोटो के फार्म भरवा जा रहे हैं यह कार्य लगातार जारी रहेगा। रतन यादव ने कहा शारदा नगर क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की टीम लगातार कार्य कर रही है और लोगों के फार्म भरवाने का पूर्ण रूप से दायित्व निभा रही है।

टिंकू अरोड़ा ने कहा कि रतन यादव और इंजीनियर विजेश कुमार नगर में समाजवादी पार्टी के मजबूत स्तंभ है और लगातार समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए नगर में कार्य करते हैं। कैंप में युवा सपा नेता दक्ष यादव रवि यादव शुभम वर्मा कंचन सिंह उपेंद्र शर्मा राहुल आदि लोग मौजूद रहे।

# नशा तस्कर को दो वर्ष कारावास व 20 हजार अर्थदण्ड की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 जनपद सहारनपुर ने नशा तस्करी के मुकदमें में दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास एवं 20 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता अमित त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 अप्रैल 2018 को वादी उपनिरीक्षक सुनील सिह वर्मा थाना बेहट ने सूचना देकर कि आरोपी नादिर पुत्र इकबाल निवासी फूल कालोनी थाना बेहट के कब्जे से 2 किग्रा डोडा पोस्त चूर्ण बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/15 के तहत बेहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं. -863/20 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-11 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा। एडीजीसी अमित त्यागी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में ऑपरेशन कनवीशन में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 जनपद सहारनपुर ने अभियुक्त नादिर पुत्र इकबाल निवासी फूल कालोनी बेहट थाना बेहट को मुकदमा अपराध संख्या-19/2019 धारा-8/15 एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए 2 वर्ष का कारावास एवं 20 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## क्रॉस कंट्री दौड़ में दौड़े प्रशिक्षु

**सहारनपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स, में आज उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार 10 किलोमीटर क्रॉस-कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस दौड़ में नागरिक पुलिस के कुल 494 रिक्रूट आरक्षियों ने प्रतिभाग किया।

दौड़ की शुरुआत परेड ग्राउंड से की गई, जो मल्हीपुर रोड स्थित निदान सेवाग्राम हॉस्पिटल तक मध्यांतर दूरी तय करने के बाद पुन: परेड ग्राउंड में समाप्त हुई। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक बीरेन्द्र बहादुर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस क्रॉस-कंट्री आयोजन में आरटीसी प्रशिक्षुओं के साथ उनके प्रशिक्षक भी शामिल हुए और उत्साहपूर्वक दौड़ में हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 20 प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सहारनपुर रेलवे स्टेशन से सुबह चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेल मंत्रालय ने सहारनपुर से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में बड़ा बदलाव किया है।

नया समय 9 दिसंबर से लागू होगा। रेलवे बोर्ड की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, ट्रेन संख्या 26503 सहारनपुर-गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 05:05 बजे सहारनपुर से प्रस्थान करेगी और दोपहर 14:05 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन संख्या 26504 गोमतीनगर से दोपहर 15:10 बजे चलेगी और रात 23:50 बजे सहारनपुर पहुंचेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने इस ट्रेन के ठहराव में भी बदलाव किया है। अब यह ट्रेन लखनऊ जंक्शन की जगह गोमतीनगर तक जाएगी और रास्ते में डालीगंज जंक्शन पर एक अतिरिक्त ठहराव भी दिया गया है। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी। सोमवार को गोमतीनगर से और मंगलवार को सहारनपुर से ट्रेन नहीं चलेगी। रेल मंत्रालय ने संबंधित अधिकारियों को इस बदलाव की व्यापक जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। स्टेशनवार मुख्य समयः स्हारनपुरः प्रस्थान 05:05 बजे से चलेगी जिसका रुड़की, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं शाहजहांपुर में निर्धारित समय अनुसार ठहराव होगा, और गोमतीनगर आगमन 14:05 बजे होगा।

# अभी कई चुनौतियां दूर करने की जरूरतः काजल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लेखिका काजल खुराना ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को अधिकार, आत्मविश्वास और अवसर प्रदान करना, ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में बराबरी से आगे बढ़ सकें। आज महिलाएँ शिक्षा, रोजगार, विज्ञान, खेल और राजनीति में अपनी मजबूत भूमिका निभा रही हैं, लेकिन अभी भी कई चुनौतियाँ हैं जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है।



महिला सशक्तिकरण पर काजल खुराना ने कहा कि सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की सहायता करती है, जैसे मिशन शक्ति, जिसमें सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसके साथ-साथ समाज में महिलाओं की सेहत को लेकर भी जागरूकता जरूरी है। इसलिए महिला स्वच्छता पर कार्यशालाएँ आयोजित कर महिलाओं और किशोरियों को सही जानकारी देना बेहद महत्वपूर्ण अन्य संस्थाओं को भी चाहिए कि वे उन महिलाओं को प्रोत्साहित करें जो वास्तव में योग्य, मेहनती और सशक्त बनने की इच्छा रखती हैं। सही शिक्षा, सुरक्षा और अवसर प्रदान करके ही हम एक मजबूत और प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# पुनरीक्षण में सहयोग करें मतदाताः संतोष

## 16 दिसंबर तक संबंधित मतदान केंद्र पर प्रस्तुत किए जा सकेंगे दावे एवं आपत्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि ऐसे अर्ह नागरिक जिनके नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में उपलब्ध नहीं है, के द्वारा आलेख्य प्रकाशन की अवधि 2 से 16 दिसम्बर के अन्तर्गत अपने से संबंधित मतदान केन्द्र पर तैनात पदनामित अधिकारी एवं अतिरिक्त पदनामित अधिकारियों को कार्यालय समय के दौरान समुचित फार्म, प्ररूप के दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत किये जायेंगे।

सूच्य है कि फार्म-18 (स्नातक) व फार्म-19 (शिक्षक), उक्त निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में पंजीकरण हेतु आवेदन तथा विद्यमान निर्वाचक नामावली में प्रस्तावित नाम को सम्मिलित करने, हटाने के प्रस्ताव के लिये आक्षेप हेतु आवेदन प्ररूप-7 में व विद्यमान निर्वाचक नामावली सम्बन्धी प्रविष्टियों का सुधार एवं निवास स्थानांतरण हेतु प्रारूप-8 में आवेदन अपने से सम्बन्धित मतदान केन्द्र या जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की नामावली में पंजीकरण हेतु आवेदनकर्ता को अर्हता तिथि 01-11-2025 के 03 वर्ष पूर्व स्नातक होना आवश्यक है, फार्म-18 में आवेदन के साथ डिग्री, डिप्लोमा एवं मार्कशीट की प्रमाणित छायाप्रति, सामान्य निवास का पता सम्बन्धी साक्ष्य सहित, संलग्न करनी होगी। मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की नामावली में पंजीकरण हेतु आवेदक भारत निर्वाचन आयोग की सहमति से सम्बन्धित राज्य सरकार के ऐसे शैक्षणिक संस्थान जिसका स्तर माध्यमिक विद्यालय से कम न हो, में शिक्षण कार्य में कम से कम कुल तीन वर्ष की अवधि अर्थात अर्हता तिथि को गत 06 वर्षों के अन्तर्गत 3 वर्ष शिक्षक रहें हों, पात्रता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जन-सामान्य से अपील करते हुए कहा कि विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन अवधि 2 से 16 दिसम्बर के दौरान अर्ह सभी नागरिक अपने-अपने नाम नामाव. लियों में पंजीकरण हेतु समुचित फार्म में आवे. दन वांछित अभिलेखों सहित अपने से सम्बन्धित मतदान केन्द्र पर नियुक्त पदनामित अधिकारी एवं अतिरिक्त पदनामित अधिकारी को उपलब्ध करा दें। इस अवसर का लाभ उठाते हुए, पुनरीक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करें।

# दोषसिद्ध होने पर महिला समेत तीन को आजीवन कारावास

**सहारनपुर।** न्यायालय अपरन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-3 ने हत्या के मुकदमें में दोषसिद्ध होने पर तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावासा एवं 1 लाख 20 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता दीपक सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 दिसम्बर 2015 को वादी नरेंद्र पुत्र रामपाल निवासी पिलखनी थाना रामपुर मनिहारान ने रामपुर मनिहारान कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि आरोपियों संयोगिता पत्नी रवि कुमार निवासी पिलखनी थाना रामपुर मनिहारान हाल पता बैंक कालोनी थाना फरकपुर यमुनानगर, सेठपाल पुत्र जगदीश व काला पुत्र जावल निवासीगण घाटमपुर थाना नकुड़ ने उसके भाई के गले में रस्सी बांधकर व जलाकर उसकी हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा-302, 34, 201 भादवि में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। एडीजीसी दीपक सैनी ने बताया कि विवेचना के उपरांत अभियोग एसटी नं. 249/2016 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-3 में विचाराधीन रहा। उन्होंने बताया कि एसएसपी के निर्देशन में ऑपरेशन कनवीशन में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-3 तीन अभियुक्तों संयोगिता पत्नी रवि कुमार, सेठपाल पुत्र जगदीश व काला पुत्र जावल निवासीगण घाटमपुर थाना नकुड़ को मुकदमा अपराध संख्या-420 /2015 धारा-302, 34, 201 भादवि में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 1 लाख 20 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# अंडर पास कार्य शुरू न होने से रोष



**सहारनपुर।** उच्च न्यायलय के निर्देश के बाद भी पिलखनी रेलवे स्टेशन के समीप गेट नम्बर 90 सी पर अंडर पास कार्य शुरू न होने के मामले को लेकर आज क्षेत्रवासी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के नेतृव में आज जिला मुख्यायल पहुंचे ओर जिलाधिकारी को इस सम्बध में एक प्रार्थना पत्र सौंपा।

आज पिलखनी के क्षेत्रवासी ग्राम प्रधान रेखा देवी के प्रतिनिधि के नेत्तृव में जिला मुख्यायल पहुंचे ओर जिलाधिकारी मनीष बंसल से शिष्टाचार भेंट की। उन्होने जिलाधिकारी को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने गेट नम्बर 90 पर अंडरपास बनाने के मांग रेल प्रशासन से की थी, जिस पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की और रास्ता बंद करने आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में उन्होंने प्रयागराज हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस न्यायलय ने सुनवाई करते हुए एक दिसम्बर को मुख्य न्यायाधीश द्वारा रेलवे का आदेषित किया गया, कि अगली सुनवाई आठ जनवरी 2026 को होनी है। इस सुनवाई से पहले अंडर पास का कार्य शुरू कर दिया जाये और सुनवाई में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन या मंडल रेलवे मैनेजर उत्तरी रेलवे अम्बाला कैंट वीडियो कांफेसिंग के जरिए प्रयागराज हाईकोर्ट की सुनवाई में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान विनोद कुमार, रोहित, राहुल, मोहित, सागर, कार्तिक, मुकेश कुमार, सौरभ सिंह, आत्माराम, रमेष, अमर सिंह, सुमित, राजकुमार, राकेष, सौरभ, ब्रिजेश, अनुज, ईश्वर पाल, मीनू, साहब सिंह, करेसन, सुरेश कुमार रूहेला, अनूप कुमार, राजबीर समेत आदि मौजूद रहे।

# प्रस्तावित बीच अधिनियम 2025 का जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन नर्सरी मेन एसोसिएशन सहारनपुर चैप्टर की आवश्यक बैठक में प्रस्तावित बीज अधिनियम 2025 (सीडएक्ट2025) में शोभाकार पौधों एवं टिम्बर प्लांट की नर्सरी को शामिल करने, अनिवार्य रजिस्ट्रेशन, रिकॉर्ड संधारण, और अन्य प्रावधानों के प्रति सर्वसम्मति से विरोध व्यक्त किया गया।

आज मुबारक नर्सरी, बुड्ढा खेडा में आयोजित बैठक में सदस्यों ने प्रस्तावित बीज अधिनियम 2025 (सीडएक्ट 2025) के प्रति अपना विरोध व्यक्त करते हुए कहा कि कि यदि नर्सरियों को प्रस्तावित अधिनियम से बाहर नहीं रखा गया, तो क्षेत्र की अधिकांश नर्सरियां मानकों को पूरा नहीं कर पाएंगी, बड़ी संख्या में नर्सरी संचालक अनपढ़ या अल्पशिक्षित होने के कारण दस्तावेजी प्रक्रिया का पालन नहीं कर सकेंगे, परिणामस्वरूप कई नर्सरियां बंद हो जाएंगी, जिससे क्षेत्र में बेरा. जगारी बढ़ने का खतरा है। बैठक में वक्तओं ने कहा कि सहारनपुर देश का शोभाकार पौधों और टिम्बर प्लांट उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, जहाँ से राष्ट्रीय स्तर पर पौधों की आपूर्ति होती है। ऐसे में अधिनियम का प्रभाव स्थानीय अर्थव्यवस्था और हजारों परिवारों की आजीविका पर पड़ सकता है। बैठक में भविष्य की रणनीति, किसानों की चुनौतियों एवं उद्योग की आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा हुई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आईएनए की केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार बीज आयुक्त को ईमेल द्वारा विरोध पत्र भेजा जाएगा।





**नर्सरी मेन एसोसिएशन की बैठक में विरोध पत्र भेजने का निर्णय**

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष खालिद खान ने की तथा संचालन रागिब हसन द्वारा किया गया।

बैठक में विशेष रूप से मोहम्मद खालिद, मानसिंह प्रधान, राजनीश कुमार बंधु,तेज सिंह सैनी, हाजी महमूद, पप्पू मलिक, मुशर्रफ प्रधान, फरहाद भाई, साजिद, गुलबहार प्रधान, खालिक कटला, सुहैल प्रधान, मोहम्मद आमिर सहित कई सदस्य। सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

# मोक्षायतन में स्थापना दिवस का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मोक्षायतन योग संस्थान के भारतयोग नोएडा केंद्र का त्रिदिवसीय स्थापना दिवस समारोह योग, यज्ञ और विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ।



नोयडा केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्तव्य देते हुए संस्थान की निदेशिका आचार्य प्रतिष्ठा ने कहा कि स्वच्छता, सर्व व्यापकता, आरोग्य व आध्यात्मिकता योग और यज्ञ के प्राण हैं। यज्ञमय वातावरण साधना को सशक्त बनाता है और योग के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तीन दिनों तक चले स्थापना उत्सव में यज्ञ, योग सत्र, संकीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं प्रवचनों के साथ साधकों के प्रश्नोत्तर और सामूहिक प्रसाद का आयोजन किया गया। दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र से आए साधकों ने भारतयोग के माध्यम से अपने जीवन में आए सकारात्मक अनुभव साझा किए। मोक्षायतन योग संस्थान के परमाध्यक्ष एवं वैश्विक भारतयोग. परिवार के गुरुदेव पद्मश्री स्वामी भारत भूषण जी ने अपने एकोहं बहुस्याम संदेश में कहा कि ज्ञान परंपरा को जीवित रखने के लिए साधकों का गुरु से सतत् संवाद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा समाधान से ज्ञान और विश्वास दोनों बढ़ते हैं। गुरु ही ज्ञान परंपरा का सेतु है। कार्यक्रम में मोक्षायतन योग संस्थान के निद. ेशक (अंत. रराष्ट्रीय विस्तार) सी.ए. धीरज सारस्वत, मॉरीशस की राष्ट्रीय योग विजेता देवी प्रत्यक्षा, नोएडा केंद्र प्रमुख योगी विक्रांत, केंद्र प्रभारी योगाचार्य मुक्ता शर्मा तथा शिक्षिकाएँ योगिनी दिव्या, योगाचार्य सरोज, योगिनी नेहा, योगिनी कविता, योगी राहुल, योगिनी गीता एवं दिल्ली केंद्र की निदेशक योगिनी अर्ची सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## गोष्ठी का आयोजन

**गंगोह।** उत्तम शुगर मिल शेरमऊ के गन्ना फार्म पर किसान जोधासिंह सिरसका की अध्यक्षता में वृहद किसान गोष्ठी आयोजित की गई।

चीनी मिल के वरिष्ठ वैज्ञानिक व ग्रुप सलाहकार गन्ना डॉ. डीबी फोनेडे द्वारा गेहूं के साथ गन्ना बुवाई विधि को विस्तार से समझाते हुए बताया कि गेहूं की बुवाई करते समय खाली कुंड छोड़ दें और फरवरी माह में उन्ही कुंडो में टीलर या गेंती से मिट्टी को भुरभुरा कर गन्ने की बुवाई करें। इससे किसानों को गेहूं की पैदावार भी ज्यादा मिलेगी और कम कीमत में अधिक लाभ होगा, डॉ. फोनडे की सलाह दी इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सुखविंदर जीत सिंह ने डॉक्टर फंडे द्वारा बताई गई विधि से गेहूं के साथ गन्ना बुवाई करने का अनुरोध किया। अध्यक्ष जोधासिंह ने सभी किसानों से चीनी मिल द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं का लाभ लेनें का आहवान किया।

# जूस पिलाकर कराया उपवास समाप्त





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया लोको लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन जिला शाखा के द्वारा केंद्रीय कार्यकारिणी के आहवान पर सभी रनिंग स्टाफ ने अपनी मांगों के समर्थन में रेलवे स्टेशन सहारनपुर के समक्ष 48 घंटे का उपवास पर बैठे विभिन्न यूनियन के पदाधिकारियों को जूस पिलाकर उपवास समाप्त कराया। इस मौके पर विभिन्न यूनियन व संगठन के सभी सक्रिय सदस्यों ने उपवास पर बैठे लोगों का समर्थन किया और सरकार से सभी मांगों को पूरा करने की मांग की।

आज रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार मांगों लेकर उपवास कर रहे रेल कर्मियों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को पूरा करें ताकि कर्मचारी हितों की रक्षा हो सके। उन्होने कहा कि मुख्य मांगों में किलोमीटर भत्ते में 25 प्रतिषत की वृद्धि, आउट ऑफ हेडक्वार्टर 36 घंटे में वापसी, एएलपी का रिस्क अलाउंस देना व अन्य विभिन्न मुद्दों पर प्रशासन के समक्ष मांग को उठाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंकित कुमार शाखा अध्यक्ष, मनीष जायसवाल शाखा सचिव, अनिल कुमार कोषाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष सुमित सैनी व विश्वनाथ गुप्ता के द्वारा की गई। कार्यक्रम में शामिल हुए एनआरएमयू के शाखा सचिव परमजीत सिंह जी, यूआरएमयू के साथ शाखा सचिव रामप्रीत, ओबीसी के सचिव सुधीर कुमार, एससी-एसटी के शाखा सचिव नलकेश ने जूस पिलाकर साथियों का उपवास पूर्ण कराया। इस दौरान में अरुण कुमार, महेंद्र अधिकारी, शाकिर रजा, श्रीवास्तव, दीपक मौर्य, भरत, रिजवान मौजूद रहे।

# पड़ोसी परेशान

रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत की यात्रा के दौरान 25 समझौतों पर साइन होने की उम्मीद की जा रही है। इस दौरान भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष से लेकर व्यापार तक के क्षेत्र में संबंध मजबूत होंगे। वहीं, पूरी दुनिया की पीएम मोदी और पुतिन के बीच हो रही इस मुलाकात पर नजर है। जहां अमेरिका और चीन की इस मुलाकात से टेंशन बढ़ रही है। मीडिया की मानें तो, वहीं ब्रिटेन का भी तनाव बढ़ता दिख रहा है। दरअसल, मास्को स्थित वैश्विक टीवी समाचार चैनल आरटी अब आरटी इंडिया की 5 दिसम्बर को शुरुआत करेगा। शिखर सम्मेलन के साथ-साथ, पुतिन भारत में आरटी टीवी चैनल के लॉन्च समारोह में भी शामिल होंगे। आरटी इंडिया दिल्ली के अत्याधुनिक मीडिया स्टूडियो से अपने टीवी प्रसारण की आधिकारिक शुरुआत करेगा। मास्को स्थित यह वैश्विक टीवी समाचार नेटवर्क अंग्रेजी में दिन के चार समाचार कार्यक्रम प्रसारित करेगा और इसका मकसद भारत और रूस के पारंपरिक संबंधों को मजबूत करना और दुनिया में दोनों देशों के बढ़ते प्रभाव को बढ़ावा देना है। जहां पुतिन के दौरे के दौरान आरटी इंडिया चैनल शुरू किया जाएगा। वहीं, ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। क्योंकि इस चैनल पर ब्रिटिश उपनिवेशवाद पर आधारित कई एपिसोड वाली एक कार्यक्रम सीरिज भी प्रसारित की जाएगी। इस सीरिज में भारतीय संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष शशि थरूर को दिखाया गया है। आरटी का अंग्रेजी-भाषा वाला अंतर्राष्ट्रीय चैनल पहले ही भारत के 18 प्रमुख आपरेटरों के पैकेज में उपलब्ध है, जिनकी संभावित दर्शक संख्या 675 मिलियन है। अब रूस का चैनल भारत में ब्रिटेन उपनिवेशवाद पर आधारित सीरिज दिखाएगा, इससे ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। वहीं व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से पाकिस्तान सन्न है। एक तो पाकिस्तान रूस और भारत के हथियार सौदे से डरा हुआ है। दूसरा उसे डर है कि कहीं अफगानिस्तान वाला खेल उसके साथ न हो जाए, क्योंकि आतंक पर अगर पुतिन ने झटका दे दिया तो उसकी मुसीबत बढ़ जाएगी। दरअसल दुनिया की राजनीति में जब कोई कदम हलचल मचाता है, तो उसकी गूंज सबसे पहले पड़ोसी देश सुनता है। इस बार वो गूंज है- व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की। 4 साल बाद पुतिन मास्को से सीधे दिल्ली पहुंच हैं, भारत का एजेंडा क्लियर है। रूस से दोस्ती और मजबूत होगी, लेकिन भारत और रूस की ये दोस्ती दुश्मनों को तीर की तरह चुभ रही है, लेकिन असली खौफ उन डील को लेकर है। जो हो गईं तो मुनीर की सेना का रहा सहा हौसला भी हवा हो जाएगा। पाकिस्तान का सोशल मीडिया अकाउंट और टीवी चैनलों पर यह दर्द साफ तौर पर देखा जा रहा है। एक टीवी चैनल से बात करते हुए पाकिस्तान के ये पत्रकार कह रहे हैं- ये जो दौरा होने जा रहा है रूस के सदर का भारत का, आप ये समझ लें कि पुतिन का जो भारत दौरा है। इसमें अफगानिस्तान को बढ़ावा दिया जा सकता है, क्योंकि हिंदुस्तान कोई साजिश प्लान कर सकता है। डिफेंस, आयल और हथियार, लेकिन पाकिस्तान की टेंशन इससे बड़ी है। पाकिस्तान की घबराहट ये है कि कहीं मोदी और पुतिन के बीच की बातचीत में पाकिस्तान और आतंकवाद की बात न छिड़ जाए। अफगानिस्तान और बलूचिस्तान की बात न छिड़ जाए, क्योंकि पाकिस्तान का हर सूबा खुद को मुनीर के चंगुल से आजाद कराने की जद्दोजेहद कर रहा है। ऐसे में अगर पाकिस्तान को लेकर पुतिन की नजर जरा सी भी टेढ़ी हो गई और कहीं पुतिन ने एक बार फिर अफगान तालिबान की मदद बढ़ा दी तो पाक की सेना चारों तरफ से पिटेगी। इसलिए मोदी और पुतिन की शिखर वार्ता से जुड़ी खबरों पर पूरा पाकिस्तान पैनी नजर टिकाए हुए है। इस हवाले से आने वाली हर नई खबर पाकिस्तान को नया शाक दे रही है।

## राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है संस्कृति



जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं, राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं, संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग -अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी, जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है, पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# पुतिन की भारत यात्रा: तेल की धार पर कूटनीति की तलवार



योगेश कुमार गोयल

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की 4-5 दिसम्बर की दो दिवसीय भारत यात्रा केवल एक प्रोटोकॉल विजिट नहीं बल्कि भू-राजनीति के नए शतरंज पर चली जाने वाली निर्णायक चाल मानी जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, रूस पर पश्चिमी प्रतिबंध और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक बढ़ाए गए टैरिफ के बीच यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। सोवियत दौर से लेकर आज के रूस तक, मास्को भारत का सबसे स्थाई रणनीतिक साझेदार रहा है, 1971 के युद्ध में कूटनीतिक बैकिंग से लेकर दशकों तक हथियारों, मिसाइलों और परमाणु ऊर्जा सहयोग तक लंबा इतिहास गवाह है। आज भी अनुमानत: 60-70 प्रतिशत भारतीय सैन्य प्लेटफॉर्म (फाइटर जेट, टैंक, पनडुब्बियां, एयर-डिफेंस सिस्टम इत्यादि) किसी न किसी रूप में रूसी मूल के हैं लेकिन 2022 के बाद समीकरण बदल गए हैं। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने तेल एशियाई बाजारों की ओर भारी छूट पर मोड़ दिया और भारत रातों-रात रूस के सबसे बड़े तेल ग्राहकों में बदल गया। 2021 में जहां रूसी तेल भारत के कुल आयात का मुश्किल से 1-2 प्रतिशत था, वहीं 2024 तक यह हिस्सेदारी 30-35 प्रतिशत तक जा पहुंची और रूस भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। यही ऊर्जा समीकरण आज भारत-रूस व्यापार का मेरुदंड है। द्विपक्षीय व्यापार महामारी-पूर्व लगभग 10-13 अरब डॉलर से उछलकर करीब 70 अरब डॉलर तक जा पहुंचा लेकिन इसका बड़ा हिस्सा केवल तेल और ऊर्जा आयात है जबकि भारत का रूस को निर्यात लगभग 5 अरब डॉलर के आसपास सिमटा हुआ है। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद को बहाना बनाकर भारत के ऊपर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ थोप दिए, जिससे कई आइटम्स पर कुल ड्यूटी 50 प्रतिशत तक जा पहुंची। तर्क यह कि भारत सस्ते रूसी तेल के जरिए मॉस्को की वॉर मशीन को फंड कर रहा है। नतीजा यह कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार और महंगा तथा अनिश्चित हो गया। स्पष्ट है कि यह सिर्फ व्यापारिक व्यवस्था नहीं, राजनीतिक दबाव का औजार भी है। सवाल यह नहीं कि भारत रूस से तेल खरीदे या नहीं बल्कि सवाल यह है कि क्या वाशिंगटन किसी तीसरे देश को चुनकर उसकी ऊर्जा और रणनीतिक आजादी पर शर्तें तय कर सकता है और दिल्ली इसे कितनी दूर तक सहन करेगी। पुतिन की यह यात्रा इसी टैरिफ-दबाव की पृष्ठभूमि में हो रही है। अमेरिका खुलकर चाहता है कि भारत रूसी तेल पर निर्भरता घटाए, साथ-साथ अमेरिकी हथियार और उत्पादों के लिए अपने बाजार और ज्यादा खोले। भारत को अब यह संतुलन बेहद बारीकी से साधना है और यही इस शिखर मुलाकात की असली कसौटी होगी। कच्चे तेल पर शुरुआती जबरदस्त छूट अब सिकुड़कर मामूली मार्जिन तक आ गई है। ऐसे में केवल 1.5-2 डॉलर प्रति बैरल के लाभ के लिए भारत अपनी छवि को युद्ध फाइनेंसर की तरह पेश नहीं होने दे सकता, यह बात दिल्ली और मॉस्को, दोनों को समझनी होगी। ऊर्जा सहयोग जरूरी है पर शर्तों पर पुनर्विचार भी उतना ही जरूरी है, दीर्घकालिक व पारदर्शी तेल-समझौते, कीमत, बीमा, शिपिंग और भुगतान पर साफ फार्मूला, ताकि हर तिमाही पर भू-राजनीति के हिसाब से अनिश्चितता न बनती रहे। एलएनजी, कोयला और परमाणु ऊर्जा में भी संतुलित साझेदारी जरूरी है, कुडनकुलम जैसे प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ें, नए रिएक्टरों पर स्पष्ट टाइमलाइन बने ताकि सहयोग केवल कच्चा तेल तक सीमित न रहे। ऊर्जा भारत के लिए जीवनरेखा है लेकिन यह रिश्ता तभी टिकाऊ होगा, जब इसके बदले में भारत को भी रूस के बाजार में वास्तविक और बड़े पैमाने पर जगह मिले, केवल भावनात्मक दोस्ती के भरोसे नहीं। आज की हकीकत यह है कि भारत रूस से कच्चा तेल, गैस, कोयला, उर्वरक और हीरे का भारी आयात करता है जबकि बदले में दवाएं, कुछ मशीनरी, केमिकल और सीमित उपभोक्ता वस्तुएं ही भेज पाता है। नतीजा यह कि रूस से आयात 60 अरब डॉलर से ज्यादा और रूस को निर्यात महज 5 अरब डॉलर के आसपास है। ऐसे में तमाम दिग्गज विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली को पुतिन के सामने दो टूक बात रखनी होगी कि हम केवल तेल आयातक नहीं रह सकते। रूस को फार्मा, हैल्थकेयर इक्विपमेंट, आईटी सर्विसेज, ऑटो पार्ट्स, कृषि-उद्यानिक उत्पाद, मसाले, चाय-कॉफी, प्रोसेस्ड फूड, मोबाइल-इलैक्ट्रॉनिक्स और प्रोफैशनल सर्विसेज के लिए भारत को प्राथमिक सप्लायर बनाना होगा। आज रूस अपनी ज्यादातर नॉन-एनर्जी जरूरतों के लिए चीन की ओर देखता है, वहां प्रोडक्ट सस्ते हैं, लॉजिस्टिक नेटवर्क पुराना और मजबूत है लेकिन भारत को अपने डिमांड कार्ड का इस्तेमाल करके मॉस्को को यह संदेश देना होगा कि यदि भारत रूसी ऊर्जा और हथियारों के लिए खुला बाजार बना रहता है तो बदले में रूस को भी भारतीय सामान और सेवाओं के लिए अपने बाजार को संरचनात्मक रूप से खोलना पड़ेगा। यही संतुलन भारत को अमेरिकी टैरिफ-दबाव से आंशिक राहत दिला सकता है। जब रूस भारत से बड़े पैमाने पर आयात बढ़ाएगा, तब कम से कम एक धुरी पर भारतीय निर्यातकों के लिए नया और अपेक्षाकृत सुरक्षित बाजार बनेगा। रूस के साथ रक्षा सहयोग इस यात्रा का दूसरा बड़ा स्तंभ होगा। भारत ने एस-400 एयर-डिफेंस सिस्टम के लिए 2018 में समझौता किया, तीन स्क्वाड्रन मिल चुके हैं, दो की सप्लाई अभी बाकी है। यूक्रेन युद्ध, प्रोडक्शन प्रायोरिटी और लॉजिस्टिक बाधाओं के चलते डिलीवरी टाइमलाइन बार-बार खिसकती रही है। इसी तरह एसयू-30एमकेआई अपग्रेड, कलपुर्जों की सप्लाई, पनडुब्बियों और टैंकों के रखरखाव से जुड़े मुद्दे भी हैं। भारत अब एकल सप्लायर-निर्भरता से निकलकर फ्रांस, अमेरिका, इजराइल सहित कई स्रोतों से खरीद कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि रूस को क्लियर टाइमलाइन, पक्के सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट और जॉइंट प्रोडक्शन के ठोस प्रस्ताव देने होंगे और भारत को यह स्पष्ट संकेत देना होगा कि भरोसेमंद सप्लाई चेन और टैक्नोलॉजी ट्रांसफर ही तय करेगा कि अगली पीढ़ी के सौदों में रूस की हिस्सेदारी कितनी रहेगी। एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट पर भी बात होगी लेकिन भारत अब किसी एक प्रोजेक्ट पर आंख मूंदकर दांव लगाने की स्थिति में नहीं है। यह संवाद तभी सार्थक होगा, जब रूस को भी यह समझ आ जाए कि भारत आज खरीदार से ज्यादा भागीदार बनना चाहता है। अमेरिकी वित्तीय प्रतिबंधों के बाद भारत-रूस व्यापार ने डॉलर से हटकर दिरहम, रूपए और युआन जैसे विकल्पों की ओर रुख किया है। आज कच्चे तेल के भुगतान का बड़ा हिस्सा यूएई दिरहम के जरिए निपटता है, कुछ हिस्सा रूपए में और कभी-कभार युआन में। यह व्यवस्था कागज पर आकर्षक लगती है, डी-डॉलराइजेशन का नारा भी सुहावना लगता है लेकिन व्यवहार में इसमें तीन बड़ी समस्याएं हैं, निष्क्रिय रूपया बैलेंस, दिरहम पर निर्भरता और राजनीतिक जोखिम। रूस के पास जमा रूपया इस्तेमाल न होने पर यह भारत के लिए राजनीतिक व आर्थिक सिरदर्द बनता है। असल में हम डॉलर से निकलकर एक और मध्यस्थ मुद्रा पर निर्भर हो रहे हैं, जो खुद पश्चिमी वित्तीय व्यवस्था से जुड़ी है। किसी भी नए प्रतिबंध, सैकेंडरी सैंक्शन या पेमेंट रूल बदलने पर पूरी व्यवस्था हिल सकती है। या तो दोनों देश किसी स्थाई, स्पष्ट और कानूनन सुरक्षित पेमेंट फ्रेमवर्क पर सहमत हों या फिर ऊर्जा-सौदों को ऐसे कानूनी कवर में लाया जाए, जो बार-बार भू-राजनीतिक तूफानों में न डगमगाए। अमेरिका-यूरोप एक तरफ, रूस-चीन धुरी दूसरी तरफ, दुनिया नए तरह की शीत युद्ध जैसी ध्रुवीयता की ओर बढ़ती दिख रही है। भारत ने अब तक सफलतापूर्वक रणनीतिक स्वायत्तता की राह अपनाई है, क्वॉड में अमेरिका-जापान-ऑस्ट्रेलिया के साथ बैठकर भी और ब्रिक्स तथा एससीओ में रूस-चीन के साथ साझेदारी निभाकर भी लेकिन ट्रंप टैरिफ और यूक्रेन युद्ध के बाद दबाव अब ठोस आर्थिक लागत में बदल चुका है। यही वह मोड़ है, जहां भारत को अपने लिए कुछ बुनियादी सिद्धांत स्पष्ट करने होंगे। ऊर्जा सुरक्षा अनिवार्य है पर किसी एक स्रोत पर 35-40 प्रतिशत निर्भरता जोखिम है, रक्षा-सहयोग महत्वपूर्ण है पर एक सप्लायर पर लॉजिस्टिक निर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम बन चुकी है, रणनीतिक स्वायत्तता जरूरी है पर इतनी भी मध्यमार्गी नहीं हो सकती कि दुनिया हमें खुले तौर पर युद्ध-वित्त पोषण के प्रतीक के रूप में देखने लगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हमारे शरीर की सारी वसा एक-सी नहीं होती

हमारे शरीर में वसा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ शरीर के विकास के लिए भी आवश्यक हैं, लेकिन शरीर में वसा की अतिरिक्त मात्रा से स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है और उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। भारत में औसतन 40 प्रतिशत लोग मोटापे की समस्या से परेशान हैं। इससे निपटने के लिए सबसे अच्छा सुझाव तो नियमित रूप से व्यायाम और शारीरिक परिश्रम करना है, लेकिन ऐसा करना सबके लिए संभव नहीं हो पाता। इस विषय में कई तरह के शोध किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई ऐसा नुस्खा नहीं मिला जिससे आसानी से शरीर की वसा को नियंत्रित किया जा सके। हाल के वर्षों में एक अंतर्राष्ट्रीय शोध दल ने शरीर में उपस्थित अत्यधिक वसा से निपटने का तरीका खोज निकाला है।

गौरतलब है कि हमारे शरीर में मुख्य रूप से दो प्रकार की वसा होती हैरू ब्राउन फैट और व्हाइट फैट। ब्राउन फैट चयापचय, मोटापे और मधुमेह को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और दीर्घायु को संभव बनाती है। दूसरी ओर, व्हाइट फैट चयापचय की दृष्टि से अकार्यशील होता है। इसकी ऊर्जा का अधिक उपयोग नहीं किया जाता है और यह शरीर में जमा होता रहता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, तो यह एक महत्वपूर्ण सवाल रहा है कि शरीर में ब्राउन फैट को कैसे बढ़ाया व सक्रिय किया जाए। साथ ही यह भी एक मुद्दा रहा है कि क्या व्हाइट फैट को ब्राउन में तबदील करना संभव है। क्यूबैक स्थित शेरब्रुक युनिवर्सिटी हॉस्पिटल और यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में शरीर में उपस्थित ब्राउन फैट को सक्रिय करने का प्रयास किया गया है। वास्तव में ब्राउन फैट ठंड या कुछ रासायनिक संकेतों के प्रत्युत्तर में सक्रिय होकर शरीर में गर्मी उत्पन्न करता है। मनुष्यों के शरीर में ब्राउन फैट की मात्रा काफी कम होती है। वैज्ञानिकों का प्रयास रहा है कि किसी अन्य तरीके से ब्राउन फैट को सक्रिय किया जा सके या व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित किया जा सके ताकि चयापचय में सुधार हो। ब्राउन फैट नवजात शिशुओं की गर्दन और कंधों में पाया जाता है। यह काफी मात्रा में कैलोरी जलाता है और शरीर को गर्म रखने का काम करता है। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ-साथ यह कम होने लगता है और 6 वर्ष की आयु तक यह कुल फैट के 5 प्रतिशत से भी कम हो जाता है। इसके बाद हमारे शरीर में केवल निष्क्रिय व्हाइट फैट बनता है। इस व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में बदलने और स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक प्रयोग किया। उन्होंने व्हाइट फैट की कोशिकाओं को लेकर उन्हें बहुसक्षम स्थिति में परिवर्तित किया और फिर कुछ एपीजेनेटिक स्विच के साथ छेड़छाड़ की तो वे ब्राउन फैट कोशिकाओं में परिवर्तित हो गई। इसके बाद उन्होंने ब्राउन फैट कोशिकाओं को कल्चर किया और एक अन्य जीन को सक्रिय करके कोशिका की सतह पर ऐसे प्रोटीन की



संरचना को परिवर्तित कर दिया जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पैदा करते हैं। ऐसा करने से ब्राउन फैट को भेड़ों में इंजेक्ट करने पर उनके शरीर ने इसे अस्वीकार नहीं किया। इस ब्राउन फैट को एक मोटी भेड़ में डाला गया। जैसी कि उम्मीद थी अधिक मात्रा में ब्राउन फैट वाली भेड़ दुबली हो गई और उसमें चयापचय सिंड्रोम तथा मधुमेह भी खत्म हो गया।

इस संदर्भ में डा. शिन्या यामानाका द्वारा वयस्क कोशिकाओं को उनकी मूल भ्रूण अवस्था में लाने का काम महत्वपूर्ण साबित हुआ। इसके लिए उन्होंने चार प्रकार के जीन को सक्रिय किया था जिन्हें यामानाका कारक कहा जाता है। ये कारक एक तरह से स्विच का काम करते हैं। भ्रूणीय अवस्था में आने के बाद ए कोशिकाएं ब्राउन फैट, व्हाइट फैट, हृदय। लीवर या गुर्दे वगैरह की कोशिकाएं बनाने में सक्षम हो जाती हैं। ब्राउन फैट को उपयोग करने में एक बड़ी समस्या रही है कि ब्राउन फैट द्वारा किए जाने वाले कार्यों को व्हाइट फैट में प्रोग्राम किया जाए। यह अब संभव हो गया है। डेलावेयर स्थित एक समूह ने एक मान्य उपचार के माध्यम से कुछ महिलाओं में निष्क्रिय ब्राउन फैट को सक्रिय किया तथा व्हाइट फैट को ब्राउन में भी परिवर्तित किया। इसकी मदद से व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने की तकनीकें विकसित की जा सकेंगी। यह ब्राउन फैट आपके वजन को कम करने के साथ मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, अस्थि रोग और डिमेंशिया के जोखिम को भी कम करेगा। यह तकनीक जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। गौरतलब है कि 1974 से मधुमेह, अस्थिरोग और कैंसर जैसे बीमारियों के लिए व्हाइट फैट का बढ़ता स्तर सबसे बड़ा कारण है। इसके अलावा थकान और ताकत की कमी जैसे बुढ़ापे के लक्षणों के पीछे का कारण भी शरीर की अतिरिक्त वसा है। वसा के बढ़ने से जीवन प्रत्याशा में भी कमी आई है। यदि वैज्ञानिक मनुष्यों में व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने का रास्ता खोज निकालते हैं तो इससे कई बीमारियों के जोखिम में कमी आ सकती है।

**...स्रोत फीचर्स**

# फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात

भारतीय शोधकर्ताओं ने धान के पौधे से एक बैक्टीरिया खोजा है, जो रोगजनक फंगस (फफूंद) को खाता है, साथ ही शोधकर्ताओं ने उस बैक्टीरिया में एक फंगल-रोधी प्रोटीन की भी पहचान की है, जो कई तरह के फंगल इनफेक्शन से लड़ने में मददगार हो सकता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार बीजी-9562 नामक यह नया प्रोटीन पौधों के साथ-साथ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं में होने वाले फंगल इनफेक्शन को रोकने में कारगर साबित हो सकता है। यह शोध नई दिल्ली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च (एनआईपीजीआर) के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में शामिल प्रमुख शोधकर्ता डा. गोपालजी झा ने बताया कि बीजी-9562 एक फंगल-रोधी प्रोटीन है, जो फंगल-भोजी बैक्टीरिया बर्खोल्डेरिआ ग्लैडिओली के एक रूप एनजीजे 1 में पाया जाता है। एनजीजे 1 फंगस पर आश्रित रहता है और उसकी कोशिकाओं को नष्ट करने की क्षमता रखता है। धान की शीथ ब्लाइट नामक बीमारी के लिए जिम्मेदार फफूंद राइजोक्टोनिया सोलानी के नियंत्रण में एनजीजे 1 को प्रभावी पाया गया है, लेकिन पहले वैज्ञानिकों को यह मालूम नहीं था एनजीजे 1 में पाए जाने वाले इस गुण के लिए कौन-सा तत्व जिम्मेदार है। हालांकि अव वैज्ञानिकों का मानना है कि फफूंद को अपना भोजन बनाने के गुण के कारण किसी अन्य फंगल-रोधी बैक्टीरिया की अपेक्षा एनजीजे 1 ज्यादा प्रभावी जैव नियंत्रक साबित हो सकता है। यह अध्ययन हाल में शोध पत्रिका नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित किया गया है। डा. झा के अनुसार बीजी-9562 प्रोटीन फंगल-रोधी



उपचार में कई तरीकों से उपयोगी हो सकता है। उदाहरण के लिए इस प्रोटीन के उपयोग से तैयार मिश्रण खेतों में छिड़ककर फसल को रोगों से बचा सकते हैं।

फंगल संक्रमण के उपचार के लिए दवा बनाने में भी यह कारगर हो सकता है। इसके अलावा फंगल-रोधी पौधे विकसित करने में भी ट्रांसजीन के रूप में बीजी-9562 जीन का उपयोग हो सकता है। दुनिया भर में रोगजनक फफूंद कई रूपों में खतरा बने हुए हैं। राइजोक्टोनिया सोलानी, मैग्नापोर्थ ओराइजे, फ्यूसिरियम ऑक्सिसपोरम, एस्कोकाईटा रैबेई और वेंचुरिया इनैक्वालिस नामक फंगस पौधों के कुछ प्रमुख रोगजनक माने जाते हैं। कुछ फफूंद जैसे कि कैंडिडा एल्बिकैन्स मनुष्य और जानवरो में भी फंगल संक्रमण का कारण होते हैं। इनके नियंत्रण के प्रभावी उपाय खोजे जा रहे हैं। इस लिहाज से यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में डा. गोपालजी झा के अलावा दुर्गा माधव स्वैन, सुनील कुमार यादव, ईशा त्यागी, राहुल कुमार, राजीव कुमार, श्रेयान घोष और जयती दास शामिल थे।

# बच्चों के दोस्त बनकर रहें

आज फैशन, लाइफ स्टाइल, करियर, दोस्त और एजुकेशन को लेकर युवाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है। घर का बच्चा कब जागता है, कब खाता है, क्या खाता है, कहां जाता है, कौन दोस्त है, उसकी पढ़ाई कैसी चल रही है, उसके मन-मस्तिष्क में किस तरह के झंझावात चल रहे हैं, आज घर वालों को इन बातों का रत्तीभर भी अंदाजा नहीं है। युवाओं के मन-मस्तिष्क को समझने वाले साइकोलॉजिस्ट कहते हैं कि बच्चे से युवा होते किशोर सबसे ज्यादा अपने दोस्तों से प्रभावित होते हैं। उन्हीं के हिसाब से फैसले लेते हैं, वे किसी भी मामले में पीछे नहीं रहना चाहते। लिहाजा जिद्दी हो जाते हैं, यही जिद उन्हें तनाव की तरफ ले जाती है। जीवन के प्रति आज बड़ों और युवाओं का नजरिया अलग-अलग है। आसानी से चीजों की प्राप्ति के लिए युवाओं के पास कई तरह के रास्ते हो सकते हैं, उन्हें कतार में खड़े रहना पसंद नहीं, जबकि बुजुर्ग रिश्तों की प्रतिबद्धता में विश्वास रखते हैं। उन्हें लगता हैं कि उनका बच्चा परिवार और पारिवारिक रिश्तों के प्रति जिम्मेदार है, जबकि युवाओं का अधिकांश वक्त दोस्तों और सोशल साइट्स पर बीत रहा है। न्यूक्लियर फैमिली की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बच्चों के लिए माता-पिता के पास वक्त नहीं है। उनकी हर जिद को पूरा करके माता-पिता सोचते हैं कि उनका बच्चा आइडियल संतान बन रहा है। महानगरों में कार्यरत माता-पिता नौकरीपेशा होते हैं। लिहाजा बच्चा किशोरवय की दहलीज पर पहुंचते-पहुंचते भटकाव के रास्ते पर आ खड़ा होता है। जिन तीन मामलों का ऊपर जिक्र किया उन तीनों में एक बात समान है कि तीनों युवाओं से घर वालों की बातचीत ज्यादा नहीं हो रही थी। माता-पिता सुबह काम पर चले जाते हैं। बच्चे को अगर किसी चीज की जरूरत होती है तो उसे झटपट पूरा करने के बाद वे समझ जाते हैं कि बच्चा खुश है। हमारा सामाजिक परिवेश तेजी से बदल रहा है। महानगरीय स्वरूप तीन दशकों में बिल्कुल बदल गया है। दादा-दादी, नाना-नानी, बुआ, चाचा फ्लैट कल्चर में समा नहीं पाते। इसका गंभीर प्रभाव युवाओं पर बुरा असर डाल रहा है। एक वक्त था जब दादा, चाचा, बुआ पल भर में बच्चे की मानसिक स्थिति को समझ जाते थे। उनके मन में क्या चल रहा है, समाज को समझने के लिए उनका नजरिया क्या होना चाहिए, पढ़ाई के दबाव से वे कैसे बाहर निकलेंगे, इन बातों के हल के लिए परिवार में मौजूद लोगों के पास सटीक नुस्खे होते थे। अवसाद से घिरा युवा समझ नहीं पाता कि कहां जाऊं और किससे बात करूं। इसीलिए घर से ज्यादा वक्त किशोर दोस्तों के साथ बिताना चाहता है। स्कूल में पढ़ाई का आधे से ज्यादा काम फेसबुक, मेल-आईडी और व्हाट्सएप के जरिए पूरा हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के इस्तेमाल को शिक्षा से ज्यादा किशोर दूसरी चीजों में कर रहे हैं। स्कूलों की प्राथमिकताएं भी आदर्श छात्र बनाने से कहीं ज्यादा हाई-टेक स्कूल बनाने में है। देश की शिक्षा नीति सूचना प्रौद्योगिकी की तो हिमायत करती है, मगर इसका मतलब यह नहीं कि अध्यापक इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ही क्लासरूम का स्मार्टबोर्ड बना लें। एकल परिवार की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि वह बच्चे से अत्याधिक अपेक्षाएं रखते हैं। मनोचिकित्सक कहते हैं कि बच्चों के दोस्त बनकर उनकी भावनाओं को समझा जा सकता है। उनकी तुलना किसी दूसरे से करने पर उनके किशोरमन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। परिजनों को समझना होगा कि हमारा बच्चा क्या चाहता है और उसकी चाहत का क्या मतलब है। बच्चों को समझाएं कि बदलाव जीवन का हिस्सा है। माता-पिता बच्चों के साथ उनके मन की बातों को साझा करें। बच्चों को मानसिक तौर पर मजबूत बनाएं। पढ़ाई के साथ ही घर के कामकाज में भी उनकी भागेदारी तय करें। खुद पर नियंत्रण रखने की सीख दें। दूसरों को सम्मान देने की शिक्षा दें। बच्चों से कहें कि उनकी बौद्धिक क्षमता बहुत अच्छी है। बच्चों के साथ भेदभाव वाला बर्ताव न करें। माता-पिता अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। तभी हम किशोरों को बिखराव से बचा सकते हैं।



कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के रेडवानी बाला में भारतीय सेना की 1 राष्ट्रीय राइफल्स (महार रेजिमेंट) द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कतार में प्रतीक्षा करते ग्रामीण।

## विद्रोहियों की कैद में रहा भारतीय रिहा, ओमान ने की छुड़ाने में मदद

**सना।** युद्धग्रस्त यमन में हूती विद्रोहियों की हिरासत में लगभग पांच महीने तक रखे गए एक भारतीय नागरिक को रिहा कर दिया गया है। केरल के रहने वाले अनिल कुमार रवींद्रन कार्गो जहाज एमवी इटर्निटी सी के क्रू सदस्य थे और उन्हें 7 जुलाई से हिरासत में ले लिया गया था। विदेश मंत्रालय ने रवींद्रन की रिहाई का स्वागत किया है। मंत्रालय ने बताया कि वह मंगलवार को मस्कट पहुंच चुके हैं और जल्द ही भारत लौटने वाले हैं। मंत्रालय के मुताबिक, उनकी सुरक्षित रिहाई और वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार लगातार अलग-अलग पक्षों के साथ समन्वय में लगी हुई थी। बयान में कहा गया कि भारत सरकार इस रिहाई को संभव बनाने में सहयोग के लिए ओमान की सल्तनत की आभारी है।

## मोजाम्बिक में विस्थापितों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने उत्तरी मोजाम्बिक प्रांत में हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित किया। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने गुरुवार को दी। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर महासचिव एवं आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ्लेचर ने नामपुला प्रांत में 120000 विस्थापित लोगों के लिए केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष (सीईआरएफ) से बुधवार को सहायता जारी की है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि मंगलवार तक लगभग एक लाख लोग मध्य नवम्बर में प्रांत में हिंसा फैलने के बाद से अपने घरों से पलायन कर चुके हैं।

# अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश

### कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला, इस साल 8वीं बार क्रैश हुआ अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गुरुवार को यूएस एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। हादसा भारतीय टाइम के मुताबिक रात करीब 12:30 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया में ट्राना शहर के एक रेगिस्तान में हुआ।

विमान ट्राना एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर गिरा। एयरपोर्ट मैनेजर ने बताया कि इस इलाके में अक्सर मिलिट्री विमान उड़ते रहते हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था और पायलट पैराशूट के सहारे बाहर निकल आया। जमीन से टकराते ही विमान में बड़ा धमाका हुआ और काला धुआं आसमान में भर गया। इस साल यह आठवीं बार है जब एफ-16 क्रैश हुआ है। सबसे ज्यादा 3 बार यूक्रेन, 2 बार अमेरिका के अलावा यह फाइटर जेट पोलैंड, जापान और साउथ कोरिया में क्रैश कर चुका है।



■ सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था

एयरफोर्स के 2021 के डेटा के मुताबिक एक एफ-16 फाइटिंग फाल्कन की कीमत लगभग 18.8 मिलियन डालर (करीब 1.70 हजार करोड़ रुपये) है। यह एयरक्राफ्ट थंडरबर्ड्स स्क्वाड्रन का था। यह टीम लास वेगास के पास नेलिस एयरफोर्स बेस से काम करती है और अपने एयर शो और खतरनाक स्टंट्स के लिए दुनियाभर में जानी जाती है। थंडरबर्ड्स टीम ने बताया कि ट्रेनिंग मिशन के दौरान पायलट विमान से सफलतापूर्वक बाहर निकल गया। पायलट को मामूली चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोकल फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने बताया कि घटनास्थल पर सिर्फ पायलट मौजूद था और आग से आसपास के इलाके को कोई खतरा नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक सुबह 6 थंडरबर्ड्स जेट ट्रेनिंग के लिए उड़े थे, लेकिन सिर्फ पांच ही लौटे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक विमान चाइना लेक नेवल एयर वेपन्स स्टेशन के पास गिरा। यह रीजन मिलिट्री ट्रेनिंग के लिए अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। थंडरबर्ड्स के एयर शो और ट्रेनिंग मिशन में एफ-16 फाइटिंग फाल्कन खास रोल निभाता है। एयरफोर्स की 57जी विंग पब्लिक अफेयर्स आफिस के मुताबिक हादसे की जांच जारी है और क्रैश साइट की जांच पूरी होने के बाद और जानकारी शेयर की जाएगी। एफ-16 अमेरिका का मल्टी-रोल फाइटर जेट है, जिसे 1970 के दशक में जनरल डायनामिक्स ने बनाया था।


# पाक पीएम-आर्मी चीफ पर बैन की मांग

### 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी, कहाः पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं।

यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। इनमें वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल है। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले उनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। सी तरह मशहूर संगीतकार सलमान अहमद के जीजा का भी अपहरण हुआ था, जिन्हें अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद ही छोड़ा गया। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है। उनके अनुसार विपक्षी नेता बिना आरोप के जेल में डाले जा रहे हैं। आम नागरिकों को सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट पर गिरफ्तार किया जा रहा है। महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों और खासकर बलूचिस्तान के लोगों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। सांसदों ने 2024 के आम चुनावों में हुई धांधली का भी जिक्र किया, जिस पर स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' के अलावा खुद अमेरिकी विदेश विभाग ने भी गहरी चिंता जताई थी और पूरी जांच की मांग की थी। चिट्ठी में कहा गया कि 2024 के पाकिस्तानी चुनावों में भयंकर धांधली हुई थी। इसकी पूरी दुनिया ने निंदा की और एक स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' में सारी गड़बड़ियों का सबूत के साथ दस्तावेज तैयार किया गया है। इन चुनावों के जरिए सिर्फ एक कठपुतली सरकार बनाई गई है, जो बाहर से सही लगती है लेकिन असल में इसे सेना चलाती है। अमेरिका के विदेश विभाग ने भी उस समय कहा था कि चुनाव में बहुत बड़ी गड़बड़ी हुई है और इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। अब हालत यह है कि सेना के दबाव में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुना दिया कि आम नागरिकों का केस भी सैन्य अदालतों में चल सकता है। इससे अदालतें पूरी तरह सेना के कंट्रोल में आ गई हैं और जो अधिकारी या जनरल जुल्म करते हैं, उन्हें सजा मिलने का कोई रास्ता ही नहीं बचा। 44 सांसदों ने लेटर पर साइन करके इसे अमेरिकी विदेश मंत्री के पास भेजा। आसिम मुनीर 2025 में दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल चुके हैं। 18 जून को ट्रम्प ने उन्हें लंच के लिए व्हाइट हाउस बुलाया था। इस दौरान दोनों ने बंद कमरे में बैठक की थी।

अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया था। इसके बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सितम्बर में ट्रम्प से मुलाकात की थी। तीनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। अमेरिकी सांसदों ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और दूसरे राजनीतिक कैदियों की रिहाई की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन से आग्रह करते हैं कि जो अधिकारी नागरिकों की कानूनी आजादी को कमजोर कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। सांसदों ने आगे कहा कि ऐसे कदम मानवाधिकारों के तरफ अमेरिका की जवाबदेही को दिखाएंगे। पाकिस्तानी अमेरिकी नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय दमन से बचाएंगे और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देंगे। इमरान खान पिछले दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। पिछले कुछ दिनों से इमरान के परिवार को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा था।



■ पाक में सेना सरकार चला रही है आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा
■ पत्रकारों को धमकाकर देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा

### क्या प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं...

**वाशिंगटन।** सांसदों के पत्र के अनुसार, शरीफ और मुनीर सहित वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, जो अमेरिकी कानूनों के तहत संभव हैं। वीजा बैन-अमेरिका में यात्रा पर पूर्ण रोक, जिससे ये अधिकारी या उनके परिवार अमेरिका में कदम नहीं रख सकेंगे। यह उन अधिकारियों पर लागू होगा जो अमेरिकी नागरिकों या निवासियों को धमकाने, उनके पाकिस्तानी परिजनों का अपहरण कराने या हिंसा भड़काने के लिए जिम्मेदार पाए जाते हैं। संपत्ति जब्ती-अमेरिका या अमेरिकी प्रभाव वाले देशों में इनकी किसी भी संपत्ति, बैंक खातों या वित्तीय लेन-देन पर रोक। यह ग्लोबल मैग्निट्सकी एक्ट के तहत किया जा सकता है, जो मानवाधिकार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आर्थिक दबाव डालता है।

## कट्टरपंथी विश्व अमेरिका के लिए खतराः मार्क रूबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने चेतावनी दी कि कट्टरपंथी इस्लाम की 'ज्यादा क्षेत्रों और अधिक लोगों को नियंत्रित करने' की महत्वाकांक्षा दुनिया के लिए एक 'आसन्न खतरा' है। विदेश मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अमेरिका नाइजीरिया और विश्व स्तर पर 'ईसाइयों के खिलाफ हिंसा को धन मुहैया कराने या उनका समर्थन करने वालों' के लिए वीजा प्रतिबंधित करेगा। रूबियो ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कट्टरपंथी इस्लामवादियों को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया और दावा किया कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) अमेरिका को 'पृथ्वी पर बुराई का मुख्य स्रोत' मानते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि यह विचार इराक या सीरिया के किसी प्रांत को नियंत्रित करके ही संतुष्ट रहेगा, ऐसा इतिहास से सिद्ध नहीं होता है। इराक या सीरिया ने दिखाया है कि उनकी इच्छा सिर्फ दुनिया के एक हिस्से पर कब्जा करके अपने छोटे से खलीफा से संतुष्ट होना नहीं है, वे विस्तार करना चाहते हैं। रूबियो ने ईरान का हवाला देते हुए जोर देकर कहा कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) प्रभाव हासिल करने के लिए और विभिन्न संस्कृतियों एवं समाजों पर हावी होने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

## इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को करीब दो माह का समय बीतने वाला है, लेकिन अभी भी तनाव बना हुआ है और संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं। ताजा इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत हो गई है। गाजा सिविल डिफेंस एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है।

वहीं इजरायल का दावा है कि हमास के लड़ाकों ने उसके सैनिकों पर हमला किया, जिसमें उसके पांच सैनिक घायल हो गए। गाजा की सिविल डिफेंस एजेंसी ने बताया कि इजरायली मिसाइल हमले में पांच नागरिकों की मौत हुई है, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ।

एजेंसी ने बताया कि कुवैत के फील्ड अस्पताल के पास स्थित शरणार्थी कैंप में यह हमला हुआ। गाजा के एक अस्पताल ने भी हमले में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में आठ और 10 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि हमले में 32 लोग घायल हुए हैं। वहीं इजरायली सेना ने बयान जारी कर कहा कि दक्षिणी गाजा में 'हमास के लड़ाकों' ने उनके जवानों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पांच जवान घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत बेहद गंभीर है। इजरायल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम समझौता हुआ था। संघर्ष विराम के बाद दोनों तरफ से सक्रिय और बड़े हमले तो रुक गए हैं, लेकिन इसके बावजूद छिटपुट हिंसा की घटनाएं अभी भी जारी हैं और दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगा रहे हैं।



■ संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं
■ यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ

## चीन में नई शहरीकरण रणनीति लागू करने का आग्रह

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने जन-केंद्रित नई शहरीकरण रणनीति को लागू करने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के एकीकृत विकास में निहित घरेलू मांग को खोलने और आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों का आग्रह किया। ली ने यह टिप्पणी बुधवार को राज्य परिषद के एक सत्र की अध्यक्षता करते हुए की। ली ने कहा कि घरेलू मांग का विस्तार करने, औद्योगिक उन्नयन को बढ़ावा देने और घरेलू खपत को मजबूत करने के लिए नई शहरीकरण रणनीति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में पूरे देश में इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और 15वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2026-2030) में नए शहरीकरण के विकास के लिए बहुत गुंजाइश है।

## भारत ने श्रीलंका को बेली ब्रिज और जल-शोधन इकाइयां भेजीं

**कोलंबो।** भारत ने तूफान प्रभावित श्रीलंका को बैली पुल और सैकड़ों जल-शोधन इकाइयां भेजी हैं। यह कदम मानवीय सहायता के तहत अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए उठाया गया है।

द्वीप राष्ट्र में चक्रवात दित्वाह के कारण भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं और बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ। इससे कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता पर भारी दबाव पड़ा है। बुधवार शाम तक विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में 479 लोग मारे गए और 350 लोग लापता हैं। यह स्थिति 16 नवम्बर से चरम मौसम की वजह से बनी है। भारतीय वायुसेना के एक विमान ने बैली पुल और 500 जल-शोधन इकाइयां पहुंचाई, ताकि तूफान प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। भारतीय उच्चायोग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, आपरेशन सागर बंधु के तहत फासलों को पाटा जा रहा है और उम्मीद की किरण जगी है। एक सी-17 विमान 500 जल शोधन इकाइयों के साथ बेली ब्रिज पर उतरा है, जिससे अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उच्चायोग ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि दोनों देशों के बीच डिजिटल माध्यम से भी आपदा प्रबंधन सहयोग जारी है।

## वियतनाम प्रौद्योगिकी नवाचार में 34 करोड़ अमरीकी डॉलर निवेश करेगा

**हनोई।** वियतनाम सरकार अगले वर्ष से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अपने वार्षिक बजट की चार प्रतिशत राशि आवंटित करेगी, जो नौ खरब वियतनामी डोंग के बराबर है। यह जानकारी वीएनइकोनॉमी ने गुरुवार को दी। कुल निवेश में से सार्वजनिक निवेश 5.5 खरब वियतनामी डोंग से अधिक होगा। नगर निगम की पीपुल्स कमेटी के उपाध्यक्ष त्रुओंग वियत डुंग ने कहा कि 2025 में आठ से 10 प्रतिशत और 2026 में 11 प्रतिशत के विकास लक्ष्य को बनाए रखने के लिए शहर के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# यूक्रेन युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत मुश्किल काम

### अमेरिकी प्रतिनिधियों की बैठक के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने जारी किया बयान

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बयान में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों से हुई बातचीत जरूरी और काम की थी, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि ये एक मुश्किल काम भी है।

पुतिन ने बताया कि कई प्रस्तावों पर क्रेमलिन सहमत नहीं है। पुतिन का यह बयान मास्को में अमेरिकी प्रतिनिधियों जेरेड कुशनर और स्टीव विटकाफ के साथ रूसी अधिकारियों की पांच घंटे लंबी बैठक के बाद सामने आया है। बैठक में रूस की ओर से राष्ट्रपति पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव और विशेष दूत किरिल दिमित्रिव शामिल हुए। बैठक के बाद यूरी उशाकोव ने कहा कि अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के कुछ प्रस्तावों पर रूस सहमत है, लेकिन कुछ प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि अमरीका ने 28-सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है, जिसे यूक्रेन और यूरोपीय देशों के विरोध के बाद संशोधित किया गया है। इस शांति प्रस्ताव के कुछ प्रावधानों पर रूसी राष्ट्रपति सहमत हैं, लेकिन कुछ पर उन्हें आपत्ति है। उसी तरह यूक्रेन ने भी कुछ मुद्दों पर सहमति तो कुछ को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति ने रूसी और अमेरिकी अधिकारियों की बैठक के बाद कहा कि यह एक जरूरी और काम की बातचीत थी। यह मुश्किल काम है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन की पहल पर रूस-यूक्रेन युद्ध में शांति की कोशिशों में तेजी आई है।

हालांकि रूस और यूक्रेन को 'रेड लाइन्स' प्रस्तावों को सुलझाना अभी भी टेढ़ी खीर बना हुआ है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ रूसी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात से पहले यूरोप को धमकी देते हुए कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं चाहते, लेकिन अगर यूरोप जंग चाहता है तो हम तैयार हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं करने जा रहे हैं, मैंने पहले ही कहा है। लेकिन अगर यूरोप अचानक हमारे साथ जंग छेड़ना चाहता है, तो हम तुरंत तैयार हैं। उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर यूरोप रूस के साथ जंग शुरू करता है, तो श्ऐसी स्थिति बन सकती है जिसमें बातचीत करने के लिए कोई नहीं होगा।



■ शांति प्रस्ताव के कुछ बिंदुओं पर रूस की असहमति

# हसीना के बेटे सजीब वाजेद के गिरफ्तारी वॉरंट जारी

### जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप लगाए गए

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतर्राष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जाय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

ट्राइब्यूनल ने बताया कि जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। इसी मामले में तत्कालीन आईसीटी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है, जो पहले से जेल में हैं। जाय हसीना सरकार में आईसीटी मामलों के सलाहकार थे। हालांकि वो अमेरिका में रहते हैं और ट्राइब्यूनल के समन का अब तक जवाब नहीं दे रहे हैं। अभियोजकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप स्पष्ट हैं और ट्रायल में अनुपस्थित रहने के कारण अब गिरफ्तारी वारंट आवश्यक हो गया। जुलाई 2025 में छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक जनआंदोलन ने शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंका। यह आंदोलन बाद में जुलाई विद्रोह के नाम से जाना गया। आंदोलन के दौरान भारी हिंसा हुई और अंतरिम सरकार ने जनवरी में 834 जुलाई योद्धाओं की मौतों की सूची जारी की। वहीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच 1400 मौतों का अनुमान दिया था, जिसमें पुलिस और अवामी लीग कार्यकर्ताओं के खिलाफ बदले की हिंसा भी शामिल थी। इसी विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में ट्राइब्यूनल ने पहले ही शेख हसीना और उनके तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल को मौत की सजा सुनाई है। उनका ट्रायल अनुपस्थिति में हुआ क्योंकि दोनों देश छोड़ चुके थे। अदालत ने माना कि आंदोलन को कुचलने के लिए सरकारी कार्रवाई बेहद क्रूर और योजनाबद्ध थी, जिसमें बड़े पैमाने पर हत्याएं और दमन शामिल था। ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को एक और मामले में पूर्व विधि मंत्री अनिसुल हक और पूर्व निवेश सलाहकार सलमान एफ. रहमान के खिलाफ भी औपचारिक आरोप स्वीकार कर लिए। यह मामला कर्फ्यू लागू होने के बाद कथित सामूहिक हत्याओं से जुड़ा है। दोनों नेता पहले से जेल में हैं और अदालत ने उन्हें 10 दिसम्बर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इसी मामले में पूर्व आईसीटी राज्य मंत्री पलक को भी अदालत में पेश होना होगा। इन कार्रवाइयों के बाद बांग्लादेश की राजनीति में तनाव और गहराता दिख रहा है।



■ हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है
■ जाय हसीना सरकार में ICT मामलों के सलाहकार थे

